फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -195, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 16

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 15

## अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर, एजेंसी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

## रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

लखनऊ। सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।

## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल



शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

**अमृत विचार** : योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। जो चार मंत्री बनाए गए हैं उनमें दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से व दो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं।

### ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

**ओमप्रकाश राजभर** : गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष। योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे।

**दारा सिंह चौहान** : मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

**सुनील शर्मा** : 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल की। 2 लाख 14 हजार 386 वोटों से सपा गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को हराया।

**अनिल कुमार** : मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।

### एक नजर

#### प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

**श्रीनगर**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी। मोदी श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में सार्वजनिक रैली को संबोधित करेंगे। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री की हाईप्रोफाइल दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपाय बढ़ाए गए हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

#### स्पाइसजेट ने 1.12 करोड़ डॉलर का विवाद निपटाया

**नई दिल्ली**। आर्थिक संकट में फंसी एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि उसने 1.12 करोड़ डॉलर की राशि से जुड़े विवाद में विमान पट्टे पर देने वाली कंपनी क्रॉस ओशन पार्टनर्स के साथ समझौता कर लिया है। एयरलाइन ने कहा कि इस विवाद निपटान समझौते के तहत बिना किसी अतिरिक्त लागत के एयरफ्रेम और इंजन के हस्तांतरण से उसे लाभ होगा। स्पाइसजेट ने बयान में कहा कि क्रॉस ओशन पार्टनर्स की तरफ से दायर याचिका पर दोनों पक्षों ने दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष यह संयुक्त घोषणा की।

# निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है।

इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ और 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ का प्रावधान किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

### सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी



सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

### राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

## खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को शासन ने जारी किए 23 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन जिलों में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान
- प्रदेश के अन्य जिलों का सर्वे भी पूरा, जल्द भेजा जाएगा मुआवजा

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। जबकि ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

## 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी



- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और कैफे विस्फोट मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है। उधर, एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

### शिवकुमार-सिद्धरमैया को मिला धमकी भरा मेल



सिद्धरमैया



डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु**। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि उन्हें और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को एक ईमेल मिला है जिसमें 25 लाख अमेरिकी डॉलर (20.7 करोड़ रुपये) का भुगतान नहीं करने पर राज्य में विस्फोट करने की धमकी दी गई है। राज्य कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उन्होंने ईमेल को पुलिस अधिकारियों को भेज दिया है और पुलिस ईमेल भेजने वाले का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप, लॉग इन न होने से लोग रहे परेशान

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत सहित कई देशों में असर जीमेल-यूट्यूब भी प्रभावित

जीमेल, यूट्यूब, फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों के तमाम उपयोगकर्ताओं को मंगलवार को भारत समेत दुनिया के कई हिस्सों में अपने खातों के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। गूगल और मेटा के अधीन संचालित विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर उपयोगकर्ताओं के खाते अचानक ही निष्क्रिय नजर आने लगे। उन्हें इन खातों को खोलने पर अचानक एप बंद होने की स्थिति का सामना करना पड़ रहा था। सोशल मीडिया नेटवर्क पर होने वाली गड़बड़ियों पर नजर रखने वाले मंच डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, गूगल और मेटा के विभिन्न ऐप में नेटवर्क खराब होने की समस्या भारतीय समयानुसार रात नौ बजे के आसपास आई थी।

लोगों की शिकायत है कि उन्हें फेसबुक, इंस्टाग्राम, जीमेल, यूट्यूब के खातों से लॉग-आउट कर दिया गया है। रोबोज डॉटइन टेक के सीईओ मिलिंद राज ने कहा कि मुझे संदेह है कि यह एक वैश्विक साइबर हमला है। फेसबुक और इंस्टाग्राम का संचालन करने वाली कंपनी मेटा के संचार निदेशक एंडी स्टोन ने कहा कि हम समस्या दूर करने पर काम कर रहे हैं।

## भारतीय एप को बहाल करने पर सहमत हुआ गूगल

**नई दिल्ली**। प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है। गूगल ने भुगतान निर्देशों का पालन नहीं करने का हवाला देते हुए शुक्रवार को प्ले स्टोर से एक दर्जन डेवलपर्स के एप को हटा दिया था।

## एसपी ऑफिस पर आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहन को लेकर था विवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली से था आहत
- 50 फीसदी झुलसने पर लखनऊ रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

**अमृत विचार** : पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली(45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। – **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

# मौलाना तौकीर 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

### कोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, बरेली



- कोर्ट ने जारी किया आदेश, 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी माना तौकीर का सहयोगी
- भड़काऊ भाषण देने का आरोप होने के बावजूद हटा दिया था चार्जशीट से नाम

**अमृत विचार** : फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।

शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश, क्रिमिनल लॉ एक्ट, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने विचारण के दौरान पाया कि केस फाइल में यह तथ्य है कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। लेकिन इसके बावजूद चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने गवाही दर्ज कराई। इस दौरान उन्होंने विवेचना में सामने आए तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन मौलाना तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। इसके बाद कोर्ट ने मौलाना तौकीर को दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए अगली सुनवाई पर तलब कर लिया। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

## नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप

**अमृत विचार**: एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## एक नजर

### घर में अकेली युवती से छेड़छाड़, मारपीट

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता ने घर में अकेली बहन से छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिवक्ता के अनुसार 28 फरवरी को घर पर उनकी बहन अकेली थी। तभी गांव के कर्मेंद्र, अभिषेक, विकास व तीन चार अज्ञात लोग लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर घर में घुस गए। आरोपियों ने बहन को बुरी नीयत से खींचा। किसी तरह बहन ने खुद की जान बचाई। सचेंडी थाना प्रभारी ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### शिवरात्रि और रमजान को लेकर बैठक

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने शिवरात्रि और रमजान के मद्देनजर थाना चकेरी, जाजमऊ की संयुक्त पीस कमेटी की मीटिंग की। एसीपी चकेरी, प्रभारी निरीक्षक चकेरी, जाजमऊ व कमेटी के पदाधिकारी व सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

# एक करोड़ खर्च कर दीप से बन गई दीपा फिर भी मिला धोखा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्यार की खातिर कराया लिंग परिवर्तन और सर्जरी, धोखा मिलने पर प्रेमी के चाचा की कार में आग लगा दी
- श्याम नगर में ट्रांसजेंडर ने दोस्त के साथ मिलकर पेट्रोल डालकर फूंक डाली थी कार
- चकेरी पुलिस ने किया खुलासा, ट्रांसजेंडर समेत दो को भेजा जेल

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के श्यामनगर में रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी कार को पेट्रोल डालकर आग लगाने की घटना का पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने बताया कि इंदौर की एक ट्रांसजेंडर दीप से श्यामनगर के रेस्टोरेंट संचालक ने प्यार का नाटक किया। ट्रांसजेंडर ने एक करोड़ रुपये खर्च कर लिंग परिवर्तन, चेहरे और ब्रेस्ट की सर्जरी कराई लेकिन प्रेमी शादी से मुकर गया। धोखा मिलने पर बदला लेने के लिए ट्रांसजेंडर ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बेवफा प्रेमी के चाचा की कार में आग लगाई थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से ट्रांसजेंडर और उसके दोस्त को दबोच लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

श्याम नगर रामपुरम निवासी अनूप कुमार शुक्ला ने बताया था कि उनका स्टूडियो है। वे घर के बाहर पार्किंग में कार खड़ी करते हैं। रविवार देर रात कार धू-धू कर जलने लगी थी। घटना वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गई थी। जहां एक युवक गेट खोलकर अंदर घुसा इसके बाद हाथ में लिए बोतल से कार की छत पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। मंगलवार को डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि कार मालिक अनूप कुमार शुक्ला के भतीजे रेस्टोरेंट संचालक वैभव शुक्ला की इंदौर निवासी ट्रांसजेंडर दीप तनवानिया से नजदीकी थी। इंस्टाग्राम के जरिए दोनों में दोस्ती हुई थी। वैभव ने उससे शादी करने का झांसा दिया था। शर्त थी कि लिंग परिवर्तन कराना पड़ेगा। इसके बाद ट्रांसजेंडर दीप तनवानिया ने करीब 60 से 65 लाख रुपये खर्च करके अपना जेंडर चेंज कराया था। इसके बाद 40 लाख रुपये ज्यादा खर्च करके अपनी ब्रेस्ट सर्जरी और फेस सर्जरी कराई थी जिससे कि वह लड़कियों जैसे दिखे। करीब एक करोड़ रुपये खर्च करने के बाद भी वैभव शादी से मुकर गया और कहा कि तुम्हारे बच्चे नहीं हो सकते हैं। इसी खुन्नस में दीप तनवानिया अपने साथी भोपाल निवासी रोहन यादव के साथ कानपुर पहुंची। इसके बाद दोनों ने 500 रुपये में किराये की स्कूटी ली और पेट्रोल फुल कराया। इसके बाद सुनसान जगह पर बोतल में पेट्रोल निकालकर बदला लेने के लिए रेस्टोरेंट के बाहर खड़ी वैभव शुक्ला के चाचा की कार को पेट्रोल डालकर फूंक दिया था। वारदात को अंजाम देकर दोनों आरोपी भाग निकले थे।

पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की मदद से इंदौर जा रही बस का पीछा करके फजलगंज के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे, उपनिरीक्षक विनय कुमार बघेल, अनुज कुमार पटेल, रोहित कुमार यादव, पंकज मिश्रा शामिल रहे। डीसीपी ने बताया कि रोहन यादव के ऊपर सात से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।


जानकारी देते डीसीपी श्रवण कुमार सिंह। पीछे खड़े आरोपी। अमृत विचार

### कानपुर-इंदौर के चक्कर लगाए, नहीं मिली सजा

दीप ने कई बार कानपुर और इंदौर के थानों में चक्कर लगाए। इंदौर में केस तो दर्ज हुआ लेकिन वैभव को उसके किए की सजा नहीं मिल रही थी। पूरी पूरी रात जागते कट जाती थी। आखिर सोचा कि अपना बदला खुद ही लिया जाए। इसके बाद फिर कानपुर आई और ये कांड कर दिया।

### सब कुछ किया कुर्बान

ट्रांसजेंडर ने पुलिस को बताया कि वैभव शुक्ला से उसका तीन वर्ष से रिलेशनशिप था। उसने उससे लाखों रुपये लिए थे। उसने प्यार के खातिर सब कुछ कुर्बान कर दिया था। उसने वैभव को रेस्टोरेंट खोलने, कार खरीदने के लिए भी रुपये दिए थे। जब भी वह मिलता तो पहले बीयर पीने को मजबूर करता था, बाद में शराब पिलाने लगा था। कहता था कि अगर तुम लड़की होते तो मैं तुमसे शादी कर लेता। वैभव ने कहा कि वह अगर जेंडर चेंज करा लेगा तो वह उससे शादी कर लेगा। शादी का झांसा देकर उसने कई बार उससे अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। लगभग एक करोड़ रुपये खर्च कर उसने खुद को क्या से क्या बना लिया। वैभव ने एक होटल में ले जाकर उसके साथ संबंध बनाए। इसी दौरान वैभव ने उससे कहा कि वह बच्चे पैदा नहीं कर सकती इसलिए वह उससे शादी नहीं कर सकता। मेरे पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई।

# अब 226 करोड़ रुपये से कराया जाएगा पांच मार्गों का चौड़ीकरण

## इनमें देहात के दो मार्ग भी शामिल, पीडब्ल्यूडी को 66.18 करोड़ रुपये मिल गए

- चार अन्य सड़कों के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी

एक्सक्लूसिव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर के बदहाल पांच प्रमुख मार्गों की तस्वीर बदलने वाली है। 226.10 करोड़ की लागत से पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड की तीन व प्रांतीय खंड की दो सड़कों का चौड़ीकरण किया जाएगा, जिसकी कुल लंबाई लगभग 40.75 किलोमीटर है।

शासन से कार्य योजना को मंजूरी मिलने के साथ ही मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी को 66.18 करोड़ की राशि दे दी गई है।

जीटी रोड से टौंस नरवल, अखरी कुढ़नी मार्ग, मंधना, गंगा बैराज शुक्लागंज होते हुए लखनऊ जाने स्टेट हाईवे सहित जनपद के पांच मार्गों पर पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड व निर्माण खंड की इकाई ने सड़कों के चौड़ीकरण के लिए 226.10 करोड़ का एस्टीमेट बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा था। जिसकी शासन से स्वीकृति हो गई है। मंधना शुक्लागंज फोरलेन निर्माण के लिए गाजियाबाद की शर्मा कंस्ट्रक्शन को टेंडर भी मिल चुका है। वहीं अन्य चार सड़कों के चौड़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है। टेंडर होने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

विकास की राह


मंधना-शुक्लागंज मार्ग फोरलेन किया जा रहा है। अमृत विचार

> मार्गों पर यातायात का दबाव बढ़ने के कारण पांच सड़कों के चौड़ीकरण का एस्टीमेट तैयार किया गया था, जिसे शासन से स्वीकृति दी जा चुकी है। कुल 226.10 करोड़ का प्रोजेक्ट है, जिनमें से पहली किस्त के तौर पर 66.18 करोड़ रुपये विभाग को मिल चुके हैं। मंधना शुक्लागंज के लिए 39.84 करोड़ की पहली किस्त मिल चुकी है। अन्य चार मार्गों की टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही कार्य शुरू कराया जाएगा।
>
> **अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी**

### ये मार्ग सुधरेंगे

**कानपुर।** पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के मुताबिक सरसौल सैबसी महाराजपुर मार्ग 5.90 किलोमीटर चौड़ीकरण होगा, जिसके लिए 12.11 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। जीटी रोड से टौंस नरवल अखरी कुढ़नी मार्ग 7.40 किमी चौड़ा होगा जिसकी कुल लागत 24.16 करोड़ रुपये है। निर्माण खंड ईकाई का भौंती कलाकापुरवा दमगढ़ा पतरसा गोपालपुर कैंधा मार्ग 7.36 करोड़ की लागत से 3.20 किलोमीटर चौड़ा कराया जाएगा। 23.12 करोड़ की लागत से बिधनू किसान नगर नहर पटरी मार्ग के भैरमपुर-चंद्रहंसपुर ढहिया पंचापुरवा रमईपुर कैंधा मार्ग 7.25 किलोमीटर चौड़ा किया जाएगा। इन सभी मार्गों के चौड़ीकरण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वहीं मंधना शुक्लागंज फोरलेन 17 किलोमीटर चौड़ीकरण होगा, जिसके लिए 39.84 करोड़ रुपये की पहली किस्त के साथ अन्य मार्गों के चौड़ीकरण कुल 66.18 करोड़ रुपये पीडब्ल्यूडी को दिए गए है।

# 15 करोड़ रुपये से 12 पार्कों और ग्रीनबेल्टों का किया जाएगा सुधार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त ने दिए निर्देश कहा जल्द कार्य शुरू करायें
- अधिसूचना से पहले शुरू करने होंगे कार्य

**अमृत विचार।** नगर निगम 15वें वित्त आयोग के बजट से 12 पार्कों और ग्रीनबेल्टों को दुरुस्त करने जा रहा है। इसके लिये नगर निगम ने टेंडर भी करा लिये हैं। नगर आयुक्त ने लोकसभा चुनाव 2024 की अधिसूचना जारी होने के डर से उद्यान अधीक्षक को जल्द से जल्द कार्य आदेश जारी कर निर्माण कार्य शुरू कराने के लिये निर्देश दिये हैं। उन्होंने चेताया है कि यदि कार्यों को शुरू करने में लेट लतीफी की गई तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई होगी।

नगर निगम विकास कार्यों में लगभग 15 करोड़ रुपये खर्च करने जा रहा है। इसमें 5 करोड़ रुपये से 7 और 10 करोड़ रुपये से 5 अन्य कार्य हैं। 29 फरवरी और दो मार्च को निविदा करा ली है। नगर आयुक्त ने उद्यान अधीक्षक को पत्र जारी कर कहा है कि आचार संहिता कभी भी लग सकती है। इसलिये जिन कार्यों की निविदा स्वीकृत हो चुकी है, उनमें कार्य प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही जिनकी निविदा आमंत्रित की गई हैं, उन्हें तय समय पर समिति के सामने खोलने की कार्यवाही की जाये।


बर्रा स्थित ग्रीनबेल्ट में लोग कूड़ा डंप कर रहे हैं। अमृत विचार

### ये कार्य होने हैं

- जोन-1 वार्ड 101 के अन्तर्गत सराफा चौक स्थित श्रद्धानन्द पार्क के सुन्दरीकरण का कार्य।
- जोन 5 वार्ड 67 के अन्तर्गत पनकी स्थित अंजनी पार्क का सुधार कार्य।
- जोन-5 के अन्तर्गत रतनपुर स्थित मां रक्तामइया धाम पार्क को सुन्दरीकरण का कार्य।
- जोन-6 वार्ड91 के अन्तर्गत शास्त्री नगर स्थित तिकुनिया पार्क का सुधार कार्य।
- जोन-6 वार्ड 23 के अन्तर्गत आवास विकास स्थित अम्बेडकरपुरम मनं-8/415 के सामने पार्क का सुधार कार्य।
- जोन-6 के अन्तर्गत विजय नगर से शन्नेश्वर मन्दिर होते हुए पनकी कल्यानपुर रोड तक स्थित ग्रीनबेल्ट के सुन्दरीकरण का कार्य।
- जोन-2 के अन्तर्गत हंसपुरम स्थित पुलिया न :1 से तिवारी चौराहा तक ग्रीनबेल्ट के सुन्दरीकरण का कार्य।

# हिस्ट्रीशीटर ने गर्भवती और पति को पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हरबंश मोहाल थानाक्षेत्र में घर के बाहर कैमरे लगाने का विरोध करने पर हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर गर्भवती और उसके पति की पिटाई कर दी। वहां लगे कैमरे में घटना कैद हो गई। पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर समेत आठ आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी संबंधी धारा में रिपोर्ट दर्ज की।

हरबंश मोहाल सुतरखाना निवासी गर्भवती कायनात ने पुलिस को बताया कि घर की सुरक्षा के लिए उन्होंने कैमरे लगवाए हैं। जिसका विरोध पड़ोस में रहने वाले मोहम्मद अर्श, फरदीन, मोहम्मद साकिब, मोहम्मद अहमद उर्फ बाबी, अली, शाहीन परवीन, अदीना और रश्मी करते हैं। मोहम्मद अहमद उर्फ बाबी हिस्ट्रीशीटर है। 29 फरवरी की दोपहर आरोपी घर के बाहर आ धमके और कैमरे का विरोध कर मारपीट की। घटना पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। आरोपी उनके पति को झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी देते हैं। कायनात ने हरबंश मोहाल थाने में तहरीर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार हिस्ट्रीशीटर समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी आरोपी फरार हैं।

# हाथ, पांव और स्तन में हो सूजन तो सावधान

कार्यालय संवाददाता कानपुर

- फाइलेरिया के हो सकते हैं लक्षण, इलाज में देरी घातक
- मच्छर से बचाव और जागरूकता से रोकथाम संभव

**अमृत विचार।** हाथ, पांव व स्तन में सूजन हो तो सावधान हो जाना चाहिए क्योंकि यह लिम्फोडिमा (फाइलेरिया) का भी लक्षण हो सकता है। ऐसे में लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतनी चाहिए। साथ ही झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि जितनी देर होगी, उतनी समस्या बढ़ेगी। इसलिए अस्पताल जाकर इलाज जरूर कराएं। यह जानकारी एसीएमओ डॉ.आरपी मिश्रा ने कार्यशाला में दी।

चमनगंज स्थित हलीम मुस्लिम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में मंगलवार को लिम्फोडिमा के प्रति राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) उन्मुखीकरण पर कार्यशाला हुई। संचारी रोगों के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ.आरपी मिश्रा ने कॉलेज में सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को लिम्फोडिमा (हाथ, पांव और स्तन में सूजन) के प्रति जागरूक किया। इससे बचाव के उपाय भी बताए। बताया कि फाइलेरिया बीमारी से पीड़ित व्यक्ति की जान तो नहीं जाती है, लेकिन बीमारी जीना मुश्किल जरूर कर देती है। इसलिए इसकी गंभीरता समझना चाहिए। कहा कि इस बीमारी के उन्मूलन के लिए युवाओं के आगे आने और जागरूकता से बीमारी से बचाव होगा। जिला मलेरिया अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों को जागरूक कर युवा अहम योगदान निभा सकते हैं। फाइलेरिया समूह के सदस्य रघुवीर प्रसाद और महेंद्र सिंह ने बताया कि फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन नहीं करने से पर वह बीमारी के साथ ही जी रहे हैं। एक बार हाथीपांव हो गया तो ठीक नहीं होता है।

फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी सुदेश कुमार ने बताया कि यह बीमारी मच्छर के काटने से होती है। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मुजम्मिल हुसैन सिद्दीकी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरफराज अहमद, यूनिसेफ के डीएमसी फुजैल अहमद सिद्दीकी, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



एसीएमओ डॉ.आरपी मिश्रा, प्राचार्य प्रो. मुजम्मिल हुसैन सिद्दीकी आदि। अमृत विचार


भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षक। अमृत विचार

# चार महीने से वेतन नहीं मिला, रो पड़ीं शिक्षिकाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- वेतन के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू
- विकास भवन परिसर में धरने पर बैठे शिक्षक-शिक्षिकाएं
- समाज कल्याण विभाग से संचालित विद्यालयों का मामला

**अमृत विचार।** किसी शिक्षक का बच्चा बीमार है और इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। फीस जमा करनी है, किस्तें जानी हैं। इन सबके बीच सबसे बड़ी समस्या घर चलाने की है। कोई कब तक उधार देगा। अपनी मेहनत का वेतन मांग रहे हैं, घर चलाने के लिए कर्ज क्यों लें। विकास भवन परिसर में बकाया वेतन भुगतान के लिए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठीं शिक्षिकाएं यह बताते हुए फफक पड़ीं। बोलीं, उनका वेतन दिलाया जाए।

समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित विद्यालयों के शिक्षकों को चार माह से वेतन नहीं मिला है। जिस कारण शिक्षकों ने मंगलवार को विकास भवन परिसर में अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल शुरू की है। शिक्षकों ने अपनी मांगों का ज्ञापन सांसद, विधायक, उप निदेशक समाज कल्याण विभाग, जिला समाज कलयाण अधिकारी को भेजकर बकाया वेतन दिलाने की मांग की है। विकास भवन परिसर में प्राइमरी विद्यालयों व सिलाई, कढ़ाई केंद्रों के शिक्षक वेतन न मिलने के कारण धरने पर बैठे हैं। शिक्षकों का कहना है कि वेतन भुगतान न होने से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। समस्याओं से घिरे हैं।

कहाकि बार-बार अधिकारी टरका रहे हैं, सुनने वाला कोई नहीं है। शिक्षिका गीता त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि वेतन लेने के लिए उन्हें संबंधित अधिकारी को खर्चा देना पड़ता है। तब जाकर उनका वेतन मिल पाता है, जबकि निदेशक समाज कल्याण की ओर से लिखित में वेतन भुगतान के आदेश कर दिए गए हैं। वेतन रोकने का कारण भी अधिकारी स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। वेतन कब तक आएगा, इसकी जानकारी भी स्पष्ट नहीं हो पा रही है।

**दिशा-निर्देश** नगर आयुक्त ने दिये हाईमास्क के साथ सभी लाइटें शुरू करने के निर्देश, गंदगी मिलने पर भड़के, वेतन काटने के साथ नोटिस जारी

# शिवरात्रि पर दूधिया रोशनी से जगमगाएगा परमट मंदिर परिसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शिवरात्रि से पहले परमट आनंदेश्वर मंदिर कॉरिडोर परिसर दूधिया रोशनी से चमकेगा। सेमी हाईमास्क लगाने के साथ ही चारों ओर लगी लाइटों को शुरू किया जायेगा। मंगलवार को नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया।

इस दौरान जगह-जगह गंदगी मिलने पर नगर आयुक्त ने सफाई निरीक्षक को नोटिस, 8 सफाई कर्मचारियों और एक सफाई नायक का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने शिवरात्रि को लेकर 45 सफाई कर्मचारियों की तैनाती की है। नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने शिवरात्रि को लेकर परमट स्थित आनंदेश्वर मन्दिर का निरीक्षण किया।

वे सबसे पहले परमट स्थित नव निर्मित पार्किंग स्थल पहुंचे, इस दौरान उन्होंने यहां मार्किंग करने, प्रवेश एवं निकास द्वार का बोर्ड लगाने, वाहन चालकों के लिये एक शौचालय निर्मित करने और दो बूम बैरियर लगाने के निर्देश दिये। नगर आयुक्त ने परमट शेल्टर होम के पास ग्रिल पेंट करने, शेल्टर होम से मन्दिर तक टैफ्को बाउंड्रीवाल की ओर इंटरलॉकिंग किये जाने के भी निर्देश दिये।

परमट मुख्य द्वार से अंदर मन्दिर प्रवेश की ओर चलने पर एक चैम्बर ओवर-फ्लो पाये जाने पर मौके पर ही महाप्रबन्धक, जलकल को चैम्बर सफाई के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय चौकी प्रभारी परमट रजनीश शुक्ला, जोनल अधिकारी-4 राजेश सिंह, जोनल अभियन्ता-4 कमलेश पटेल, प्रभारी जोनल स्वच्छता अधिकारी मो. फहीम समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।


निरीक्षण करते नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन एवं अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### 45 कर्मचारियों की तैनाती

परमट मन्दिर व घाट की साफ-सफाई के लिये 45 कर्मचारियों की तैनाती की गयी। जिसमें तीन सफाई निरीक्षक, आठ सफाई नायक भी इनकी मानीटरिंग के लिए उपस्थित रहेंगे। निर्देश दिये गये कि जोनल स्वच्छता अधिकारी पाली-वार इन कर्मचारियों की उपस्थिति चेक करें। निरीक्षण के दौरान मन्दिर के अन्दर व बाहर गंदगी पायी गयी, जिसपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि सफाई नायक राकेश एवं सफाई कर्मचारी कमल, विजय, रेखा, जयचन्द्र एवं वीर का एक दिन का वेतन रोकने के साथ ही सफाई निरीक्षक दिलीप भारती को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाये।

### रूमा थोक मंडी चारों ओर से होगी कवर्ड

कानपुर। चकेरी रूमा स्थित नवनिर्मित थोक सब्जी एवं फल मंडी चारों और से कवर्ड होगी। नगर आयुक्त ने यहां चारों ओर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल करने के साथ ही प्रवेश और निकास द्वार बनाने के निर्देश दिये हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि मंडी परिसर को समतल कर यहां इंटरलॉकिंग टाइल्स के साथ ही एक शौचालय का भी निर्माण किया जाये। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने कहाकि एक सेमी हाई मास्क लगाने के साथ ही लाइटिंग की समुचित व्यवस्था की जाये। शौचालय का निर्माण किया जाये, तब तक एक मोबाइल ट्वॉयलेट रखा जाये। मंडी में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाये, नियमित अन्तराल में कूड़े का उठान भी सुनिश्चित किया जाये। नगर आयुक्त ने कहा कि दो-तीन दिन में सभी थोक विक्रेता यहां पर स्थानान्तरित हो जायेंगे।

**आज का मौसम**
अगले पांच दिन आसमान साफ रहेगा।

| 24.0° | 11.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 27 | सूर्यास्त 06 : 13 |

**हेलो डाक्टर**

**टी.बी. से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें।**

टी.बी. (क्षय) एवं श्वांस रोग की जानकारी, कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के टी.बी. चेस्ट विभाग के असिस्टेन्ट प्रोफेसर डॉ० दीपक गुप्ता से करें सवाल



दिनांक 06 मार्च दिन बुधवार
समय दोपहर 12 से 02 बजे।
**मो.नं.: 9219805718**

## शहर में आज



- **फुटबाल:** ओपन स्टेट फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच ग्रीन पार्क में सुबह नौ बजे।
- **क्रिकेट:** यूपी व मुंबई के बीच अंडर 23 सेमिफाइनल मैच ग्रीन पार्क स्टेडियम में सुबह 10 बजे।
- **समारोह:** शक्ति वंदन अभियान के समापन पर समारोह बर्रा पांच मां भगवती गेस्ट में सुबह 11 बजे।
- **प्रदर्शन:** भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार मंडल द्वारा घंटाघर भारत माता प्रतिमा के पास प्रदर्शन तीन बजे।
- **सम्मेलन:** अकबरपुर लोकसभा के सांसद प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले द्वार कार्यकर्ता सम्मान समारोह सुबह 10 बजे।
- **ज्ञापन:** गंगा- यमुना में अवैध खनन रोकने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दोपहर 12 बजे।

# नए सत्र से विश्वविद्यालय में तीन नए कोर्स

## नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू, काउंसलर नियुक्त, घाटमपुर राजकीय कॉलेज का संचालन भी होगा

**गुड न्यूज**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएम विश्वविद्यालय में नए सत्र से तीन नए कोर्स शुरू किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय की ओर से नए सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रवेश के दौरान छात्राओं की परेशानियों को दूर करने के लिए एक काउंसलर की नियुक्ति भी की गई है। नए सत्र से घाटमपुर राजकीय महाविद्यालय का संचालन भी विश्वविद्यालय करेगा। यह जानकारी मंगलवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक ने दी।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय 2024-25 सत्र से तीन नए कोर्स संचालित करेगा। इनमें बीए ऑनर्स पॉलिटिकल सांइस, बैचलर ऑफ डिजाइन और डिप्लोमा ऑफ डिजिटल ह्यूमैनिटीज कोर्स शामिल हैं। बैचलर ऑफ डिजाइन कोर्स चार वर्षीय है, इसकी फीस 54,200 प्रति वर्ष है। जिसमे 30 सीट पर युवा प्रवेश ले सकते हैं। इसमें प्रवेश के लिए 12 वीं पास योग्यता होनी चाहिए। इसी तरह बैचलर ऑफ आर्ट्स ऑनर्स (पॉलिटिकल साइंस ) यह कोर्स तीन वर्ष का है। इस कोर्स की फीस 22,000 प्रति वर्ष निर्धारित की गई है। इसमें 30 सीटें हैं। इसमें प्रवेश के लिए 12 पास योग्यता होनी चाहिए। इसी तरह डिप्लोमा ऑफ डिजिटल ह्यूमैनिटीज डिप्लोमा कोर्स है इसकी फीस 10,000 है, इसमें 30 सीटें हैं।

**ज्योतिष और कर्मकांड का परामर्श केंद्र खुलेगाः** कुलपति ने बताया कि दीनदयाल शोध केंद्र में संचालित ज्योतिष एवं कर्मकांड कोर्स में अब परामर्श केंद्र खुलेगा। इसके लिए ऑनलाइन मोड में परामर्श प्रदान किया जाएगा। शोध केंद्र में स्टूडियो के निर्माण के बाद विशेषज्ञों की ओर से परामर्श ऑनलाइन माध्यम से दिया जाएगा। जिससे देश-विदेश में लोग इसका लाभ ले सकेंगे। वार्ता में प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, कुलसचिव डॉ.अनिल कुमार यादव, निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद, प्रो आर के द्विवेदी, असिस्टेंट डीन अकेडमिक डॉ अंशु सिंह, प्रो. संदीप कुमार सिंह, डॉ.नीरज सिंह, डॉ.ओमशंकर गुप्ता मौजूद रहे।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक। अमृत विचार

### मौजूदा सत्र में दोगुने से ज्यादा एडमिशन

- कुलपति प्रो. पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं की संख्या बढ़ी है। सत्र 2022 -23 में छात्र संख्या 4371 संख्या थी। जबकि 2023-24 में साढ़े 9 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। इनमें से वर्तमान में छात्राएं 5354 हैं। प्रो. पाठक ने कहा कि आगामी सत्र में उम्मीद है कि यह संख्या 12000 से भी अधिक पहुंचेगी।

### हर विभाग में काउंसलर होंगे नियुक्त

- विवि में नए सत्र से कैंपस में प्रवेश के लिए एक काउंसलर को नियुक्त किया जा रहा है। जो भी छात्र अपने पाठ्यक्रम, करियर के विषय में जानकारी चाहते हैं वह वहां सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अलावा डीन एकेडमिक से भी इस विषय में मुलाकात युवा कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में अब डीन एकेडमिक की जिम्मेदारी प्रो बृष्टि मित्रा को दी गई है।

### नेट से लें प्रवेश की जानकारी

कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने नए सत्र के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसकी पूरी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। विश्वविद्यालय में जितने में भी पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं उनकी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। विश्वविद्यालय की ओर से इस सत्र से शासन के निर्देशानुसार घाटमपुर राजकीय महाविद्यालय का संचालन भी किया जाएगा जिसमें पाठ्यक्रमों के संचालन की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय की रहेगी।

# आईआईटी में आत्महत्याओं की जांच करें पुलिस कमिश्नर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर को दिया आदेश
- आईआईटी में एक माह के भीतर हुईं थीं तीन आत्महत्याएं
- सेंट्रल बार एसोसिएशन ने आयोग को पत्र लिख की थी जांच की मांग

**अमृत विचार।** 19 दिसंबर 2023 से 18 जनवरी 2024 के बीच आईआईटी में शोध स्टाफ सदस्य समेत तीन छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या की थी। इसकी जांच के लिए सेंट्रल बार एसोसिएशन ने उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखा था। मामले को संज्ञान में लेते हुए मानवाधिकार आयोग ने पुलिस कमिश्नर को जांच के आदेश दिए हैं।

कानपुर आईआईटी में 19 दिसंबर 2023 को जैविक विज्ञान व बायो इंजीनियरिंग विभाग के शोध स्टाफ सदस्य डॉ पल्लवी, 10 जनवरी 2024 को मेरठ निवासी आईआईटी छात्र विकास मीणा ने व 18 जनवरी को झारखंड निवासी छात्रा प्रियंका ने आत्महत्या कर ली थी। बीते 18 वर्षों में 12 छात्र-छात्राएं आत्महत्या कर चुके हैं। आईआईटी में लगातार हो रही आत्महत्या की जांच के लिए सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने मानवाधिकार आयोग को आत्महत्या के कारणों की जांच के लिए पत्र लिखा था। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस बालाकृष्ण नारायण ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को जांच के आदेश दिए।

उन्होंने पत्र लिख कर कहा कि आत्महत्याओं की जांच कर कार्रवाई की जाए। प्रवीण फाइटर ने कहाकि पुलिस कमिश्नर ने मिलकर मामले में रणनीति तैयार की जाएगी।

# जनरल कोच की भीड़ में बीमार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ओखा गोरखपुर एक्सप्रेस की घटना, परिजनों ने कहा, पहले से बीमार था

**अमृत विचार।** ओखा गोरखपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में भीड़ में फंसे बीमार युवक की मंगलवार को मौत हो गई। सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म चार पर ट्रेन पहुंचने पर रेलवे डाक्टर पहुंचे। युवक का चेकअप किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

गुजरात से जौनपुर जा रही 15046 ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस के जनरल कोच में मंगलवार को एक युवक की हालत बिगड़ गई। कोच में काफी भीड़ होने के कारण युवक अचेत होकर गिर पड़ा। इसकी जानकारी यात्रियों ने रेलवे कंट्रोल को दी। सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म चार पर ट्रेन पहुंची तो रेलवे के डॉक्टर उसका चेकअप करने पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस पर जीआरपी ने शव को ट्रेन से नीचे उतरवाया। तलाशी में उसके पास मिले आधार कार्ड के आधार पर पहचान कर परिजनों को सूचना दी गई। जीआरपी इंस्पेक्टर अनिल कुमार शर्मा ने बताया युवक की पहचान जौनपुर, वीरपुर निवासी प्यारेलाल बिंद के रूप में हुई है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। प्यारेलाल अपने घर जौनपुर जा रहा था। परिजनों के अनुसार वह पहले से बीमार था। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## ऑनलाइन सीमेंट खरीदने में 1.35 लाख ठगे

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में साइबर ठग ने एक सीमेंट कंपनी का अधिकारी बनकर पीड़ित से बात की और 1.35 लाख रुपये ठग लिए।

चकेरी घाऊखेड़ा निवासी जगदीश ने पुलिस को बताया कि तीन मार्च को ऑनलाइन सीमेंट की बोरियां मंगाने के लिए उनकी बेटी वैशाली ने इंटरनेट से सीमेंट कंपनी का नंबर निकाला। बात करने वाले राकेश शर्मा को उन्होंने दो सौ बोरियों का आर्डर दिया। उसने सप्लायर सौरभ त्रिपाठी का नंबर दिया। सौरभ ने ऑनलाइन पेमेंट 69 हजार रुपये जमा करवाए। इसके बाद बोला कि तीन सौ बोरियों से कम का आर्डर नहीं लिया जाता है। जगदीश ने सौ बोरियों का आर्डर और देकर शेष रुपये जमा किए लेकिन सीमेंट नहीं मिली।

# कमरा सजाने आए डेकोरेटर दुल्हन का बैग ले गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दुल्हन का कमरा सजाने आए डेकोरेटरों ने अलमारी में रखा नकदी व जेवरात भरा दुल्हन का बैग पार कर दिया। देर रात अलमारी खोलने पर दुल्हन को घटना की जानकारी हुई। परिजनों ने डेकोरेटर व उसके कर्मचारियों के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में तहरीर दी। पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर जांच में जुटी है।

बाबूपुरवा कॉलोनी निवासी रिटायर्ड आर्डिनेंस कर्मी चंद्रभान जायसवाल के बेटे शैलेश कुमार जायसवाल की बीते तीन मार्च को आजमगढ़ निवासी युवती ज्योति रंजन से शादी थी। कार्यक्रम में दुल्हन का कमरा सजाने की जिम्मा डेकोरेटर अरुण कश्यप को दिया था। चचेरे भाई राजेश कुमार ने बताया कि चार मार्च की शाम करीब पांच बजे बारात वापस आई थी। शाम सात बजे के आसपास नव दंपत्ति समेत परिजन बाहर हुए थे। इसी दौरान डेकोरेटर अरुण कश्यप पत्नी पूजा व कर्मचारी पवन और गोलू के साथ दुल्हन का कमरा सजाने के लिए आए थे। करीब दो घंटे तक कमरा सजाने के बाद सब चले गए थे। देर रात दुल्हन ने कमरे में अलमारी खोली तो जेवरात व नकदी रखा बैग गायब मिला। जिस पर नवविवाहिता ने पति शैलेश को जानकारी दी। शैलेश के मुताबिक बैग में पत्नी के झुमके, दो जोड़ी पायल, एक सोने की चेन सहित करीब 60 हजार की नकदी थी। मामले की जानकारी की लिए डेकोरेटर को कई बार फोन किया गया, लेकिन फोन नहीं उठा। जिस पर शैलेश ने बाबूपुरवा पुलिस को घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



इसी अलमारी से बैग ले गए डेकोरेटर। अमृत विचार

## दो लुटेरे गिरफ्तार, लूटे मोबाइल बरामद

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में जनवरी माह में युवक जगदीप शुक्ला से मोबाइल लूट करने वाले आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की पहचान गुमटी नसीमाबाद निवासी अनुराग सोनी उर्फ दीपक और कल्याणपुर निवासी राकेश कुमार उर्फ जैकी के रूप में हुई। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया आरोपितों के पास 5 मोबाइल 15 सौ रुपये और एक स्कूटी बरामद हुई है। अनुराग लूट के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

# हैलट में 1.27 करोड़ से बनी नई ओपीडी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सांसद देवेंद्र सिंह भोले की निधि से कंपनी ने कराया निर्माण

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में मरीजों को पर्चे बनवाने में आसानी हो, इसके लिए सांसद निधि के 1.27 करोड़ रुपये से नई ओपीडी का निर्माण किया गया है। जिसमें बुधवार से रोगियों को लाभ मिल सकेगा। मंगलवार को नई ओपीडी का उद्घाटन सांसद देवेंद्र सिंह भोले, पूर्व मेयर कैप्टन जगतवीर सिंह द्रोण व प्राचार्य प्रो. संजय काला ने किया।

अभी ओपीडी के पर्चा काउंटर पर मरीजों की भीड़ होने पर लाइन इमरजेंसी तक पहुंच जाती है। ऐसे में मरीजों को दिक्कत होती है। हैलट गेट नंबर दो के पास खाली पड़ी चार सौ स्क्वायर फीट जगह पर न्यू ओपीडी का निर्माण कार्य 31 मई 2023 को शुरू हुआ था। अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने सांसद निधि से एक करोड़ 27 लाख रुपया इसके लिए दिया।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला ने बताया कि सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि योजना से 10 ओपीडी रजिस्ट्रेशन काउंटर, विजिटर शेड, सिटिंग बेंच, पंखे व वॉटर कूलर लगाए गए हैं। नई ओपीडी ब्लॉक बनने से ओपीडी पर्चा काउंटर में लगने वाली भीड़ कम होगी। 10 काउंटर होने से मरीजों के पर्चे जल्द बनेंगे। सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने बताया कि लोगों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए सरकार कई योजनाओं का संचालन कर रही है। पर्चे बनवाने में मरीजों को आ रही दिक्कतों को देखते यहां पर एक और ओपीडी ब्लॉक बनाया गया है।

इस दौरान डीएम राकेश कुमार सिंह, उप प्राचार्य प्रो.रिचा गिरी, प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह, सीएमएस डॉ.एनसी त्रिपाठी, कैंपस प्रभारी डॉ.अनुराग राजौरिया, डॉ.एसके बर्मन आदि मौजूद रहे।



ओपीडी का उद्घाटन करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले व प्राचार्य प्रो. संजय काला।

### 8 जिलों से आते हैं मरीज

हैलट में कानपुर नगर के साथ ही कन्नौज, फर्रुखाबाद, कानपुर देहात, औरैया, इटावा, जालौन, हमीरपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव समेत 18 जिलों से मरीज इलाज कराने को पहुंचते हैं। इस कारण ओपीडी में प्रतिदिन दो से ढाई हजार पर्चे बनाए जाते हैं। किसी संक्रमण का प्रकोप होने और गर्मी, बारिश में मरीजों की संख्या तीन से चार हजार तक पहुंच जाती है।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से उड़ाए 33 हजार

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में एटीएम में रुपये निकालने गए युवक से एक टप्पेबाज ने कार्ड बदलकर खाते से करीब 33 हजार रुपये पार कर दिए।

सिविल लाइंस नवाब कंपाउंड निवासी साइम डटरीस केमिकल कारोबारी हैं। साइम के अनुसार जाजमऊ में उनका ऑफिस है, साथ ही खाता एचडीएफसी बैंक सिविल लाइंस शाखा में है। एक मार्च को नई चुंगी जाजमऊ स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गए थे। इसी दौरान एक आरोपी एटीएम में आया और बहाने में उनका एटीएम कार्ड बदल लिया। कुछ देर वाद ही उनके मोबाइल पर चार बार में 33 हजार रुपये निकल जाने का मैसेज आया। पीड़ित ने मामले की शिकायत जाजमऊ थाने व साथ ही संबधित बैंक में की।

# शातिर जहरखुरान को 10 साल की कैद, जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट कोर्ट का फैसला
- एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर लूट करने वाले जहरखुरान को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट ने दोषी पाया। कोर्ट ने दोषी को 10 साल की सजा व एक लाख जुर्माना लगाया। दोषी युवक को बाबूपुरवा पुलिस ने वर्ष 2017 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

पुलिस के अनुसार जूही कैनाल पटरी निवासी विनोद गैंग बनाकर बस व ट्रेनों के यात्रियों को नशीला पदार्थ खिलाकर लूट की वारदातों को अंजाम देता था। बाबूपुरवा पुलिस ने 22 जनवरी 2017 को झकरकटी बस अड्डे के पास से विनोद को गिरफ्तार किया था। तलाशी के दौरान विनोद के पास से 155 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। पूछताछ के दौरान विनोद ने बताया था कि वह अपने गैंग के साथ मिलकर बसों और ट्रेनों में वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज थे। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सतेंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट ने विनोद को दोषी पाते हुए 10 साल कैद व एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** बर्रा थानाक्षेत्र में घर लौट रहे साइकिल सवार युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने उसे हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पनकी पतरसा निवासी 35 वर्षीय पप्पू जरीब चौकी चौराहे के पास चप्पल का काम करता था। वह काम खत्म करके सोमवार रात वापस लौट रहा था। तभी शास्त्री चौक चौराहे के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मंगलवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर उसकी शिनाख्त की।

# लापरवाही में बगाही चौकी इंचार्ज निलंबित किए गए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रविवार को चौकी इंचार्ज के खिलाफ महिलाओं ने थाने में किया था हंगामा

**अमृत विचार।** बीते रविवार को बगाही में मकान निर्माण के दौरान महिलाओं संग हुई मारपीट के मामले में डीसीपी साउथ ने बगाही चौकी इंचार्ज को कार्य में लापरवाही बरतने का दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया। विवाद के दौरान महिलाओं ने बाबूपुरवा थाने में हंगामा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कपड़े फाड़ने व चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई न करने आरोप लगाया था। पुलिस ने चार नामजद समेत 12 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।

रविवार को बगाही में राजा सोनकर, रवि सोनकर एक मकान का निर्माण करा रहे थे। उन लोगों ने दीवार बढ़ाकर सार्वजनिक सबमर्सिबल पंप को भी मकान के अंदर करने का प्रयास किया था। विरोध करने पर राजा, रवि ने साथी अनमोल, राजू और 10-12 अन्य लोगों को बुला कर महिलाओं संग मारपीट की थी। जिस पर आक्रोशित महिलाएं थाने पहुंची थीं और आरोपियों पर कपड़े फाड़ने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। महिलाओं ने आरोप लगाया था कि मामले की जानकारी बागाही चौकी इंचार्ज घनश्याम लवानिया को थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर राजा सोनकर रवि सोनकर को गिरफ्तार कर शांतिभंग की कार्रवाई की थी। चौकी इंचार्ज घनश्याम लवानिया की जांच डीसीपी साउथ रविंद्र कुमार ने की और लापरवाही का दोषी पाते हुए निलंबन की कार्रवाई की।

**सिटी प्राइड** | गंगा बैराज पहुंचते पहनाई मालाएं, परिजनों ने गले लगाकर दी बधाई, वैभव ने आनंदेश्वर मंदिर में किया बाबा का श्रंगार

# इंडियन आइडल विजेता वैभव का भव्य स्वागत, बरसाए गए फूल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जगन्नाथ यात्रा में भजन गायन से शुरू हुआ वैभव के सुरों का सफर इंडियन आइडल-14 विजेता बनकर शहर लौटा। कानपुर का मान बढ़ाने वाले वैभव मंगलवार को जब शहर पहुंचे तो शहरवासियों ने उनके सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ी। गंगा बैराज से लेकर घर तक जबरदस्त स्वागत हुआ। फूल-मालाओं से लदे वैभव को परिजनों ने गले लगाकर खुशी का इजहार किया।

कल्याणपुर नानकारी के रहने वाले वैभव के पिता विष्णु गुप्ता परचून के थोक विक्रेता हैं। उन्होंने बताया कि वैभव को बचपन से ही गाने का शौक था। जब वह तीन वर्ष का था, उसकी माता का निधन हो गया। उसके बड़े पापा मुन्ना लाल व मम्मी प्रीति ने उसको पाला। वैभव ने 2023 में इंटर की परीक्षा पास की थी। उन्होंने बताया कि शहर में निकलने वाली जगन्नाथ यात्रा में अक्सर वैभव भजन गाने जाया करता था। उसके गुरु शशांक मार्ग दर्शन करते रहते थे। वैभव के भजन लोग पसंद करते थे।

मंगलवार सुबह वैभव मुंबई से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे, फिर लखनऊ से शहर के लिए कार से रवाना हुए। वैभव के स्वागत के लिए परिजन, रिश्तेदार, पड़ोसी और शहरवासी पहले से तैयार थे। इंडियन आइडल सीजन 14 के विजेता वैभव जैसे गंगा बैराज पहुंचे, उनका ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाएं।

शिव भक्त होने के नाते वैभव घर जाने से पहले सीधा आनंदेश्वर बाबा के दरबार पहुंचे। जहां बाबा का श्रंगार कर आशीर्वाद लिया। यहां से इंदिरानगर पहुंचे, जहां कोचिंग एसोसिएशन ने उनका स्वागत किया। डिस्प्ले लगाकर वैभव के शो को दिखाया गया।

विधायक नीलिमा कटियार ने माला पहनाकर वैभव का स्वागत किया। इसके बाद वह अपने घर की तरफ रवाना हुए। रास्ते में भी स्वागत हुए। घर पहुंचने पर भीड़ ने वैभव को घेर लिया और उसकी कामयाबी का जश्न मनाया। घर के पास परिजनों, रिश्तेदारों, यार-मित्र जमकर नाचे। वैभव का घर फूलों और रंग बिरंगी चुन्नियों से सजा है। समीप ही मंदिर को भी सजाया गया। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है।



वैभव का जोरदार स्वागत किया गया। अमृत विचार

### पांचवीं बार में मिली जीत

- चार बार इंडियन आइडल के आडिशन से बाहर होने के बाद पांचवीं बार में वैभव ने विजयी हासिल की। इनाम में 25 लाख रुपये का चेक और एक ब्रेजा कार जीती है। वैभव के पिता ने बताया कि आडिशन से बाहर हो जाने पर वह कभी हताश नहीं होता था। वह लोगों की मिसाल देता था कि अनेक प्रयास के बाद सफलता पाते हैं।

### सिंगिंग के लिए छोड़ा फुटबाल खेलना

- वैभव के पिता ने बताया कि उसे फुटबाल खेलने का भी शौक था। स्कूल में खेलता था। मगर सांस फूलने से गले की आवाज बदल जाती थी। इस कारण उसने फुटबाल खेलना छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि वैभव घर में गाना गाता रहता था। एक दिन मैंने खुद उसका गाना सुना, फिर लगा इसको आगे जाना चाहिए। इसके बाद सिविल लाइंस स्थित रागेंद्र स्वरूप आडिटोरियम हॉल में सिंगिग प्रतियोगिता हुई। वहां वैभव को पहला स्थान मिला। इसके बाद 17 साल की उम्र में वैभव की सिंगिंग का सफर शुरू हो गया और आनंद सर से गाना सीखने लगा। वह सिर्फ तीन काम करता था। पहला गाने का अभ्यास, दूसरा पढ़ाई और तीसरा भगवान शंकर की आराधना।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में मूकबधिर ने दी जान

**कानपुर।** नवाबगंज थानाक्षेत्र के मैनावती मार्ग के रहने वाले 21 वर्षीय प्रशांत कुमार सिंह ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह मूकबधिर था। पिता ड्यूटी पर गए हुए थे और मां गांव गई थी। इसी दौरान उसने घटना को अंजाम दे दिया। पुलिस ने मामले की जांच कर उसके पास से एक पुड़िया बरामद की है। जिसमें जहर की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई होगी।

### दुकान का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी

**कानपुर।** चकेरी में एक बार फिर चोरों ने धमाचौकड़ी मचाई है। दो बंद घरों से 13 लाख की चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद एक बार फिर पान शॉप को निशाना बनाया। चोरों ने ताला तोड़कर नकदी समेत दो लाख का माल पार कर पुलिसिया गश्त की पोल खोल दी है। चकेरी न्यू आजाद नगर निवासी राम मोहन की गुप्ता चौराहे पर पान की दुकान है। सोमवार की रात को वह दुकान बंद कर घर चले गये थे। देर रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ा। गल्ले में रखे एक लाख रुपये और दुकान से एक लाख की कीमत का सामान पार कर ले गये। मगंलवार सुबह जब राम मोहन दुकान पहुंचे तो उन्हें ताले टूटे मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी।

स्काई लिफ्ट के साथ डिजिटल एक्सरे मशीन के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई

# कैंट की कई सड़कें होंगी चमाचम अनापत्ति प्रमाण पत्र मिल गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कैंट बोर्ड की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास, हैंडपंप भी होंगे ठीक

**अमृत विचार।** कैंट के मोहल्लों की सड़कें जल्द चमाचम होंगी। फेथफुलगंज की दो और मीरपुर की एक सड़क के निर्माण के लिये एनओसी मंगलवार को कैंट बोर्ड ने दे दी। विधायक निधि से बनने वाली यह सड़कें एनओसी न मिलने से लटकी थीं। लालकुर्ती, अलबर्ट रोड, नाथू सिंह रोड, हैरिशगंज और आजाद पार्क की सड़कों को बनाने की मंजूरी भी बोर्ड ने दे दी। इसके साथ ही बोर्ड ने कई अहम प्रस्तावों को पास कर दिया।

ब्रिगेडियर शब्बरूल हसन की अध्यक्षता में मंगलवार को शुरू हुई बोर्ड बैठक में कैंट में बिजली मरम्मत के लिये स्काई लिफ्ट खरीदने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई।

करीब 37 लाख रुपये से यह मशीन खरीदी जायेगी। वहीं, अस्पताल में मरीजों के लिये डिजिटल एक्सरे मशीन खरीदने पर भी रजामंदी हुई। 4.65 लाख रुपये से यह मशीन खरीदी जायेगी। बोर्ड के नामित सदस्य लखन लाल ओमर ने बताया कि अब महात्मा गांधी पार्क की नीलामी फिर से होगी। कम राशि की नीलामी होने की वजह से बोर्ड ने फैसला लिया। इसी तरह मेडिसिन की सप्लाई का ठेका भी दोबारा होगा। उन्होंने बताया कि नई स्कूल बिल्डिंग के लिये 10 पीआरडी गार्ड की तैनाती की जायेगी। इसके साथ ही 8 वार्ड की सीवर सफाई का ठेका अग्रवाल एंड कंपनी को दिया गया है। शांती नगर और फेथफुलगंज के मैनहोल की मरम्मत 3 लाख रुपये से होगी। कैंट जनरल हास्पिटल की बाउंड्रीवाल की रिपेयरिंग व स्टॉफ क्वार्टर की मरम्मत भी होगी, इसके लिये पांच लाख के प्रस्ताव को हरी झंडी दी गई है। 8.5 लाख रुपये से वीआई बाजार का पाथ-वे का निर्माण होगा। बैठक में मुख्य अधिशाषी अधिकारी अनुज गोयल, विधायक हसन रूमी भी रहे।


बोर्ड की बैठक करते अध्यक्ष ब्रिगेडियर शब्बरूल हसन। अमृत विचार

**गर्मी से पहले हैंडपंपों की होगी मरम्मत**

लखन लाल ओमर ने बताया कि गर्मी से पहले कैंट के हैंडपंप की मरम्मत के साथ ही सबमर्सिबल पंप की रिबोरिंग होगी। त्रिवेणी गेट पर लगे हैंडपंड की रिबोरिंग होगी। इसके साथ ही सरफेस वाटर के लिये वाटर चैनल बनाया जायेगा। फेथफुलगंज की पाइप लाइनों को दुरुस्त किया जायेगा।

**ये भी कार्य होंगे**

- वोकेशनल ट्रेनिंग के लिये 60 कुर्सियां खरीदी जाएंगी
- 35 एलईडी फ्लड लाइटें
- 16 सीसीटीवी बुलेट कैमरा
- फिक्सड राइटिंग पैड


दंगा नियंत्रण ड्रिल में अभ्यास करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# दंगा नियंत्रण ड्रिल में धमाके, उठा धुआं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मंगलवार को पुलिस लाइन के मैदान में अचानक बम के धमाके और फायरिंग की आवाजें सुनाईं दीं तो आसपास रहने वाले लोग चौंक उठे। लोगों के मन में नकरात्मकता आ गई कि कहीं दंगा या कोई आतंकी हमला तो नहीं हो गया। कुछ लोगों ने घर का रुख किया जबकि कुछ लोग पुलिस लाइन के मैदान की तरफ पहुंच गए। यहां डीसीपी पश्चिम विजय ढुल सर्किल के फोर्स के साथ दंगा नियंत्रण का अभ्यास करते दिखे। इसके बाद लोगों ने चैन की सांस ली।

डीसीपी पश्चिम ने एंटी राइट गन लेकर फायरिंग का अभ्यास कर रहे थे तो दूसरे पुलिस कर्मी लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले, एंटी राइट गन, टियर गैस और हैंड ग्रेनेड से अभ्यास करते दिखाई दिए। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि लोकसभा चुनाव और आने वाले त्योहारों को देखते हुए यह कदम उठाए जा रहे हैं। दंगा नियंत्रण ड्रिल के दौरान भीड़ को तितर बितर करने के तरीके भी बताए गए। पुलिस लाइन में शस्त्रों का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि चुनाव और त्योहारों को लेकर ड्रिल की जा रही है। सभी जोन रोज फोर्स के साथ सुरक्षा व्यवस्था परख रहे हैं।

# 10 चौराहे गोद लिए शतरंज महासंघ ने

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ऑपरेशन त्रिनेत्र एंबेसडर प्रोग्राम में सहयोग किया
- अब तक 90 चौराहों को प्रतिष्ठित लोगों ने लिया है गोद

**अमृत विचार।** आईआईएम, जेके ग्रुप, रीजेंसी हेल्थ के बाद अब अखिल भारतीय शतरंज महासंघ ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के एंबेसडर के तौर पर 10 चौराहों को गोद लिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने शहरों को सेफ सिटी योजना में लाने के लिए ऑपरेशन त्रिनेत्र चलाया है। इसके तहत आईएमए ने कानपुर के 45 चौराहों और जेके ग्रुप ने 15 चौराहों को गोद लेने की मंजूरी दी थी। सोमवार को रीजेंसी हेल्थ ने 20 चौराहों को गोद लिया। मंगलवार को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष संजय कपूर ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलकर 10 चौराहों को गोद लेने की बात कही। उन्होंने उन चौराहों की लिस्ट पुलिस कमिश्नर को सौंपी है। पुलिस कमिश्नर ने अखिल भारतीय शतरंज महासंघ को इस पहल पर धन्यवाद दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शहर के अन्य संभ्रांत नागरिक भी आगे बढ़कर त्रिनेत्र एंबेसडर प्रोग्राम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

# ठेका दिलाने के नाम पर लाखों ठगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** जाजमऊ के इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी को उनके रिश्तेदारों ने माघ मेला में सुंदरीकरण का ठेका दिलाने के नाम पर करीब बीस लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित कारोबारी ने आरोपियों से रकम वापस मांगी तो उन लोगों ने पिटाई कर दी। उन्होंने कोर्ट के आदेश पर जाजमऊ थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पोखरपुर वर्ल्ड बैंक कालोनी निवासी मोहम्मद आकिब खान ने बताया कि उनका इलेक्ट्रानिक का कारोबार है। वर्ष 2021 में पंजाब अजीमापुर मलेरकोटला निवासी रिश्तेदार मोहम्मद अमजद खान व अरशद खान उनके घर आए और बताया कि वर्ष 2022-23 के माघ मेला के विद्युतीकरण सुंदरीकरण का टेंडर उनको मिला है। उनको साथ में काम करना है और टेंडर चाहिए तो कुछ रुपये लगेंगे। जिस पर आकिब ने करीब साढ़े नौ लाख रुपये दे दिए।

आरोप है कि नवंबर 2021 में आरोपी पुनः उनके घर आए और बोले कि उनके नाम में करोड़ रुपये का टेंडर निकला है। माघ मेला विकास प्राधिकरण प्रयागराज का एक पत्र दिखाया और दस लाख रुपये मांगे। पीड़ित ने टेंडर के नाम पर आरोपियों को दस लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने उन्हें एक बंद लिफाफा देते हुए कार्य प्रारंभ होने के बाद ही लिफाफा खोलने के लिए कहा। पीड़ित के अनुसार जब अन्य लोगों से बातचीत की तो पता चला कि माघ मेले का सुंदरीकरण का कार्य केवल प्रयागराज विकास प्राधिकरण ही करता है। इस पर उन्हें शक हुआ तो उन्होंने लिफाफा खोलकर देखा तो उसमें केवल खाली कागज था। पीड़ित ने जब आरोपियों में रकम वापस मांगी तो सभी ने मिलकर उनके साथ मारपीट की और रकम देने से मना कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। इस पर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर जाजमऊ पुलिस ने अमजद खान, अरशद खान और अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, बलवा, मारपीट, गालीगलौज, धमकी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# वकील को अश्लील वीडियो कॉल

**कानपुर।** काकादेव थानाक्षेत्र में सर्वोदय नगर के रहने वाले एक अधिवक्ता के पास अज्ञात नंबर से एक युवती ने अश्लील वीडियो कॉल किया। अधिवक्ता ने महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सर्वोदय नगर निवासी अजय टंडन सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता हैं। वह एक राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। एफआईआर के अनुसार सोमवार दोपहर करीब तीन बजे उन्हें एक अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आई। बात कर रही अज्ञात युवती ने उन्हें वीडियो कॉल करने को कहा। अधिवक्ता के अनुसार आरोपी दोबारा ऐसा अपराध न कर सके इसलिये उन्होंने काकादेव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सनिगवां में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में तोड़फोड़

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 1.60 लाख नकदी और जेवरात लूटने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां इलाके में मंगलवार को लेनदेन के विवाद में एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस और कार में तोड़फोड़ की गई। प्रापर्टी डीलर ने तहरीर पुलिस को दी है।

चकेरी मंगला विहार निवासी प्रॉपर्टी डीलर धर्मेंद्र वर्मा का सनिगवां स्थित उत्तम आईटीआई के पास ऑफिस है। उन्होंने पुलिस को बताया कि तीन माह पूर्व टटिया झनाका गांव निवासी शोभेलाल से एक प्लॉट खरीदा था। जिसके बकाये के 50 हजार रुपये देने के लिए उन्हें मंगलवार शाम ऑफिस में बुलाया था। इसके पूर्व ही उनका बेटा, बहू के साथ 12 से 15 लोग ऑफिस आ पहुंचे और शोभेलाल के बेटे ने 50 हजार रुपये पिता के बजाए खुद को देने के लिए कहा। अनिल ने इन्कार कर दिया तो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। लोहे की रॉड से ऑफिस और बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ शुरू कर दी। अनिल और मौजूद दोस्त अनु सचान पर लोहे की रॉड , बेल्ट, चप्पल व जूते से हमला कर दिया। कार में रखे एक लाख 25 हजार रुपये, सोने की अंगूठी और लॉकेट लूट लिए। ऑफिस में रखे 35 हजार रुपये भी लूट लिए।

# संदिग्ध दशा में ट्रांसपोर्टर की मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**रुपये भी गायब**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बजरिया थानाक्षेत्र के ब्रह्मनगर ढाल के पास घटना
- स्पीड में नहीं थी बाइक फिर भी लगे 57 टांकें

**अमृत विचार।** बजरिया थानाक्षेत्र में ब्रह्मनगर ढाल के पास संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रांसपोर्टर की मौत हो गई। परिजनों ने उसकी हत्या कर 90 हजार की नकदी लूटने का भी आरोप लगाया है। पुलिस हादसे में मौत की बात कह रही है, वहीं परिजन बाइक की स्पीड धीमे होने की बात कह रहे हैं। आरोप है कि स्कूटी से हादसे में 57 टांकें लगने की बात गले के नीचे नहीं उतर रही है। उनके सड़क पर घायल पड़े रहने के बाद एक स्कूटी से तीन युवकों ने तीन बार चक्कर लगाया था जो परिजनों को संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने ट्रांसपोर्टर का पोस्टमार्टम कराया है, जिसमें सड़क दुर्घटना में मौत की पुष्टि हुई है।

आर के नगर रामबाग निवासी 48 वर्षीय अजय कुमार शुक्ला उर्फ सोनू ट्रांसपोर्ट का काम करते थे। साथ ही भाजपा की राजनीति में सक्रिय थे।

बेटे ओम शुक्ला ने बताया कि रविवार रात करीब दस बजे पिता 90 हजार रुपये तगादा लेकर लौटकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान हल्की बारिश हो रही थी। ब्रह्मनगर ढाल चढ़ते समय संदिग्ध परिस्थितियों में वह सड़क पर पड़े मिले। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान सोमवार देर रात मौत हो गई। घटना के बाद पत्नी मंजरी शुक्ला का रो-रोकर बुरा हाल है।

बजरिया पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। परिजनों का आरोप है कि उनके सिर पर 57 टांके लगे हैं। उनके पास से मात्र 700 रुपये मिले हैं। वह डेढ़ घंटे तक खून से लथपथ सड़क पर पड़े रहे। आसपास के लोगों ने बताया कि जिस समय व्यक्ति सड़क पर पड़ा था एक स्कूटी सवार तीन युवक तीन बार उसे देखकर निकले थे। परिजनों ने रुपये लूटकर हत्या का आरोप लगाया। इस संबंध में बजरिया इंस्पेक्टर अजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के आरोपों की जांच कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।


अजय कुमार शुक्ला।

# अब बिना कोर्ट जाए भरें वाहनों का चालान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लोक अदालत में किरायेदारी, पारिवारिक विवाद के मामले सुने जाएंगे
- नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा

**अमृत विचार।** यातायात संबंधी चालान जो कोर्ट में आते हैं उनको अब vcourts.gov.in की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन चालान जमा कर सकते हैं। इसके लिए आपको चालान नंबर के साथ अन्य जानकारियां साझा करनी होंगी। जिसके बाद यातायात चालान संबंधी वाद तत्काल निस्तारित हो जाएंगे। जिससे वादकारियों को कोर्ट के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। यह जानकारी मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। जिसमें 1.90 लाख वाद चिन्हित किए गए है। अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण किया जाएगा।

नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनय सिंह व शुभी गुप्ता पत्रकार वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक वसूली, किरायेदारी वाद, मोबाइल फोन व केबिल नेटवर्क संबंधी प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संसाधन से संबंधित मामले, दीवानी वाद, उत्तराधिकारी वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस, जनोपयोगी सेवाएं और वाणिज्यकर से संबंधित मामले, राजस्व, चकबंदी, श्रमवाद, चालानी वाद के मामले सुने जाएंगे। इन सब से संबंधित 1.90 लाख वाद चिन्हित किए गए है। राष्ट्रीय लोक अदालत में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने सीएसजेएमयू परिसर में प्रदर्शन किया। पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

- एबीवीपी ने विवि परिसर ने किया प्रदर्शन

एबीवीपी नेता अमित शुक्ला के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता विवि परिसर में एकत्र हुए। प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए अमित शुक्ला ने कहा कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में विधायक, क्षेत्रीय पार्षद महिलाओं पर अत्याचार कर रहे हैं। उनका शोषण किया जा रहा है।

अत्याचार व उत्पीड़न के खिलाफ जब महिलाएं आवाज उठाती हैं तो सरकार उन्हें शांत करा देती है। आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। महिलाओं के ऊपर अत्याचार रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन के लिए मजबूर हुए हैं। हम मांग करते हैं कि जिस प्रदेश की मुख्यमंत्री महिला हैं और वहीं महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है तो उक्त प्रदेश की सरकार को बर्खास्त किया जाए। मामले में उच्च स्तरीय कार्रवाई हो।



प्रदर्शन करते एबीवीपी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

करियर की राह | उद्यमी संगठनों के साथ लीन मैन्युफैक्चिरिंग कार्यशाला में दी गई जानकारी

# लीन स्कीम के माध्यम से उद्योग लगाएं-बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जोनल उद्योग कार्यालय सभागार में उद्यमी संगठनों के साथ एमसीएलएस-एमएसएमई लीन स्कीम विषय पर कार्यशाला हुई। जिनमें फीटा, पीआईए, आईआईए, लघु उद्योग भारती, दादानगर कॉपरेटिव सोसायटी के उद्योग प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद व उद्योग निदेशालय की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में उद्यमी संगठनों ने अपनी बात रखी। राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद की क्षेत्रीय प्रबंधक प्रीति गंगवार ने बताया कि लीन स्कीम के माध्यम से लघु, सूक्ष्म और मध्यम इकाइयां, घरेलू व विश्व पटल पर अपनी पहचान बना सकती हैं। 18 महीने चलने वाली इस स्कीम पर होने वाले खर्च का 95 प्रतिशत भारत सरकार सब्सिडी के रूप में सहयोग करेगी। मात्र पांच प्रतिशत ही उद्योग समूह को देना होगा। एमएसएमई की 4-10 इकाइयां मिलकर एक क्लस्टर बनाकर भी इसका लाभ ले सकेंगी। इस स्कीम का फायदा लेने से पहले उद्यम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। फीटा के महासचिव उमंग अग्रवाल ने राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के अधिकारियों से कहा कि स्कीम में बदलाव करके आयात होने वाली मशीनों के कंसल्टेंट की सुविधाएं लेने के लिए विदेशी कंपनियों को कंसल्टेंट के रूप में नामित कर शामिल करने का प्रावधान किया जाए। कार्यशाला में अभिषेक अग्रवाल, बलराम नरूला, अभिषेक गर्ग आदि उद्यमियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर मिक्की मनचंदा, दिनेश बरसिया, ममता शुक्ला, सरिता वहाब, हरदीप सिंह राखरा, रोहित भुजपुरिया, अनुराग मालवीय आदि रहे। उपायुक्त उद्योग अजय कुमार चौरसिया, सूर्य प्रकाश यादव, डॉ. अजय यादव सहायक आयुक्त उद्योग, मो. सउद प्रभारी उपायुक्त उद्योग, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद के निदेशक सी नरेंद्र आदि मौजूद रहे।


कार्यशाला में मौजूद उद्यमी और अधिकारी। अमृत विचार

# रोको-टोको अभियान चलाएं सभी थानेदार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गोष्ठी में डीसीपी वेस्ट ने दिए आदेश

**अमृत विचार।** डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने मंगलवार को मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की। थानाध्यक्षों को सक्रिय होकर रात में अपने-अपने थाना क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर रोको-टोको अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करने के लिए निर्देशित किया गया।

गोष्ठी में माह में घटित अपराधों, लंबित शिकायतों व विवेचनाओं की समीक्षा की गई। गैर जमानती वारंट, सम्मन निस्तारण, जुआ व अवैध शराब की बिक्री, भूमाफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के लिए सर्किल के सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त लूटपाट, हत्या सहित सभी गंभीर अपराधों की समीक्षा व अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पश्चिम जोन में अपराधों की रोकथाम के लिए किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो व कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ बनाये रखने के लिए थानाध्यक्षों को निर्देश दिये गये। इस मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजयेंद्र, समस्त सहायक पुलिस आयुक्त पश्चिम जोन मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम सुहैल अहमद था। अब मेरा नाम बदल कर सुहैल अहमद खान हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।– **सुहैल अहमद खान हुजूर आलम खान, पता – फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल, अवध पैलेस, 55 माथुर कंपाउंड, जगत नारायण रोड, लखनऊ**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व उसकी पत्नी नाजरीन के चाल– चलन ठीक न होने और गलत– व्यवहार के चलते चल–अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी की ओर से किये गये। किसी भी अच्छे–बुरे कार्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी तरह से वास्ता नहीं है। वह लोग स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। –**मोहम्मद इलियास पुत्र मुख्त्यार, निवासी कुसुमखोर, थाना कोतवाली व जिला कन्नौज।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अंशुमान पाण्डेय पुत्र श्री वेंकटेश्वर प्रसाद पाण्डेय मूल निवासी ग्रा0– सोनापार (देवरहना) पो0– रेहरा बाजार, तह0 – उतरौला जनपद–बलरामपुर**, मेरा हाईस्कूल मूल अंक पत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 2381738 वर्ष – 2018, तथा इण्टरमीडिएट मूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक – 2230530 वर्ष 2020 वास्तव में खो गया है ।

**सूचना**

सूच्य हों कि मुझे पहले मोहम्मद आसिम के नाम से जाना जाता था । परन्तु अभिलेखानुसार मेरा सही नाम आसिम खान है । भविष्य में मुझे आसिम खान के नाम से जाना व पहचाना जाए ।– **आसिम खान पुत्र मोहम्मद फारूक खान, निवासी– नि –ग्राम व पोस्ट असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ –रायबरेली**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (डी0एल0) में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश सरफराज आलम अंकित है जो कि गलत लिख गया है, सही नाम मोहम्मद सरफराज आलम (MOHAMMAD SARFARAZ ALAM) पढ़ा व माना जाये। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। निवासी-शमवील आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सरफराज आलम म0 नं0 19/113, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **फरमान अली पुत्र नौशाद अली, निवासी– मो0 आजाद नगर, कस्बा सौरिख, तहसील–छिबरामऊ, जनपद– कन्नौज**, मेरा हाईस्कूल जिसका अनुक्रमांक 1656865 वर्ष 2016 व इण्टरमीडिएट अनुक्रमांक 1277896 वर्ष 2018 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।



बाजार में सजे मोदी के मुखौटे।

# रंग केसरिया 370, गुलाल उड़ेगा इस बार 400 पार

चटख हुए चुनावी रंग

मनोज त्रिपाठी, कानपुर



दुकान पर बिक्री के लिए सजे होली के रंग। अमृत विचार

- विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने त्योहार से पहले खेली थी होली, इस बार भी दो बार होली खेलने की हुंकार
- थोक बाजार में त्योहार की तैयारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे की विभिन्न भाव-भंगिमा वाले मुखौटों की भरमार

**अमृत विचार।** होली के रंग इस बार चुनावी रंग चढ़ने से और चटख होंगे। बाजार की तैयारी से तो यही नजर आ रहा है। होली पर रंग 25 मार्च को खेला जाना है। लेकिन रंग केसरिया नंबर 370 और गुलाल 400 पार ब्रांड के साथ दुकानों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई प्रकार की भाव भंगिमा वाले मुखौटे बिक्री के लिए अभी से सज गए हैं।

होली और चुनाव का संयोग ऐसा है कि इस बार त्योहार चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद होगा, जबकि वर्ष 2022 में होली विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद खेली गई थी। ऐसे में बाजार ने चुनावी रंग भरकर होली को कारोबार के लिहाज से गुलजार करने की तैयारी पूरी कर ली है। थोक बाजार में तरह-तरह की पिचकारियां, रंग, और अबीर-गुलाल के साथ प्रधानमंत्री मोदी मुखौटे सज गए हैं। हालांकि अभी रंग और गुलाल की बिक्री नहीं हो रही है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कितने लोकप्रिय हैं, इसका असर बाजार में उनके चेहरे की विभिन्न आकृतियों वाले मुखौटों की बिक्री से साफ दिखाई दे रहा है। बड़ी मात्रा में आर्डर बुक कराए जाने के साथ फुटकर दुकानदार इन्हें खरीद रहे हैं। थोक बाजार में क्वालिटी और वैरायटी के मुताबिक 40 से लेकर 100 रुपये में मोदी मुखौटा बेचा जा रहा है। मेस्टन रोड पर स्थित बिसाती बाजार में थोक विक्रेता ने बताया कि होली पर परंपरागत रूप से बच्चों में कार्टून कैरेक्टर लंबू-मोटू, चाचा चौधरी, डोरेमोन जैसे मुखौटों की हर साल मांग रहती है, लेकिन इस बार होली में बच्चों की पसंद भी मोदी के चेहरे वाला मुखौटा है।

### भाजपा का दावा, जीत पर होगी दोबारा होली

- राजनीतिक दलों में भाजपा ने पहले ही होली को चुनाव से जोड़ दिया है। विधानसभा चुनाव 2022 से पहले कानपुर देहात के अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यूपी में इस बार होली 10 दिन पहले मनाई जाएगी। 10 मार्च को जब चुनावी नतीजे आएंगे, प्रदेश में धूमधाम से रंगों वाली होली शुरू हो जाएगी। इस बार भाजपा नेता पहले से ही कह रहे हैं कि होली दो बार मनाई जाएगी। पहली 25 मार्च को होली पड़वा पर और दूसरी लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद।



दुकान पर मोदी के चेहरे वाले मुखौटे पहने खड़े युवक।

## एक नजर

### कांशीराम के जन्मदिन पर आ सकती बसपा की पहली सूची

**कानपुर।** बहुजन समाज पार्टी अपने संस्थापक कांशीराम के जन्म दिवस 15 मार्च के दिन प्रत्याशियों की पहली सूची घोषित कर सकती है। बसपा सूत्रों के मुताबिक कानपुर नगर और अकबरपुर सीट के लिए प्रत्याशियों का पैनल तैयार कर लिया गया है। 15 मार्च से पहले पार्टी सुप्रीमो मयावती बैठक में प्रत्याशी चयन को अंतिम रूप दे सकती हैं।

### पुलिस कर्मियों की समस्याओं को किया दूर

**कानपुर।** डीसीपी पश्चिम विजय दुल ने पश्चिम जोन के सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में जोन के विभिन्न थानों से आए पुलिसकर्मियों की समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके निराकरण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस विभाग की ओर से कर्मचारियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं व लाभकारी कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी दी गई। ऑपरेशन त्रिनेत्र, बीट पुलिस ऑफिसर व एंटी रोमियो टीम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों की सराहना की गई। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन योग और मेडीटेशन करें, ताकि मन और शरीर स्वस्थ्य रहे। पुलिस की कार्य प्रणाली, रहन-सहन, जनता के प्रति पुलिस के व्यवहार, कानून एवं शांति बनाये रखने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

### महाना दिल्ली से लौटे, महापौर का नाम आगे किया, पचौरी अभी मैदान में डटे

# शिवरात्रि के दिन भाजपा कर सकती है प्रत्याशी की घोषणा

- ब्राह्मण प्रत्याशी की संभावना पर विधायक महेश त्रिवेदी भी पहुंचे दिल्ली
- वैश्य प्रत्याशी का चयन नहीं होने पर सलिल ने किया पचौरी का समर्थन

विशेष संवाददाता, अमृत विचार

**कानपुर।** कानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा शिवरात्रि के दिन अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। यह संभावना टिकट के लिए दिल्ली की दौड़ लगा रहे दावेदारों ने जताई है। उनके मुताबिक पार्टी शिवरात्रि पर प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी करने की तैयारी को अंतिम रूप दे रही है। इस बीच मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना चार दिन बाद दिल्ली से लखनऊ वापस लौट गए। उन्होंने प्रत्याशिता को लेकर समर्थकों को अभी रुकने के संकेत दिए हैं, इससे सांसद सत्यदेव पचौरी खेमे ने राहत की सांस ली है। पचौरी अभी दिल्ली में डेरा डाले हैं, तो किदवई नगर से विधायक महेश त्रिवेदी भी दिल्ली पहुंच गए हैं।



भाजपा द्वारा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के दस संसदीय क्षेत्रों में नौ पर नाम घोषित किए जाने और कानपुर सीट होल्ड किए जाने से प्रत्याशिता के लेकर रोज नए समीकरण उभर रहे हैं। सांसद सत्यदेव पचौरी के समर्थक लगातार उन्हें दोबारा टिकट मिलने का दम भर रहे हैं। उनका कहना है कि जनमन सर्वे में टॉप फाइव पर पहुंचने कानपुर में सर्वाधिक प्रोजेक्ट लाने वाले पचौरी में आखिर क्या कमी है? उनकी उम्र के कई लोगों को पार्टी ने पहली सूची में मैदान में उतारा है। नए समीकरण में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष एमएलसी सलिल विश्नोई भी पचौरी के लिए माहौल बनाने में जुट गए हैं। पहले वह खुद दावेदार थे। उनके लोगों का कहना है कि भाजपा कानपुर से किसी वैश्य के नाम पर विचार करती है तो सलिल का नाम सर्वथा उपयुक्त है। जानकारी के मुताबिक पचौरी ने भाजपा संसदीय बोर्ड के प्रभावशाली नेताओं से मिलकर अपना पक्ष रखा है। इस बीच पचौरी के बेटे अनूप भी दिल्ली पहुंचे हैं। माना जा रहा है कि सांसद पचौरी अपने नाम पर फैसला नहीं होते देखकर पुत्र अनूप पचौरी का नाम आगे कर सकते हैं। इस सबके बीच कई भाजपा नेताओं का कहना है कि संसदीय बोर्ड शहर सीट पर कोई चौंकाने वाला फैसला ले सकता है, फिलहाल इसका अनुमान लगाना मुश्किल है। कहा यह भी जा रहा है कि कानपुर में महाना और पचौरी के बीच राजनीतिक बैर की बयार से बचने के लिए पार्टी कोई नया चेहरा उतार दे तो बड़ी बात न होगी।

### महिला प्रत्याशी की अटकलें





- भाजपा संसदीय बोर्ड 2024 के लोकसभा चुनाव में पिछले चुनाव के मुकाबले महिलाओं को अधिक महत्व दे रहा है। ऐसे में कानपुर-बुंदेलखंड के दस संसदीय क्षेत्रों एक सीट महिला को देने की अटकलें लगायी जा रही है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि महाना ने अपने स्थान पर एक बार फिर प्रमिला पांडे का नाम प्रस्तावित कर दिया है। दूसरी तरफ रनियां-अकबरपुर से विधायक और योगी सरकार में मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी दिल्ली में हैं। ऐसे में महिला को उतारा गया तो इन दोनों में से कोई एक नाम हो सकता है।

## यत्र तत्र सर्वत्र



तीरंदाज

इन्हें कानपुर में भला कौन नहीं जानता होगा? कभी नेताजी की फ्रेंचकट दाढ़ी हुआ करती थी। कुरता-पाजामा, चप्पल। गर्मी में आंखों पर महंगा सनग्लास। खादी का झोला तब भी कंधे पर टांगे गांधीवादी होने का स्वांग किया करते थे। हां, बिना इनके फोटो नहीं पूरी होती थी। यह बात तकरीबन 1989 से 2000 के बीच की है। समय बदला, राजनीति बदली, दलों ने नाम बदले, नेता बदले। लेकिन भइया जस के तस। कोई शहीद हो, अपने जमाने का बड़ा नेता हो, क्रांतिकारी हो..सबकी जयंती, पुण्यतिथि में भइया पहले की तरह मिल जाते हैं। पीढ़ी की पीढ़ी बदल गयी। मीडिया के लोग रिटायर होकर बैठ गए। पर भइया का आलम यह है कि सारा दिन बरबाद-छपासू जिंदाबाद। गांधी, नेहरू, लाला लाजपतराय, चौधरी चरण सिंह आदि महापुरुषों के नाम से जुड़ी संस्थाओं में ये बाकायदा किसी न किसी ओहदे पर विराजमान दिखते हैं। हिंदुत्व के प्रति इनका लगाव तो किसी भी हिंदू संगठन के अलंबरदार को मात दे देगा। गाय की सेवा हो या गोवर्धन का आदर। बिल्ली के भाग्य के छीका टूटा और इनकी सियासी पार्टी का याराना हिंदुत्व की राजनीति करने वाली पार्टी से हाल ही में हो गया। आना-जाना शुरू। प्रेस नोट, फोटो दे दनादन चालू।

### टर्राने लगे बरसाती मेढक

अपना जातीय संगठन परमानेंट अपनी जेब में डाले रहते हैं। कम से कम तीस साल से तीरंदाज ही इनको रीड कर रहा है। चुनाव चाहे मेयर का हो या विधानसभा का या फिर लोकसभा का। बुर्राक दाढ़ी और बाल रखाए बौद्धिक लुक हर दल के दरवाजे पर खड़े रहते हैं। जैसे हारमोनियम टांगे गा रहे हों, नगरी-नगरी द्वारे-द्वारे ढूंढू रे सांवरियां, टिकट-टिकट रटते-रटते हो गयी मैं बावरिया..। हर दरवाजे पर पहुंचते ही उनके अंदर से आवाज निकलती है, 'एक टिकट का सवाल है भइया..।' कितने साल से झोली फैलाए ये रईस खड़ा है। पूरा जीवन बिरादरी पर निछावर कर दिया है। हमरे हे बूते कउनों एमएलसी बन जाता है तो कउनों सांसद, कउनों टिकट पाकर हार जाता है। पर हमारी किसी ने नहीं सोची। अब क्या खुलकर कहें कि जिंदगी के आखिरी पड़ाव पर हैं, सत्तर पार हो रहे हैं कोई तो सुधि लो।

### मेरा पिया घर आया हो रामजी..

दो साल तक सियासी बियाबान में केसरिया पलटन का झंडा उठाए ठांव की तलाश में नेताजी फिर वहीं जा पहुंचे जहां से चले थे। पूर्व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने ऐसे हाथों हाथ लिया जैसे कि वह कहीं गए ही नहीं थे। कार्यकर्ता जहां पर थे, उसी के निकट कहीं से फिल्मी गाने की धुन आ रही थी कि 'मेरा पिया घर आया हो रामजीनेता भी साथ लाया कारें भी साथ लाया, हमको रिझाने आया हो...मेरा पिया घर आया हो रामजी।'

### और अंत में...

चुनावी माहौल है। लोगों की पुरानी दबी हुई इच्छाएं जाग्रत हो चुकी हैं। टिकट की दावेदारी खास और आम दोनों ही नेता करने लगे हैं। एक नेता कचहरी के इर्द-गिर्द टहलते मिल जाएंगे। हालांकि चाय नाश्ता तो दूसरे के खाते से रोज ही प्राप्त हो जाता है। अब वह यह कहते हुए देखे जा रहे हैं हम भी लड़ेंगे हम भी लड़ेंगे। तभी दबी जबान से किसी ने कमेंट कियाघर में नहीं दाने, अम्मा चलीं भुनाने।

# कांग्रेस-सपा ने सजाया साझा चुनावी मोर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सपा-कांग्रेस गठबंधन की बैठक को संबोधित करते सपा जिलाध्यक्ष साथ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पदाधिकारी। अमृत विचार

- लोकसभा चुनाव के लिए गठित की जाएंगी 21 समितियां
- सपा कार्यालय में हुई कांग्रेस नेताओं के साथ पहली बैठक

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी भले ही नहीं घोषित किया हो, लेकिन गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनावी तैयारी की रणनीति बनानी बनानी शुरू कर दी है। नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को दोनों दलों के पदाधिकारियों की पहली बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि चुनाव के लिए 21 समितियों का गठन होगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी ने बैठक में कहा कि महानगर में कांग्रेस के जिस प्रत्याशी को लोकसभा का टिकट मिलेगा, उसे सपा के साथ मिलकर मजबूती से चुनाव लड़ाया जाएगा। दोनों दलों के विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पार्षद और पदाधिकारियों की बैठक में लोकसभा चुनाव की रणनीति तय की जाएगी। सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सात मार्च को होने वाली बैठक में सपा व कांग्रेस के पदाधिकारियों व विधानसभा अध्यक्षों को बुलाया जाएगा।

वार्ड स्तर पर चुनाव संचालन समिति, प्रवक्ताओं की जनसंपर्क समिति, सोशल मीडिया, चुनाव आयोग से संपर्क, जनसभा कमेटी व प्रचार प्रसार समिति समेत 21 समितियों के गठन को अंतिम रूप दिया जाएगा। जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। शहर में सड़कें टूटी हैं और जगह-जगह जाम लगता है। अस्पतालों में भीड़ है। इन मुद्दों को प्रचार व जनसंपर्क में लोगों के बीच ले जाया जाएगा। भाजपा के झूठे वादों को उजागर किया जाएगा।

बैठक में केके शुक्ला, शंकर दत्त मिश्रा, शैलेंद्र यादव मिंटू, संजय सिंह बंटी सेंगर, महेश मेधानी, नंदलाल जयसवाल, महेश दीक्षित, सत्यनारायण गहरवार, दिलीप शुक्ला, हाजी अयूब आलम, लल्लन अवस्थी, महेन्द्र सिंह, आंनद शुक्ला, सिराज कुरैशी, फकरे आलम, ,मुमताज मंसूरी, संजय निषाद, जसवेंद्र निषाद मौजूद रहे।

# हिंदू समाज के खिलाफ साजिशों को मिलकर करना है परास्त : चंपत राय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हिंदू समाज को आंतरिक रूप से स्वस्थ स्वावलंबी, पुरुषार्थी और स्वाभिमानी बनाना है। स्वाभिमानी समाज ही जीवन मूल्यों की रक्षा कर सकता है। हिंदू समाज को खोखला करने वाले षड्यंत्रों और बुराइयों को समाप्त करने के लिए निरंतर कार्य करते रहना है। यह आह्वान मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद की ओर से सिविल लाइंस स्थित होटल लिटिल शेफ में आयोजित धर्मरक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम में विहिप के केन्द्रीय उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास के महासचिव चंपत राय ने किया।



विहिप के धर्मरक्षा निधि समर्पण कार्यक्रम में बोलते उपाध्यक्ष चंपत राय। अमृत विचार

### जो लोग छीन लिए गए उन्हें जड़ों की याद दिलाते रहें

- विहिप नेता ने कहा कि जो करोड़ों लोग हमारे समाज से कालांतर में छीन लिए गए, उनसे अपनी जड़ों को याद करने का निरंतर आग्रह करते रहना, भारत फिर से विश्व गुरु बने, सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना हो यह संपूर्ण हिंदू समाज का दायित्व है। इससे पहले उन्होंने विहिप पदाधिकारियों के साथ श्रीराम जानकी दरबार का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

चंपत राय ने कहा कि भारत युवाओं का देश है, भारत की तरुणाई को संस्कारित बनाना और जागृत करना तथा लौकिक व्यवहार में भाईचारा बनाए रखना आवश्यक है। समाज के द्वारा समाज के सहयोग से समाज के लिए काम करना समाज का ही दायित्व है, निरंतर बंधुत्व के भाव से समाज को जोड़ना हमारा कार्य है। धर्मरक्षा निधि समर्पण में विशेष योगदान करने वाले बन्धुओं को सम्मानित किया गया। विहिप प्रान्त अध्यक्ष राजीव महाना ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नीतू सिंह, गुलशन धूपर, नवीन भार्गव, राजीव त्रिपाठी, विहिप क्षेत्र संगठन मंत्री गजेन्द्र, कार्याध्यक्ष डॉ. उमेश पालीवाल, परमेश्वर, नरेश माहेश्वरी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### मोदी-योगी पर भरोसे से जनता भरेगी मतों की झोली

**कानपुर।** जगह-जगह स्वागत से अभिभूत भाजपा के अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कहा इस मर्तबा पांच लाख वोटों के विशाल अंतर से चुनाव जीतेंगे। मंगलवार को भाजपा, भाजपा किसान मोर्चा, वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ, विद्यार्थी परिषद सहित अन्य संगठनों ने भोले का रायपुर, सचेंडी, भौंती, पनकी में स्वागत किया। देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार की कानून व्यवस्था को लेकर जनता भाजपा के पक्ष में एक तरफा मतदान करने के मूड में है। जनता को मोदी-योगी पर विश्वास है। यह विश्वास उन्हें आशीर्वाद के रूप में मतों के माध्यम से प्राप्त होगा। स्वागत में लोकसभा संचालन समिति के प्रभारी राजेश तिवारी, संयोजक दिनेश राय, कार्यालय प्रभारी शीलू पांडे, श्यामू तिवारी, देबू चौहान,अनिल दीक्षित, उमेश निगम,राजेश सेंगर, अनुभव कटियार रहे।



भाजपा कार्यालय में हुआ मिष्ठान वितरण। अमृत विचार

### अनिल कुमार के मंत्री बनने पर बांटी मिठाई

**कानपुर।** भाजपा नवीन मार्केट कार्यालय में रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने जिला अध्यक्ष दीपू पांडे को मिठाई खिलाकर अनिल कुमार को मंत्री बनाए जाने की बधाई दी। जिला महामंत्री अवधेश सोनकर, सत्येंद्र नाथ पांडे, अंकित बाजपेई, राघवेंद्र मिश्रा, रोहित साहू, गौरव द्विवेदी साथ रहे।



स्कूटी रैली निकालतीं भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

### महिला मोर्चा ने निकाली बाइक रैली

**कानपुर।** मंगलवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय से भाजपा दक्षिण महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी के नेतृत्व में किदवई नगर, छावनी और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में बाइक रैली निकाली गई। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने रैली को रवाना किया। स्वयंसेवी संस्थाओं, एनजीओ, भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं विद्यालयों की छात्राओं ने भाग लिया। बाइक रैली पार्टी कार्यालय से सचान चौराहा, दीप सिनेमा तिराहा, सोटे वाले बाबा हनुमान मंदिर, बाबा कुटी , किदवई नगर चौराहा, संजय वन, के ब्लॉक होते हुए नौबस्ता चौराहे पहुंची, जहां समापन हुआ। अनीता गुप्ता, रीता शास्त्री, पुष्पा तिवारी, अर्चना सिंह,पलक सिंह, आशा तोमर , स्नेहलता सिंह ,स्नेह मिश्रा, मालती पासवान शामिल रहीं।

सियासत

### शक्ति वंदन कार्यक्रम की समाप्ति पर पीएम नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने आज जुटेंगे भाजपाई

# गंगागंज में नीलिमा कटियार व बर्रा-पांच में दीपू करेंगे मेजबानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने नवीन मार्केट कार्यालय में मंडल पदाधिकारियों के साथ आगामी कार्यक्रमों एवं बुधवार को आयोजित शक्ति वंदन अभियान पर बैठक की। इसमें तय हुआ कि नारी शक्ति वंदन अभियान के लिए सभी 14 मंडलों में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के साथ कार्यक्रम की समाप्ति होगी।



सीसामऊ क्षेत्र में निकाली गई यात्रा में शामिल एमएलसी सलिल विश्नोई। अमृत विचार

कल्याणपुर विधानसभा के कल्याणपुर मंडल में भोला पार्वती इंटर कॉलेज गंगागंज में विधायक नीलिमा कटियार उपस्थिति रहेंगी। गीता नगर मंडल में राहुल ग्रैंड होटल में महामंत्री जितेन्द्र शर्मा, तिलक नगर मंडल में पार्षद लाला निषाद, नारामऊ मंडल में दयालेश्वर धाम दयानंद बिहार में महामंत्री अवधेश सोनकर व दीपक चौहान रहेंगे। गोविंद नगर विधानसभा के पनकी मंडल में कार्यक्रम राहुल ग्रैंड होटल में होगा जिसमें पार्षद आरती त्रिपाठी उपस्थित रहेंगी।

रतनलाल नगर मंडल के भगवती गेस्ट हाउस बर्रा पांच सब्जी मंडी कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीपू पांडे रहेंगे। रामलाल नगर मंडल में कार्यक्रम आकाश गेस्ट हाउस रावतपुर में होगा। यहां जिला उपाध्यक्ष रंजीता पाठक और पार्षद शुभा शुक्ला, लाजपत नगर मंडल मे शताब्दी ट्रैवल्स में कार्यक्रम में विधायक सुरेंद्र मैथानी रहेंगे। सीसामऊ विधानसभा में कौशलपुरी मंडल नेहरू नगर बारातशाला में प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सलिल बिश्नोई, चुन्नीगंज मंडल में महापौर प्रमिला पांडे, पार्षद अंकित मौर्य रहेंगे, रायपुरवा मंडल में चंद्रिका देवी चौराहे के कार्यक्रम में अनूप अवस्थी व पार्षद आकर्ष बाजपेई रहेंगे। आर्य नगर विधानसभा में कलक्टरगंज मंडल में जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, पार्षद विकास साहू रहेंगे। जनरलगंज मंडल में लखनऊ फाटक के सामने पूर्व प्रत्याशी आर्यनगर सुरेश अवस्थी एवं शिवनारायण मिश्र, परमट में पार्षद जीतू बाजपेई रहेंगे। बैठक में पूनम कपूर, आनंद मिश्रा, कपिल गुप्ता, अनुराग शर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, अमित बाथम, नवाब सिंह, दीपक सिंह, अभिनव दीक्षित मौजूद रहे।

### चार विधानसभा क्षेत्रों में नारी शक्ति वंदन पैदल मार्च

**कानपुर।** महिला मोर्चा की ओर से नारी शक्ति वंदन पैदल मार्च जिलाध्यक्ष सरोज सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। सीसामऊ विधानसभा में नारी शक्ति वंदन पैदल मार्च संगीता टॉकीज से शुरू होकर वनखंडेश्वर मंदिर से होकर जिला मंत्री गुंजन शर्मा के घर पर खत्म हुआ। महिला कार्यकर्ता योगी-मोदी जिंदाबाद, मोदी जी को धन्यवाद नारे लगाती रहीं। एमएलसी सलिल विश्नोई, प्रदेश मंत्री विजय तिवारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, अनूप अवस्थी, अंकित बाजपेई, गौरव पांडे, प्रीति साहू, संयोगिता तिवारी, सुधा सिंह, सुमन वर्मा, गीता निगम, मंजू कटियार, अंजू श्रीवास्तव शामिल रही।

# वनवे व ई-रिक्शा ने निकाला कल्याणपुर बाजार का दम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कल्याणपुर-पनकी रोड स्थित बाजार में वनवे व्यवस्था लागू होने व ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण बाजार का दम निकला जा रहा है। वनवे व्यवस्था लागू होने के बाद से बाजार में आने वाले ग्राहकों की संख्या आधी से भी कम रह गई है। ग्राहकों के अभाव में कई दुकानदार तो दुकानें तक खाली कर चुके हैं। व्यापारी वनवे व्यवस्था खत्म करने के लिए कई बार आंदोलन तक कर चुके हैं, लेकिन सुध नहीं ली गई। इक्का दुक्का आने वाले ग्राहक बाजार में ई-रिक्शा चालकों की अराजकता के कारण आने में कतराते हैं, जिस कारण व्यापार पूरी तरह से चौपट होता जा रहा है।

आईआईटी, मंधना, बिठूर, शिवराजपुर, चौबेपुर, बिल्हौर तक के लोगों के लिए मुफीद कल्याणपुर बाजार वनवे व्यवस्था लागू होने के बाद से चौपट होने की कगार पर है। कल्याणपुर-पनकी रोड पर स्थित करीब 40 साल पुरानी बाजार में करीब 2500 से अधिक रेडीमेड, इलेक्ट्रानिक, किराना, फुटवियर की दुकानें हैं। रोजाना 40 से 50 हजार की संख्या में ग्राहकों का आवागमन होता है। रोजाना पांच से 10 करोड़ का टर्न ओवर देने वाला यह बाजार प्रशासन की वनवे व्यवस्था से बेहाल होता जा रहा है। जीटी रोड पर इंदिरा नगर कट बंद होने के बाद से ग्राहकों को बिठूर मोड़ से यूर्निवर्सिटी कट से होकर बगिया क्रॉसिंग से होकर आवास विकास के रास्ते से बाजार में आना पड़ता है। जिससे बाजार में आने के लिए ग्राहकों का दो किलोमीटर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इसके साथ ही बाजार में वनवे व्यवस्था लागू कर दी गई है। जिससे वाहन सवार ग्राहकों को गलियों में वाहनों को खड़ा करके आना पड़ता है। कट बंद होने व वनवे लागू होने से बाजार में ग्राहक कतराने लगे हैं।

**बेजार बाजार**



कल्याणपुर में आधी सड़क घेरे है अवैध सब्जी व फल मंडी। अमृत विचार



पूरी सड़क पर कब्जा, कैसे निकलें राहगीर। अमृत विचार

- इंदिरा नगर कट बंद होने से दूरी दो किलोमीटर बढ़ी
- रोजाना 50 हजार से अधिक ग्राहक आते थे, आधे हुए
- क्रॉसिंग से सीएनजी पंप तक 250 ई-रिक्शा का कब्जा

### सब्जी मंडी ने गुम किया फुटपाथ

इंदिर नगर कट बंद होने के बाद से सब्जी विक्रेताओं ने फुटपाथ पर कब्जा कर लिया है। जिससे सड़क पर पांच-पांच फिट के फुटपाथ पूरी तरह से गायब हो चुके हैं। सब्जी मंडी के कारण बाजार में पैर रखने की जगह भी नहीं होती है। सब्जी मंडी के कारण बाजार में छुट्टा जानवरों का आतंक है।

### 500 मीटर के हिस्से में 250 से अधिक ई-रिक्शे

कल्याणपुर क्रॉसिंग से सीएनजी पेट्रोल पंप तक पांच सौ मीटर के दायरे में दोनो ओर ई-रिक्शा चालकों की दिन भर धमाचौकड़ी लगी रहती है। क्रॉसिंग से गनपत कांपलेक्स तक करीब 250 ई-रिक्शा चालक खड़े होते हैं। जिससे बाजार में जाम की स्थिति बनी रहती है। व्यापारियों ने बताया कल्याणपुर में करीब 30 से 35 हॉस्पिटल हैं। ई-रिक्शा चालकों की अराजकता से कई बार एंबुलेंस जाम में फंसी रहती है।

### ............... क्या बोले व्यापारी ...............

दो साल तक कोरोना महामारी के कारण व्यापार चौपट रहा। पिछले डेढ़ साल से कट बंद होने के बाद से व्यापारी आत्महत्या करने की कगार पर पहुंच गया है। कट बंद होने से बाजार में आने के लिए दो किलोमीटर की दूरी बढ़ गई है। जिससे ग्राहक बाजार में आने से कतराने लगा है। कई बाद अधिकारियों से शिकायत भी की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।



–मुन्ना राय

ई-रिक्शा की अराजकता बाजार की मुख्य समस्या है, जिस कारण जाम की समस्या होती है। जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों पर लगाम लगाने के बजाए इंदिरा नगर कट बंद कर दिया, जिससे व्यापार चौपट हो गया। ई-रिक्शा चालकों के लिए स्टैंड निर्धारित किया जाए। बीच सड़क पर सवारी बैठाने पर चालान किया जाए।



–मनीष दुबे

बाजार में एक भी यूरिनल नहीं है। नगर निगम अधिकारियों से कई बार शिकायत के बाद एक यूनिरल का निर्माण किया गया, जो कि बाजार से पांच सौ मीटर की दूरी पर है। यूरिनल न होने से महिला ग्राहकों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। बाजार में एक ई-टॉयलेट की व्यवस्था की जाए।



–प्रांजल मिश्रा

इंदिरा नगर कट बंद होने से ग्राहकों को काफी दिक्कते हो रही है। बाजार में आने के लिए सबसे नजदीक का यूटर्न दो किलोमीटर दूर है। ग्राहक बीमा क्रॉसिंग से आवास विकास रोड होकर बाजार में आते हैं। आवास विकास का मार्ग भी जर्जर है, जिस कारण जाम की समस्या होती है। इंदिरा नगर कट को खोला जाना चाहिए।



–प्रदीप अवस्थी

# पूर्व आवंटी को कटौती राशि ब्याज सहित मिलेगी

## ट्रांसगंगा सिटी का मामला, यूपी रेरा में राजकुमार यादव ने की थी शिकायत, पैसा वापस करेगा यूपीसीडा

कार्यालय संवाददाता कानपुर

**अमृत विचार।** गंगा बैराज पर बसाई जा रही ट्रांसगंगा सिटी द्वारा वापस किए गए भूखंड के बदले में जमा राशि में से 30 प्रतिशत की कटौती यूपीसीडा प्रबंधन को भारी पड़ी। यूपी रेरा ने पूर्व आवंटी राज कुमार यादव की शिकायत पर प्राधिकरण को आदेश दिया है कि वह काटी गई राशि 3,32,517 पर एमसीएलआर प्लस एक प्रतिशत ब्याज दे और काटी गई राशि भी वापस करे। इस फैसले के बाद अब वे आवंटी भी यूपी रेरा में वाद दायर कर सकते हैं जिन्होंने भूखंड वापस किया था और जमा राशि पर कटौती की गई थी।

ट्रांसगंगा सिटी में हाउसिंग श्रेणी के भूखंडों को 15 अगस्त 2015 को लांच किया गया था। प्रथम फेज के आवंटियों को दिसंबर 2016 एवं द्वितीय फेज के आवंटियों को मार्च 2017 में परियोजना में समस्त सुविधाएं विकसित कर कब्जा दिया जाना था किन्तु प्राधिकरण प्रबंधन ने ऐसा नहीं किया। कब्जा मिलने में देरी से आवंटी परेशान हो गए। तमाम आवंटियों ने भूखंड सरेंडर करने के लिए आवेदन किया। बताते हैं कि जमा राशि में से 30 फीसद राशि काटकर प्राधिकरण ने लोगों को पैसे वापस किए। ऐसे लोगों में एक आवंटी थे राजकुमार यादव। उन्होंने 120 वर्गमीटर का भूखंड लिया था। इसके एवज में जमा 10,18,627 रुपये 29 अक्टूबर 2018 को वापस मांग ली थी। उक्त धनराशि वापसी के पत्र पर प्राधिकरण ने 16 फरवरी 2019 को 6,86,110 रुपये वापस कर दिया। मूलधन में से 3,32,517 रुपये काट लिए गए थे। राज कुमार यादव ने ट्रांसगंगा सिटी रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक द्विवेदी के माध्यम से 21 जनवरी 2023 को यूपी-रेरा में वाद दायर किया था। कटौती की गई राशि के वापस मांगा था। मामले में सुनवाई करते हुए यूपी-रेरा के चेयरमैन संजय आर भूसरेड्डी चार मार्च 2024 को राज कुमार यादव में शिकायत को निस्तारित कर दिया और कहा कि शिकायतकर्ता राज कुमार यादव को प्राधिकरण काटे गये रुपये को एमएलआरसी प्लस वन प्रतिशत ब्याज सहित वापस करे।





### 600 आवंटियों ने वापस ली थी राशि

जब ट्रांसगंगा सिटी में काफी समय बाद अपेक्षित विकास कार्य नहीं हो पाये तो 600 आवंटियों ने वर्ष 2018-2019 में आवंटित भूखंड वापस कर दिया था और अपनी जमा राशि संस्था से वापस ले ली थी।

**30** प्रतिशत कटौती करना भारी पड़ा

**01** प्रतिशत ब्याज के साथ धन लौटाने का आदेश

ट्रांसगंगा सिटी में विकास कार्य पूरे न हो पाने के लिए आवंटी जिम्मेदार नहीं थे। उन्हें तो बैंकों को ब्याज देना पड़ रहा था इसलिए भूखंड समर्पित किए थे, लेकिन प्राधिकरण ने जमा राशि पर 30 फीसद की कटौती की। इससे उन्हें दोहरा झटका लगा। यही वजह है कि आवंटियों ने यूपी रेरा में वाद दायर किया। उनके पक्ष में फैसला निरंतर आ रहा है।



–दीपक द्विवेदी, अध्यक्ष ट्रांसगंगा सिटी रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन

## कैंपस सेलेक्शन में आठ को नौकरी

**कानपुर।** प्लेसमेंट ड्राइव में विवि के आठ छात्र-छात्राएं बेहतर सालाना पैकेज पर चयनित हुए। कुलपति ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में प्लेसमेंट सेल के माध्यम से 22 फरवरी को एक वर्चुअल ड्राइव हुई थी। जिसमें चयनित छात्र-छात्राओं का परिणाम कंपनी ने 29 फरवरी को जारी किया। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. प्रभात द्विवेदी ने बताया कि कंपनी ने विवि कैंपस के बीटेक अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का वर्चुअल साक्षात्कार लिया था। उक्त प्लेसमेंट ड्राइव में एरीक्शन कंपनी के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के बाद कुल आठ छात्र-छात्राओं जिसमें महक श्रीवास्तव, पूजा गुप्ता, राहुल यादव, श्रेया दीक्षित, उत्कर्ष चतुर्वेदी, नवनीत यादव, रिचा कुमारी, प्रतिभा कुमारी का 3.75 लाख के सालाना पैकेज पर चयन किया है।

# सपा विधायक समेत सात पर आरोप तय, 18 को सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फर्जी आधार कार्ड मामले में कार्रवाई आगे बढ़ी

**अमृत विचार।** फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने के मामले में आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत सात आरोपियों के खिलाफ एमपीएमएलए कोर्ट में आरोप तय हो गए हैं। अदालत ने सुनवाई की तिथि 18 मार्च निर्धारित की है। आगजनी कांड के बाद सपा विधायक ने फरारी के दौरान फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा की थी।

नजीर फातिमा की झोपड़ी फूंकने के मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी उनके भाई रिजवान सोलंकी समेत सात आरोपियों के खिलाफ जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था।

इसके बाद से सपा विधायक फरार चल रहे थे। इरफान ने सपा नेत्री नूरी शौकत के भाई अशरफ अली के नाम से फर्जी आधार कार्ड बनवाकर हवाई यात्रा की थी। 26 नवंबर को ग्वालटोली थाने में इरफान, नूरी शौकत, अम्मार इल्लाही, अख्तर मंसूरी, अनवर मंसूरी, अशरफ, इशरत के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जी सरकारी दस्तावेज बनाना, उनका इस्तेमाल करना, षड़यंत्र रचना आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला एमपीएमएलए लोअर कोर्ट आलोक यादव की कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को मामले के सातों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए। डीजीसी दिलीप अवस्थी ने बताया कि सपा विधायक को मुख्य आरोपी बनाया गया है। फर्जी आधार कार्ड बनवाने में नूरी शौकत समेत अन्य आरोपियों ने भी मदद की थी। आरोपियों ने सपा विधायक को शहर से बाहर निकालने में भी मदद की थी।

# गंदे दांतों से हो सकती दिल की बीमारी

**राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुस्कराते या फोटो खिंचाते समय सफेद चमकते दांत खूबसूरती बढ़ा देते हैं। लेकिन इसके बावजूद अधिकतर लोग दांतों की सेहत को लेकर कम फिक्रमंद रहते हैं, जबकि दांतों की सही तरीके से सफाई न करना कई बीमारियों का कारण बन सकती है। यहां तक कि इस कारण दिल की बीमारी होने का भी खतरा रहता है। दांतों की सही देखभाल नहीं करने से खून में बैक्टीरियल संक्रमण की स्थिति पैदा होने का दुष्प्रभाव सीधा दिल पर पड़ता है।

हैलट अस्पताल में दंत रोग विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन करीब सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें 90 प्रतिशत लोग दांतों में संक्रमण और गंदे दांतों की समस्या से पीड़ित रहते हैं। ठीक से दांतों की सफाई न करने के कारण इनमें अधिकतर लोगों को कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। दरअसल लोग दांतों की स्वच्छता का मतलब सिर्फ दांतों में कीड़े लगने, टूटने व दर्द आदि से ही जुड़ा मानते हैं, जबकि कई शोधों से साबित हो चुका है कि दांतों की गंदगी भी हार्ट अटैक का कारण बन सकती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के दंत रोग विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर व मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ.शिशिर धर ने बताया कि दांतों व मसूड़ों के बीच कई तरह के बैक्टीरिया होते हैं। इसमें से स्ट्रेप्टोकोकस व स्टेटोफाइलोकोकस बैक्टीरिया अधिक खतरनाक होते हैं। इनसे सबएक्यूट व इंफेक्टिव बैक्टीरियल एंडोकार्डिटिस (साबे) बीमारी होने का खतरा रहता है। यह बीमारी अधिकतर जन्मजात या अनुवांशिक रूप से दिल के रोगियों में पाई जाती है।





एसोसिएट प्रो. शिशिर धर।

- दांतों-मसूड़ों के बीच के बैक्टीरिया खून के रास्ते दिल के वॉल्व या इंडोकार्डियम को पहुंचाते नुकसान

### हैलट के डेंटल विभाग में आईं दो आधुनिक मशीनें

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि डेंटल विभाग को दो आधुनिक कंप्यूटराइज्ड डेंटल चेयर उपलब्ध कराई गई हैं। इनमें माइक्रो मीटर, एक्सरे व्यूवर, एलईडी लाइट, हाई सेक्शन, इंबिलिट एक्सलेटर आदि की सुविधा है। इन चेयर पर नई तकनीक से डॉक्टरों को इलाज करने में आसानी होगी।

### दंत रोग विभाग में सुविधाएं

हैलट के दंत रोग विभाग में दांत में मसाला भरने, आरसीटी, दांत उखाड़ना, अक्ल दांत सही करना, मवाद व दांतों में इंफेक्शन, जबड़े में दर्द आदि से संबंधित मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही कैंसर की स्क्रीनिंग व डायग्नोसिक भी की जाती है।

## किसानों की मेहनत देखी वैज्ञानिकों ने

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर व निकरा परियोजना के तहत जोनल मॉनिटरिंग कमेटी के वैज्ञानिकों ने औरंगाबाद गांव में किसानों के खेतों पर किए गए प्रदर्शन को देखा। टीम ने किसानों की गेहूं की फसल का निरीक्षण किया।

टीम के चेयरमैन डॉ. बी गंगवार के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से संबंधित कृषि कार्यों व केंद्र के कृषि कार्यों का अवलोकन किया गया। वैज्ञानिकों ने निकरा परियोजना की कृषि तकनीकियों को अपनाकर तैयार की गई फसलों व किसानों की सराहना की। निकरा परियोजना का मुख्य उद्देश्य कृषि को जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभाव से बचाना है।

# कभी अलविदा ना कहना...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गार्डेनिया पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह जेनेसिस में सोनू निगम ने झुमाया
- एक के बाद एक गीतों के जरिए अपने फैंस की पूरी की फरमाइश

**अमृत विचार।** बॉलीवुड सिंगर सोनू निगम ने मंगलवार को अपने गीतों से महफिल सजा दी। सीएसए मैदान में गार्डेनिया पब्लिक स्कूल के वार्षिक समारोह के दौरान सोनू निगम ने अपने हिट गानों से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान उन्होंने अपने फैंस की फरमाइशों को भी नजर अंदाज नहीं किया। एक के बाद एक गीतों के जरिए लोगों की तालियां बटोरी।

'कभी अलविदा ना कहना, और 'ऐसा पहली बार हुआ है 17 18 सालों में' जैसे गीतों से उन्होंने श्रोताओं को मंच के करीब लाया। श्रोता और मंच के बीच दूरी कम होने के बाद दर्शकों ने भी उत्साह के साथ सोनू निगम का स्वागत किया। इस बीच सोनू निगम ने जब 'हेलो कानपुर' 'आई लव यू कानपुर' जैसे अभिवादन किया तो लोगों ने भी अपने मोबाइल के टॉर्च जलाकर सोनू निगम का इस्तकबाल किया। सोनू निगम को अपने बीच पाकर श्रोताओं में जमकर जोश दिखा। इसी जोश के बीच बॉलीवुड सिंगर ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। सोनियो ओ सोनियो, दीवाना तेरा तुझे ही बुलाए, हंस मत पगली प्यार हो जाएगा, देखा तुमको जबसे देखा तुमको यार जैसे सांग्स पर जमकर झुमाया। इस बीच सोनू निगम ने मंच से लोगों को बताया कि उनको मंच पर गाते हुए 46 साल पूरे हो गए हैं। इसी बीच उन्होंने अपने 25 साल पुराने एल्बम का गाना कभी अलविदा ना कहना गाकर सभी का अभिवादन किया।



सोनू निगम। अमृत विचार

**बढ़ाया उत्साह** आराध्य, समीर और सिद्धार्थ के शानदार प्रदर्शन से मेजबान टीम मजबूत, सेमीफाइनल में मुंबई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी

# यूपी की शुरुआत खराब रही, बाद में कप्तान ने पारी को संभाला

**खेल के मैदान से**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट
- यूपी ने पांच विकेट पर 279 रनों का स्कोर बनाया

**अमृत विचार।** अंडर-23 कर्नल सीके नायडू ट्राफी में सेमीफाइनल में दो दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। तीसरे दिन मंगलवार को बल्लेबाजी करने उतरी यूपी टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रहीं। चार विकेट के नुकसान के बाद कप्तान समीर रिजवी, आराध्य यादव और फिर सिद्धार्थ यादव ने शानदार प्रदर्शन कर मेजबान टीम को अच्छी हालत में पहुंचाया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक यूपी ने पांच विकेट पर 279 रन बना लिए हैं। 81 रन के साथ आराध्य यादव और 55 पर सिद्धार्थ यादव खेल रहे हैं।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में सेमीफाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला मुंबई टीम के लिए फायदेमंद साबित हुआ। सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर मुंबई के गेंदबाज धनित राउत ने 11 रनों के स्कोर पर यूपी के ओपनर स्वस्तिक चिकारा को आठ रनों पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पहले पायदान पर उतरे कृतज्ञ सिंह भी कुछ खास नहीं कर सके और पांच रन बनाकर जैद पाटनकर की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। 24 रनों पर दूसरा विकेट गिरने के बाद रितुराज शर्मा व आराध्य यादव ने मिलकर स्कोर को बढ़ाना शुरू किया, लेकिन 26.1 ओवर में 46 रनों पर रितुराज 15 रन बनाकर मुंबई के कप्तान अथर्व विनोद अनकोलकर का शिकार हो गए। लंच तक यूपी का स्कोर तीन विकेट पर 64 रन था। यूपी का चौथा विकेट 80 रनों पर आदित्य शर्मा के रूप में गिरा। अथर्व भोसले ने 19 रनों पर उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया। अब पारी की कमान संभालने उतरे कप्तान समीर रिजवी ने शानदार प्रदर्शन किया। समीर और आराध्य यादव ने पांचवें विकेट के लिए 118 रनों को साझेदारी कर टीम को 200 रन के करीब पहुंचा दिया। दोनों बल्लेबाजो ने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। 198 रनों के स्कोर पर समीर एलबीडब्ल्यू हो गए। समीर ने 115 गेंदों पर 10 चौके व तीन छक्कों की मदद से 89 रनों की पारी खेली। फिर सिद्धार्थ यादव ने अर्द्धशतक पूरा किया और खेल समाप्त होने तक यूपी को पांच विकेट पर 279 रनों के स्कोर पर पहुंचाया। आराध्य 259 गेंदों पर छह चौके की मदद से 81 और सिद्धार्थ 51 गेंदों में 55 रन बनाकर खेल रहे हैं। मुंबई के धनित राउत ने दो, अथर्व विनोद, अथर्व भोसले और जैद ने एक-एक विकेट लिया।



ग्रीनपार्क में यूपी की टीम खेलते हुए। अमृत विचार

### खेलों में सीएसए छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**कानपुर।** सीएसए के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने मंगलवार को वार्षिक खेलों का शुभारंभ किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश गंगवार के निर्देशन में वार्षिक खेलों शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, दौड़ प्रतियोगिता भी हुई। टेबल टेनिस महिला वर्ग में अपर्णा ज्योति प्रथम, प्रभा कुशवाह दूसरे, सुप्रिया बाजपेई तीसरे स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में रश्मी प्रथम, कविता दूसरे, रोशनी तीसरे स्थान पर रहीं। मीडिया प्रभारी डॉ. खलील खान ने बताया कि विवि में खेलकूद प्रतियोगिताएं चार मार्च से चालू हैं। खेलकूद प्रतियोगिता में बैडमिंटन, डिस्कस थ्रो,जेविलिन थ्रो, दौड़ आदि सभी तरह के खेलों में विवि के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। मंगलवार को खेल में डॉ. पीके उपाध्याय, डॉ. राजीव कुमार सिहं अधिष्ठाता, डॉ. अनिल कुमार सचान, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. नौशाद ख़ान, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. रितु पांडेय, डॉ. यसयन, सुनील पांडेय मौजूद रहे।



लखनऊ की टीम खेलते हुए। अमृत विचार

## लखनऊ व कानपुर देहात टीम फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल

**अमृत विचार।** ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर पुरुष फुटबाल प्रतियोगिता के चौथे दिन मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबले में दो मैच खेले गए। चार टीमें मैदान पर उतरीं। लखनऊ और कानपुर देहात टीम ने फाइनल में प्रवेश पाया।

ग्रीनपार्क स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता में मंगलवार को पहला मुकाबला लखनऊ व आजमगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें लखनऊ की टीम ने 02-0 से मैच जीतकर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया। दूसरा मैच कानपुर देहात व कानपुर नगर के बीच हुआ। जिसमें मैच 0-0 से ड्रा होकर ट्राईबेकर में चला गया। ट्राईबेकर में 5-4 से जीतकर कानपुर देहात फाइनल में पहुंचा। अब फाइनल मैच बुधवार को ग्रीनपार्क स्टेडियम में लखनऊ और कानपुर देहात के बीच खेला जाएगा। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह रहेंगे।


बिधनू में मंगलवार को आयोजित सामूहिक विवाह में जयमाल के दौरान विधायक और अफसर मौजूद रहे। अमृत विचार


भव्य पांडाल में हवन वेदी पर आहुतियां देकर जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध गए। अमृत विचार

# 160 गरीब परिवार की बेटियों को मिला हमसफर

## बिधनू के गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ सामूहिक विवाह, बिधनू, पतारा और घाटमपुर ब्लॉक की बेटियों ने लिए सात फेरे

संवाददाता, बिधनू

- सभी जोड़ों को सरकार की ओर से दिए गए उपहार
- सामूहिक विवाह में वर-वधू पक्ष के लोगों ने शिरकत की

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से मंगलवार को 160 गरीब घर की बेटियों के हाथ पीले होने के साथ जीवनसाथी मिल गया। कस्बे के एक निजी गेस्ट हाउस में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 160 जोड़ों ने सात फेरे लेकर वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। एक मुस्लिम जोड़े ने निकाह कुबूल किया। सभी जोड़ों को उपहार के रूप में गृहस्थी का सामान देकर हंसी-खुशी विदा किया गया।

निजी गेस्ट हाउस में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही चहल-पहल रही और मांगलिक गीत गूंजते रहे। सामूहिक विवाह के लिए कुल 160 जोड़ों का पंजीकरण किया गया था, जिसमें बिधनू ब्लॉक से 42 जोड़े, पतारा ब्लॉक से 68 जोड़े और घाटमपुर नगर पालिका व ब्लॉक क्षेत्र से 50 जोड़े शामिल हुए। सभी वर-वधु का हिन्दू रीत-रिवाज के अनुसार विवाह सम्पन्न कराया गया, वहीं मुस्लिम जोड़े का मौलवी से निकाह कबूल कराया गया।

द्वारचार और जयमाल की रस्मों के बाद पांडाल में बैठे सभी जोड़ों का एक साथ विवाह कराया गया। सभी के लिए अलग-अलग वेदी की व्यवस्था की गई थी। मंत्रोच्चारण


हमसफर को जयमाल। अमृत विचार


निकाह भी कुबूल हुआ। अमृत विचार

के बीच दूल्हा-दुल्हन ने सात फेरे लिया और वैवाहिक जीवन के सात वचन निभाने का वादा किया। इस दौरान वर और वधू पक्ष के परिवारों के लोग भी मौजूद रहे, जिनके चेहरे पर खुशी की अलग ही मुस्कान बिखर रही थी। विवाह समारोह में शादी की रस्में पूरी होने के बाद समाज कल्याण विकास अधिकारी विपिन कुमार, बिधनू-पतारा विकास खंड अधिकारी रवि शंकर प्रधान, घाटमपुर खंड विकास अधिकारी चंद्रमणि, एडीओ पंचायत विनोद झा, सुरेश चंद्र, एडीओ समाज कल्याण संजय गुप्ता, गजेन्द्र मिश्रा, बिधनू प्रधान संघ की अध्यक्ष काजल किरण ने वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए सरकार की तरफ से मिलने वाले दस हजार कीमत के उपहार भेंट किए।

### बिन बाप की बेटी का हुआ ब्याह तो छलके आंसू

सामूहिक विवाह समारोह में घाटमपुर ब्लॉक के इटर्रा गांव की आरती का विवाह बिल्हौर के नितिन से हुआ। आरती ने बताया कि उसके पिता की कुछ वर्ष पहले मौत हो गई थी। मां को शादी की चिंता सता रही थी, लेकिन सामूहिक विवाह योजना ने मां की चिंता को दूर कर दिया। आरती की बात सुनकर वहां मौजूद प्रधान संघ की अध्यक्ष काजल किरण ने उसे पास बुलाया और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से उनके मंगल जीवन की कामना की।

### विधायक सरोज कुरील ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में घाटमपुर विधायक सरोज कुरील मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं। उन्होंने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया और कहा कि गरीब परिवार की बेटियों की शादी में अब कोई समस्या नहीं है। न ही उनके घरवालों को किसी से कर्ज लेना पड़ रहा है और न किसी के सामने हाथ फैलाना पड़ रहा है। गरीब बेटियों के विवाह की जिम्मेदारी सरकार ने ले रखी है।

# नाबालिग से गैंगरेप में दो युवकों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में छह साल पहले हुई थी घटना
- अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई कर रही थी नाबालिग
- कोर्ट ने दोनों आरोपियों पर 51-51 हजार जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** कानपुर नगर के घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र में करीब छह साल पहले अपनी नानी के यहां रह रही नाबालिग छात्रा के साथ गैंगरेप के मामले में अदालत ने दोनों आरोपी युवकों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है और दोनों पर 51-51 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज-13/पॉक्सो की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए दोनों आरोपी युवकों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुना दी। विशेष लोक अभियोजक राम रक्षित शर्मा ने बताया कि घाटमपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि उसकी 13 वर्षीया नातिन उसके साथ ही रहती है और क्षेत्र के ही एक स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ती है। 17 जुलाई 2017 की सुबह वह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, उसके वापस नहीं आई।

सभी जगह तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू की थी। इसी दौरान छात्रा के घर वापस आने पर पुलिस ने उसके बयान और चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर उसी गांव के रहने



वाले दो युवकों विमल कुमार उर्फ मुरई और शिवशंकर उर्फ छोटे को आरोपी बनाया और गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने विवेचना कर सामूहिक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में आरोप पत्र अदालत में पेश किया था।

इस मामले की सुनवाई अपर जिला जज-13 पॉक्सो बाकर शमीम रिजवी की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी दोनों युवकों को दोषी करार दिया और दोनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 51-51 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को छह-छह माह के अतिरिक्त कारावास काटना होगा। कोर्ट ने अर्थदंड की संपूर्ण धनराशि पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया है।

# हादसे में बाइक सवार की मौत

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचारः** गदनपुर आहार गांव शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पत्नी को ससुराल में छोड़कर घर वापस लौट रहे बाइक सवार युवक को पीछे से किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई।

हरदोई जनपद में मल्लावां थाना क्षेत्र के तिर्वा कुल्ली निवासी राधेश्याम (35) सोमवार को अपनी पत्नी व बच्चों को लेकर बिल्हौर क्षेत्र के गदनपुर आहार आया था। ससुराल में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पत्नी व बच्चों को ससुराल में छोड़कर देर रात वह घर वापस जा रहा था। तभी कानपुर अलीगढ़ हाईवे के बिल्हौर बाईपास पर सिटी हॉस्पिटल के पीछे किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। अस्पताल पहुंचने से पहले ही घायल युवक ने दम तोड़ दिया। युवक के पास मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### कुरेह में ट्रैक्टर से कुचलकर बच्ची की मौत

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के गांव कुरेह में मंगलवार की दोपहर दुर्घटना में दो वर्षीय बच्ची की ट्रैक्टर आटा चक्की ट्राली के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने ड्राइवर और गाड़ी को हिरासत में ले लिया है। मंगलवार की दोपहर बाद नया निवादा गांव का रहने वाला ट्रैक्टर चालक रजनीश पुत्र सोहनलाल कुरेह गांव में आटा पिसाई कर रहा था। वहीं पर दो वर्षीय बच्ची खेल रही थी। बच्ची अचानक ट्राली के नीचे दब गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे में बच्ची की मौत होने पर ग्रामीणों ने ट्रैक्टर ट्राली को घेर लिया और ड्राइवर को पकड़कर पीटने लगे। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने किसी तरह से ग्रामीणों से ड्राइवर रजनीश पुत्र श्यामलाल और गाड़ी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। कुरेह गांव निवासी हीरालाल की दो वर्षीय बच्ची शांति के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जाएगी।

# बिठूर में चोरियों का खुलासा नहीं

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के मंधना में दो दिन में हुईं दो चोरियों से ग्रामीणों में दहशत है। दो महीनों के भीतर हुई दर्जन भर चोरियों का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है।

मंधना के कछियाना नई बस्ती में पिछले रविवार की रात ब्रजेन्द्र सिंह के घर पर चोरों ने धावा बोल कर 5 लाख के ज़ेवर समेत 1लाख 75 हजार रुपये पार कर लें गए थे व सोमवार की रात ब्यूटी पार्लर संचालिका शालिनी सिंह के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जिसमें लाखों रूपये के जेवरात व 35 हजार रूपये पार कर ले गए थे। थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव में भी चोरों ने एक घर को निशाना बना कर लगभग 8 लाख रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

# 'अविष्कार' में छात्र-छात्राएं शामिल

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** ब्लॉक संसाधन केंद्र में मंगलवार को राष्ट्रीय अविष्कार परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा खंड शिक्षा अधिकारी की मौजूदगी में एआरपी मनोज यादव व स्वप्निल वर्मा की देखरेख में संपन्न कराई गई।

घाटमपुर शिक्षण क्षेत्र के जूनियर विद्यालय व कंपोजिट विद्यालय के बच्चों की राष्ट्रीय आविष्कार परीक्षा ब्लॉक संसाधन केंद्र में मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा की मौजूदगी में कराई गई, जिसमें 150 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय अविष्कार परीक्षा को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। उत्साह से लबरेज थे।


अविष्कार परीक्षा में शामिल हुए बच्चे। अमृत विचार

एआरपी मनोज यादव और स्वप्निल वर्मा ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य है कि गणित व विज्ञान की दो परीक्षाएं बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर बढ़ावा देने और जिले में चयनित बच्चों का एक प्रोजेक्ट के माध्यम से वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना है। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष शुसेनद्र सचान, परीक्षा टीम के सहयोगी शशांक, नितेश खंडेलवाल, राहुल की अगवाई में परीक्षा संपन्न कराई गई। जल्द परिणाम घोषित होगा।

# पत्नी और सास को पीट किया घायल

**बिल्हौर।** मोहद्दीनपुर में बेटी के यहां शादी में शामिल होने आई महिला व उसकी बेटी को दामाद ने बेरहमी से पीट कर घायल कर दिया। मां-बेटी ने मुकदमा दर्ज कराया है।

कन्नौज के गुरसहायगंज क्षेत्र के ऊंचा पट्टी निवासी रामप्रकाश की पत्नी सुनीता ने बेटी पूजा का विवाह बिल्हौर क्षेत्र के मोहद्दीनपुर में रोहित के साथ किया था। सोमवार को वह दामाद के चचेरे भाई की शादी में आई थी। रात में पूजा ने पति से जेवर मांगे तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। जब उसने विरोध किया तो दामाद ने अपने भाई मोहित के साथ मिलकर पूजा और उसकी पिटाई कर दी। घटना के बाद थाने पहुंची मां-बेटी की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# महादेवा जा रहे श्रद्धालु की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, बाराबंकी/बिधनू

- बिधनू क्षेत्र के इटर्रा का था युवक, साथी की हालत गंभीर

**अमृत विचार :** महादेवा स्थित लोधेश्वर महादेवा में जलाभिषेक करने जा रहे दो श्रद्धालुओं की बाइक सोमवार रात हाईवे पर खडे ट्रेलर से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ागांव सीएचसी से दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां एक श्रद्धालु को मृत घोषित कर दिया गया। दूसरा भर्ती है।

हादसा सोमवार की रात मसौली थाना क्षेत्र के गोंडा-बहराइच हाइवे पर हसनापुर मोड़ के पास हुआ। कानपुर नगर के बिधनू थाना क्षेत्र के इटर्रा निवासी संजय अपने साथी घाटमपुर क्षेत्र के रामनगर बुधवा निवासी सुखदेव के साथ बाइक से जलाभिषेक करने के लिए लोधेश्वर महादेवा जा रहे थे। इसी दौरान हाईवे पर खड़े ट्रेलर से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद संजय को मृत घोषित कर दिया।

# कठिन हालात का हमेशा धैर्य से करें सामना

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचारः** जीवन में तपस्या का अर्थ धैर्य धारण करना है। यदि धैर्य हमारे पास है, तो हम किसी भी कठिन परिस्थिति का सामना आसानी से कर सकते हैं। यह विचार मंगलवार को कस्बा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के दौरान आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने भक्तों को सुनाए। इस दौरान कथा वाचक ने सीता हरण प्रसंग सुनाकर श्रोताओं की आंखें नम कर दीं।

श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के आठवें दिन आचार्य ज्ञानेश जी महाराज ने बताया कि पंचवटी में रावण की बहन सूर्पनखा की हरकतों से तंग आकर लक्ष्मण उसकी नाक


राम कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुईं महिलाएं। अमृत विचार

काट देते हैं। इसके बाद बदला लेने के लिए उसके भाई खर व दूषण वहाँ पहुँचते हैं,जो कि श्री राम के हाथों मारे जाते हैं। सूर्पनखा को यह सब बर्दाश्त नहीं होता और वह मदद के लिए अपने भाई लंकापति रावण के पास पहुंचती है। इसके पश्चात रावण अपने मामा मारीच को सोने का मृग बनाकर वहाँ भेजता है, जो कि राम लक्ष्मण को बहकाकर उन्हें पंचवटी से दूर ले जाता है, और इसी दौरान कुटिया में सीता को अकेला देख रावण उनका हरण कर लेता है । रास्ते में जटायु उसका विरोध करता है ,लेकिन रावण से लड़ते-लड़ते वह भी मारा जाता है।

इस दौरान आचार्य ने नवधा भक्ति का वर्णन करते हुए बताया कि लोग कहते हैं कि भक्ति का मार्ग बहुत कठिन है, हर किसी के बस की बात नहीं । लेकिन नवधा भक्ति को समझने के बाद लोगों को समझ आया कि यह उतना मुश्किल भी नहीं है, जैसा कि इसे वर्णित किया जाता है। भगवान राम ने भक्ति को लेकर व्याप्त संशय को दूर करने के लिए खुद अपने मुख से नवधा भक्ति यानि नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन किया है। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक राजेश त्रिपाठी, बब्बू त्रिपाठी, सुशील त्रिपाठी, ओम नारायण गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। आ्रती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

# एसओ पर लेडी डॉक्टर से अभद्रता का आरोप

संवाददाता, बिल्हौर

- सीएमओ के साथ ही पुलिस आयुक्त तक पहुंचा मामला

**अमृत विचारः** बिल्हौर सीएचसी में तैनात महिला डॉक्टर स्वाति कटियार ने मंगलवार को एक वीडियो जारी कर बिल्हौर थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी पर अभद्रता का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि एक महिला के मेडिकल के लिए एसओ ने उनसे अपमानजनक भाषा में बात की। जब टोका तो आगबबूला हो गए।

इस मामले को लेकर डॉक्टर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। महिला डॉक्टर ने पुलिस कमिश्नर को भी एक पत्र भेजा है। सीएमओ को भी डॉक्टरों ने सूचित किया है। इस पूरे मामले में सीएमओ डॉ.आलोक रंजन ने कहा कि महिला चिकित्सक का शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। पुलिस के उच्चाधिकारियों से इस मामले में बातचीत की जा रही है। जल्द ही थाना प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की कराई जाएगी।

उधर, इस मामले में एसीपी अजय कुमार त्रिवेदी ने कहा कि थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने डीपीसी पश्चिम से शिकायत की है। महिला चिकित्सक की भी शिकायत के जांच के आदेश मिले हैं। जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाएगी।

**बाबा की बारात** — हाथों में फल की डलिया और मिठाई के डिब्बे के साथ शादी का आमंत्रण, गाजे-बाजे के साथ झूमीं महिलाएं

# हल्दी, मेहंदी रस्म के बाद शिव मंदिर पहुंची लग्न पत्रिका

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ की बारात को लेकर शादी की रस्में शुरू हो गई हैं। महादेव मंदिर से निकलने वाली शिव बारात के लिए हल्दी और मेहंदी की रस्में पूरी होने के बाद मंगलवार को महिलाएं लग्न पत्रिका लेकर निकलीं और गाजे-बाजे के साथ नाचते-गाते महादेव मंदिर पहुंचीं। लग्न पत्रिका के साथ फल, मिठाई भेंट की गई।

कस्बे के महादेव मंदिर से निकलने वाली शिव बारात माता कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर पहुंचती है। यहां भगवान शिव और माता


शिव-पार्वती विवाह के लिए लग्न पत्रिका लेकर निकलीं महिलाएं। अमृत विचार

पार्वती का विवाह होता है। इसके बाद नगर में शोभायात्रा निकाली जाती है। वैवाहिक कार्यक्रमों से पहले महादेव मंदिर में वर पक्ष और कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर में कन्या पक्ष के शादी के अलग-अलग आयोजन होते हैं। सनातन धर्म के अनुसार शादी की सारी रस्में निभाई जाती हैं। मंगलवार को कुष्मांडा देवी परिसर से पुत्तू पांडेय, ऊषा खरे, वर्षा गोस्वामी, भोला तिवारी, यीशु आधा सैकड़ा महिलाओं के साथ महादेव मंदिर पहुंचे। आयोजकों के हाथ में लग्न पत्रिका के साथ मिठाई, फल, फूल थे। यहां वर पक्ष ने लग्न पत्रिका स्वीकार की और आठ मार्च को शिव-पार्वती के विवाह का कार्यक्रम तय हुआ। शिव बारात के मौके पर नगर में विशेष सजावट शुरू हो गई है।

### शिव बारात में होगी धूम, पुलिस-प्रशासन चौकन्ना

आठ मार्च को महाशिवरात्रि पर्व पर कस्बे में शिव बारात की धूम मचेगी। शिव बारात को लेकर मंगलवार को पुलिस चौकी में एसडीएम यादुवेंद्र सिंह बैस और एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने पीस कमेटी की बैठक कर आयोजकों से बारात की रूपरेखा जानी और उसी हिसाब से सुरक्षा इंतजाम चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। बैठक में सेठ रामचंद्र गुप्ता, नीरज चीना गुप्ता, सभासद गुड्डू पंडित, सत्यम सिंह आदि ने बताया कि ऐतिहासिक शिव बारात में अकेले कस्बे के ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग शामिल होने आते हैं। कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर से झांकियां निकलती हैं, जो पूरे कस्बे में भ्रमण करती हैं। शिव बारात का जगह-जगह स्वागत होता है, जिसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होना जरूरी है। एसडीएम यादुवेंद्र सिंह बैस ने कहा कि पुलिस की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे।

# धूमधाम से निकली शिव यात्रा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचारः** नगर में मंगलवार को धूमधाम के साथ भगवान शिव की यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल महिलाओं ने अपने-अपने सिर पर आस्था का कलश रखकर नगर भ्रमण किया। नगर में यात्रा को जगह-जगह रोककर पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने यात्रा में लड्डू और फल वितरित किए।

कस्बे के नगर पालिका रोड से मंगलवार को सहज योग प्रशिक्षण केद्र की ओर से भगवान शिव की यात्रा निकाली गई। यहां पहुंचीं घाटमपुर विधायक सरोज कुरील ने फीता काटने के बाद पूजा-अर्चना कर भगवान शिव की यात्रा की शुरुआत की। इस दौरान उन्हें अनुराधा जी ने प्रतीक चिह्न देकर


ब्रह्माकुमारी परिवार की ओर से शिव यात्रा निकाली गई। अमृत विचार

सम्मानित किया। यात्रा में शामिल होने पहुंचे लोगों ने अपने गले में परमात्मा को स्वीकार करने के पट्टे डाल रखे थे। महिलाओं ने सिर पर आस्था का कलश रखा। यात्रा नगर पालिका रोड होते हुए मुगल रोड, कानपुर रोड होते हुए कूष्मांडा देवी मंदिर पहुंची और फिर पुराना बाजार रोड होते हुए नगर पालिका रोड पहुंचने के बाद पूजा-अर्चना के साथ समापन किया गया। यात्रा में विधायक सरोज कुरील, विधायक प्रतिनिधि मनीष तिवारी, अश्वनी कुमार पांडेय, श्याम प्रकाश उर्फ के लाल, बासुदेव सचान, शिवकरन सिंह, राजेंद्र उमराव, हरमोहन और ब्रह्मा कुमारी परिवार के लोग उपस्थित रहे।

# जहां बंदरिया का नाच होता है वहां भीड़ इकट्ठा हो जाती है : साक्षी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


साक्षी महाराज का स्वागत करते विधायक व अन्य कार्यकर्ता।

- बिहार में तेजस्वी, अखिलेश और राहुल गांधी की सभा में भीड़ को लेकर बोले सांसद
- उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने सारी यात्रा निकालकर देख लीं, इसमें उन्हें कुछ नहीं मिला

**अमृत विचार।** लगातार तीसरी बार भाजपा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद मंगलवार को जिले में पहुंचे सांसद साक्षी महाराज ने एक बार फिर विपक्षियों को अपने निशाने पर लिया। बिहार में तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव और राहुल गांधी की सभा में भीड़ पहुंचने के सवाल पर कहा कि जहां बंदरिया का नाच होता है वहां भीड़ पहुंच ही जाती है। जिले में पहुंचने पर सांसद का जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। लखनऊ से लेकर उन्नाव तक दर्जनों स्थानों पर बीजेपी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इस दौरान आतिशबाजी भी हुयी। विधायकों ने जनता से इस बार सांसद को पांच लाख से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। इस दौरान साक्षी महाराज ने मीडिया से भी बात की।

बता दें कि भाजपा के कद्दावर नेता और उन्नाव से सांसद साक्षी महाराज का भाजपा कार्यकर्ताओं व नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, सदर विधायक पंकज गुप्ता, सफीपुर विधायक बम्बालाल दिवाकर व बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार मौजूद रहे। शहर से होते हुये सांसद अपने संसदीय कार्यालय साक्षी धाम पहुंचे।

जहां पत्रकारों के सवाल बीते दिनों इंडिया गठबंधन की हुई जनसभा में तेजस्वी यादव, राहुल गांधी व अखिलेश यादव के कार्यक्रम में भीड़ पर उन्होंने कहा कि भारत की जनता की नब्ज पकड़ने की कोशिश करिये। जब बंदरिया का नाच नचाया जाता है तो भीड़ वहां इकट्ठा हो ही जाती है। वहीं, ओवैशी की यूपी में इंट्री पर सांसद ने कहा कि हिंदुस्तान में कश्मीर से कन्या कुमारी तक कोई व्यक्ति कहीं से भी चुनाव लड़ सकता है। ओवैसी एक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं वह कहीं से भी चुनाव लड़ सकते हैं।

राहुल गांधी के ईवीएम वाले बयान पर साक्षी ने कहा कि नाच न आवे आंगन टेढ़ा। उनके पास अब कुछ है नहीं सारी यात्रा निकालकर देख ली। अब वे सिर्फ आरोप लगा सकते हैं। कहा कि हिंदू-मुसलमान के बीच जो प्रेम व सौहार्द है इससे मुझे लगता है कि मैं सन-2019 के अपने रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल रहुंगा और इस बार पांच लाख वोटों से जीत हासिल करुंगा।

# अन्ना पशुओं को गौशाला भेजने का दावा खोखला

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- सड़कों पर घूम रहे हैं अन्ना मवेशी
- मवेशियों के इधर-उधर भटकने से होते हैं हादसे

**अमृत विचार।** शासन स्तर से बेसहारा मवेशियों के संरक्षण को लेकर चाहे जितने बड़े-बड़े दावे किये जा रहे हों पर हकीकत इससे इतर ही है। बेसहारा मवेशी आज भी सड़क पर घूम रहे हैं। आए दिन ये हाईवे पर लड़ने लगते हैं जिससे वाहनों को रुकना पड़ता है और जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में कई लोग इनकी चपेट में आने से घायल भी हो जाते हैं।

मंगलवार को ऐसा ही वाकया नवाबगंज बाईपास पर हुआ। कस्बा नवाबगंज स्थित बाईपास में दो बेसहारा गोवंश आपस में लड़ने लगे। जिससे वहां भगदड़ मच गयी और लोग उन्हें भगाने लगे। लड़ते हुये मवेशियों ने बाइक सवार राकेश पुत्र रामविलास निवासी कुंजपुर को टक्कर मार दी। इसके बाद वे लड़ते-लड़ते हाईवे पर पहुंच गये। देखते ही देखते दोनों ओर के वाहन रुक गये और जाम की स्थिति बन गई। लोगों का कहना था कि एक ओर बेसहारा मवेशी हाईवे पर घूम रहे हैं और दूसरी ओर सिर्फ कागजों पर ही उन्हें गोशाला भेजा जा रहा है।

# सीओ सिटी बनीं सोनम, पुरवा सीओ ने भी संभाला कार्यभार

**पुरवा।** पुरवा कार्यालय में कार्यभार ग्रहण करते हुए नवागत सीओ सोमेंद्र विश्वास ने कहा कि फरियादियों की हर शिकायत का निस्तारण हर हाल में किया जाएगा।

पुरवा सीओ रहीं सोनम सिंह को सीओ सदर बनाया गया है। गैर जनपद से स्थानान्तरित होकर आए सीओ सोमेंद्र विश्वास 2017 बैच के हैं। वह मूलतः प्रयागराज के निवासी हैं। इसके पूर्व से संभल व लखनऊ में भी तैनात रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि गावों में होने वाले छोटे-छोटे विवादों पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए सर्किल क्षेत्र के पुरवा, असोहा व मौरावां थाना के प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। सभी से अच्छा व्यवहार किया जाये।

# बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

## कोर्ट ने 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया है, रिश्तेदारी में आए युवक ने सोते समय बच्ची से किया था दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



- 50 हजार में 40 हजार रुपये पीड़िता के परिजनों को प्रतिकर के रूप में देने को कहा

**अमृत विचार।** रिश्तेदारी में आए युवक द्वारा सोते समय सात साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के मुकदमे की अंतिम सुनवाई मंगलवार को पूरी हुई। कोर्ट ने आरोपी युवक को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास के साथ 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इसमें 40 हजार रुपये पीड़िता के परिजन को प्रतिकर के रूप में दिए जायेंगे।

सफीपुर कोतवाली अंतर्गत एक गांव निवासी पिता ने पांच अप्रैल-2018 को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि बीती शाम औरास थानाक्षेत्र के उटरा मजरा डकौली निवासी बब्लू गौतम उसके घर आया था। उसे खाना खिलाकर वह पत्नी के साथ मवेशियों के लिये चारा काटने चला गया था। इसी दौरान बबलू छत पर गया जहां उसकी सात व तीन साल की बेटियां सो रही थीं। उसने उसकी सात साल की बेटी का मुंह दबाकर उससे दुष्कर्म किया। बेटी की चीख सुन दंपति दौड़कर छत पर पहुंचे तो बेटी रक्तरंजित हालत में अचेत पड़ी थी। आरोपी ने भागने का प्रयास किया लेकिन पड़ोसियों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने युवक को जेल भेजा था। आईओ कुलदीप तिवारी ने जांच कर साक्ष्य एकत्र किए और दोषी के विरुद्ध 3 जुलाई-2018 को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी होने के बाद शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी व प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत दलीलों और साक्ष्य के आधार पर एडीजे जयवीर सिंह नागर ने युवक को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 50 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई।

### छेड़छाड़ की शिकायत करने गए पति को पीटा, हुई मौत

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** बेहटा मुजावर थानांतर्गत एक गांव निवासी महिला बकरी चराने खेत गई थी। जहां एक युवक ने उससे छेड़छाड़ की। पत्नी के बताने पर शिकायत लेकर पहुंचे पति को आरोपी युवक ने जमकर पीट दिया। जिसकी मंगलवार को कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। कानपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। वहीं पुलिस दो पक्षों में हुई मारपीट में युवक की मौत होने की बात कह रही है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को शिकायतीपत्र देकर आरोप लगाया था कि बीते सोमवार वह खेत में बकरी चराने गई थी। जहां गांव निवासी हनीफ पुत्र गद्दा हुसैन ने उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर वह उसे जान से मार डालने की धमकी देकर भाग निकला था। घर पहुंचने पर महिला ने पति को घटना की जानकारी दी। इस पर पति शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचा तो हनीफ ने पति को भी जमकर पीट दिया। इसमें वह भी गंभीर घायल हो गया था। उसे बांगरमऊ सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन उसकी हालत गंभीर देख परिजन उसे कानपुर के एलएलआर अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान उसने मंगलवार भोरपहर दम तोड़ दिया। बेहटा मुजावर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने बताया कि 4 मार्च को दो पक्षों में मारपीट हुई थी। उसमें घायल युवक की मौत हो गई। कानपुर पुलिस पोस्टमार्टम करा रही है। आगे की कार्रवाई पीएम रिपोर्ट आने पर की जाएगी।

### सोना व नकदी लूटने वाले को 10 साल की सजा

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत सर्राफ से 608 ग्राम सोना व 50 हजार नकद लूटने के आरोपी को कोर्ट ने 10 साल की सजा के साथ 25 हजार का जुर्माना लगाया है। बता दें कि 18 अक्टूबर- 2014 को मनोज कुमार खत्री पुत्र दौलत राम निवासी पुरानी हवेली सदर कोतवाली से 608 ग्राम सोना व 50 हजार नकद लूटे गए थे। बांगरमऊ कोतवाली में इसकी रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने राजेश कपूर पुत्र धनराज निवासी दीपनगर कालोनी गौतम कालेज के पास थाना सिकंदरा जिला आगरा को गिरफ्तार किया था। आईओ ऋषिकांत शुक्ला ने जांच कर पांच जनवरी-2015 को चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। कोर्ट ने राजेश को दोषी करार देते हुए 10 साल की सजा सुनाई है।

### बच्ची से किया दुष्कर्म, पिता ने दी तहरीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** किशोर ने स्कूल से लौट रही एक प्राइमरी की छात्रा को रास्ते में दबोच कर दुष्कर्म किया। जिससे छात्रा लहूलुहान होकर बेहोश हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बेटी गांव लहरापुर प्राइमरी स्कूल में पढ़ती है। मंगलवार दोपहर छुट्टी होने के बाद वह घर लौट रही थी। तभी रास्ते में बड़ा बाग के निकट गांव निवासी किशोर ने उसे दबोच लिया और झाड़ियों में खींच ले गया। जहां उसने बेटी से दुष्कर्म किया। इसके बाद वह बेटी को लहूलुहान और बेहोशी हालत में छोड़कर भाग गया। सूचना पर वह पहुंचा और बेटी को आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया और घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस तहरीर के आधार पर घटना की जांच के साथ आरोपी किशोर की तलाश में जुटी है।

### युवक का हत्यारोपी भेजा गया जेल

**उन्नाव।** आगरा निवासी युवक की सदर कोतवाली क्षेत्र में हुई हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने पुरानी रंजिश के चलते कहासुनी के बाद हत्या करने की बात स्वीकार की है। सदर कोतवाली अंतर्गत अकरमपुर मोहल्ला में विष्णु जाटव पुत्र स्व. मोहर सिंह निवासी जऊपुरा थाना सिकंदरा जिला आगरा की ईंट से कूंचकर हत्या हुई थी। बड़े भाई शशी कपूर ने गांव के युवक दीपक पुत्र रिंकू पर भाई की हत्या करने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि भाई की पत्नी से उसका मेलजोल था और एक बार वह उसके साथ जा भी चुकी थी। रिश्तेदारी के दवाब में पत्नी वापस लौट कर मायके चली गई थी। जहां से विष्णु उसे उन्नाव ले आया था। रविवार रात दीपक उसके भाई विष्णु से मिला फिर दोनों से शराब पी। पुरानी खुन्नस को लेकर दोनों में नशे में कहासुनी हुई। जिसमें दीपक ने विष्णु की ईंट से कूंचकर हत्या कर दी। सिर और चेहरे में आई गंभीर चोटों की वजह से मौत की बात सामने आई थी। आरोपी दीपक को पुलिस ने पकड़ा और पूछताछ की। उसने पुरानी रंजिश के कारण हुई कहासुनी में हत्या किए जाने की बात स्वीकारी है। मंगलवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# इंडियन आईडल के विजेता वैभव का हुआ स्वागत


वैभव को फूल माला पहनाकर स्वागत करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** इंडियन आईडल सीजन-14 के विजेता वैभव गुप्ता मंगलवार को अपने कानपुर स्थित घर जा रहे थे। जिसकी जानकारी पर शुक्लागंज निवासी उनके रिश्तेदारों व मित्रों ने ढोल नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया।

कानपुर के नानकारी कल्याणपुर में जनरल मर्चेंट की दुकान चलाने वाले विष्णु गुप्ता के बेटे वैभव ने मुंबई में इंडियन आईडल प्रतियोगिता में भाग लिया था। जहां उन्होंने पूरे सीजन में एक से बढ़ एक गीत गाये। उनकी सुरीली आवाज को लोगों ने खूब पसंद किया और जनता के लोकप्रिय होने पर इंडियन आइडल का खिताब जीता। मंगलवार को वह लखनऊ एयरपोर्ट से वापस घर जा रहे थे। जिसकी जानकारी होने पर गंगाघाट क्षेत्र के सहजनी निवासी रिश्तेदार व ईष्ट मित्रों को हुई। जिस पर उनके स्वागत के लिए ढोल नगाड़े के साथ लोग सड़क पर खड़े होकर इंतजार करते रहे। दोपहर करीब एक बजे वैभव कारों के काफिले के साथ पहुंचे और मौजूद लोगों ने उनका फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। वैभव ने अपनी सफलता पर जनता का आभार जताया। स्वागत करने में वैभव की बड़ी मां सुशीला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज गुप्ता, संतोष गुप्ता, नागेन्द्र गुप्ता, अंकित गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, मदन गुप्ता, अश्वनी गुप्ता नितिन गुप्ता आदि ने स्वागत किया।

# पत्नी से झगड़कर लगाई फांसी

संवाददाता परियर उन्नाव

- घर के दरवाजे पर लगे नीम के पेड़ में शव लटका मिला युवक का शव
- परिजनों में मचा कोहराम दो भाइयों की पहले ही हो चुकी है मौत

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली अंतर्गत एक गांव में पत्नी से कहासुनी के बाद ससुराल में रह रहे युवक ने रस्सी का फंदा बनाकर खुदकशी कर ली। सुबह साले की पत्नी ने उसे लटका देखकर शोर मचाया।


दिनेश।

हरदोई जिले के पथरौली गांव निवासी दिनेश (45) पुत्र गोकरन कश्यप करीब 20 साल से सफीपुर परियर चौकी क्षेत्र के मरौंदा सूचित गांव में रहकर खेती करता था। उसे यहीं सरकारी कालोनी भी मिली थी। शराब का लती होने के कारण पत्नी मीना से उसकी अक्सर कहासुनी होती थी। बीती रात भी इसी बात को लेकर कहासुनी हुई फिर सभी सोने चले गए। सुबह उसका शव घर के दरवाजे पर लगे नीम के पेड़ में रस्सी के सहारे लटका मिला। साले सुनील की पत्नी अनीता किसी काम से बाहर निकली तो उसे लटका देख उसने शोर मचाया शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस पहुंची को सूचना दी।

पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम रिपोर्ट में हैंगिंग से उसकी मौत की होने की बात सामने आई है। पति की मौत से पत्नी समेत बेटी अर्चना, नैना बेटे निखिल व कपिल बेहाल रहे। बताया कि वह चार भाइयों में छोटा था। उससे बड़े दो भाइयों की पहले ही मौत हो चुकी है।

### पत्नी मायके से नहीं आई तो युवक ने खाया जहर, भर्ती

**नवाबगंज उन्नाव।** पत्नी के मायके से न लौटने से क्षुब्ध युवक ने कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां उसे भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जैतीपुर गांव निवासी नंद किशोर के 22 वर्षीय बेटे गोलू की शादी बीती 25 फरवरी को हुई थी। इसके बाद पत्नी शालिनी अपने मायके गयी थी। जहां से उसे कुछ दिन बाद वापस आना था। लेकिन, वह नहीं आई थी। बताते हैं कि गोलू पत्नी के मायके से न आने से नाराज था। जिससे क्षुब्ध होकर मंगलवार दोपहर उसने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो आनन-फानन एंबुलेंस से लेकर उसे नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। उसके भाई राकेश ने बताया कि गोलू की पत्नी शादी के बाद पहली बार मायके गई थी। जहां से कुछ दिन बाद उसे विदा करने की बात हुई थी। लेकिन गोलू पत्नी को तत्काल वापस आने की जिद पर अड़ा था। नाराज होकर उसने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया।

# उलाहना देने गई मां- बेटी पर किया हमला

**सफीपुर उन्नाव।** भैंस बांधने के विवाद में उलाहना देने पर हुए गालीगलौज में पड़ोसी ने मां-बेटी पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। जिसमें दोनों घायल हो गयीं। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उमर अटवा गांव निवासी पंचम पुत्र रामचरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को उसकी 14 वर्षीय बेटी ज्योती घर के बाहर भैंस बांध रही थी। तभी पास में खड़ी फूलकुमार की पत्नी ने ज्योती को गालियां देकर अपमानित कर दिया। बेटी ने घर जाकर यह बात मां फूलकुमारी को बताई। मां ने पड़ोसी रिंकी पत्नी फूलकुमार को इसका उलाहना दिया। इसी बीच रिंकी ने ज्योति व फूलकुमारी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें दोनों घायल हो गयीं।


ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाते अधिकारी। अमृत विचार

# 16 वाहनों पर लगाया छह लाख का जुर्माना

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चला अभियान

**अमृत विचार।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर एसडीएम की अगुवाई में सीओ व एआरटीओ द्वारा संयुक्त कार्रवाई में ओवरलोड वाहनों की धरपकड़ से हड़कंप मच गया। इसमें 16 ओवरलोड वाहनों पर छह लाख से अधिक जुर्माना लगाया गया।

लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग स्थित हसनगंज कस्बे के बाहर एक डिग्री कॉलेज व पेट्रोल पंप के पास मंगलवार को एसडीएम हिमांशु गुप्ता, सीओ संतोष सिंह व एआरटीओ प्रवर्तन प्रतिभा गौतम की संयुक्त टीम ने ओवर लोड मौरंग, बालू, डस्ट व गिट्टी भरे डंपरों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया।

एसडीएम हिमांशु गुप्ता ने बताया कि 16 ओवरलोड वाहन पकड़े गए हैं, जिन पर छह लाख तीन हजार रुपये जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई है। आगे भी इस तरह की कार्रवाई होती रहेगी।

## सार-संक्षेप

### अजगर निकलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**नवाबगंज।** विकासखंड के गांव फकड़ी बाबा मंदिर के पास 8 फुट का अजगर निकलने से गांव के लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वहां ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जानकारी पर वन विभाग की टीम ने पंहुचकर रेस्क्यू किया और अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।


बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम गौरांग राठी। अमृत विचार

### अधीनस्थों से सोशल मीडिया से जुड़ें अधिकारी: डीएम

**उन्नाव।** डीएम गौरांग राठी ने विकास भवन सभागार में मंगलवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें पहले उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त करने के बाद जरूरी निर्देश दिये। बैठक में डीएम ने अधिकारियों से विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। इसमें निर्देश दिए कि सभी अपनी पूरी क्षमता से काम करें और जिले के विकास में योगदान करें। निर्देश दिये कि हर हाल में शासन की योजनाओं व कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित कराएं। कहा कि सभी अधिकारी अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ गूगल मीट सोशल मीडिया के जरिए जुड़ें और विभागीय कार्यों की मॉनीटरिंग करें। बताया कि जिले की हर ग्राम पंचायत में ज्ञानालय व स्थानीय लाइब्रेरी शुरू की जाएंगी। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, पीडी कमलेश कुमार, समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश मिश्रा, जिला अर्थ व संख्या अधिकारी सुगंधा चतुर्वेदी, सहायक निदेशक मस्त्य बीके दुबे, सूचना अधिकारी सतीश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

धर्म आस्था — बाबा बलखंडेश्वर धाम में अभिमन्यु लीला का मंचन देखकर रोमांचित हुए दर्शक

# अभिमन्यु ने तोड़े छह चक्रव्यूह, फिर कौरवों ने छल से मारा

संवाददाता परियर उन्नाव


प्रवचन करते आचार्य। अमृत विचार


लीला मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय बाबा बलखंडेश्वर धाम परिसर में महाशिवरात्रि तक चलने वाले कार्यक्रमों में रात में कृष्ण चरित्र व दिन में रामलीला के अलावा महामृत्युंजय गायत्री संगीतमय यज्ञ का आयोजन बडे धूमधाम से हो रहा है।

क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी वृंदावन से पधारे ब्रजरास लीला व रामलीला मंडल द्वारा आयोजन के चौथे दिन सोमवार रात श्रीकृष्ण लीला में रास रचाने के बाद वीर अभिमन्यु लीला का संजीव मंचन दिखाया गया। इसमें दिखाया कि कैसे अभिमन्यु ने एक-एक कर छह चक्रव्यूह तोड़ने के बाद कौरवों ने कैसे अभिमन्यु को धोखे से मारा। हास्य कलाकार ने भी मंचन में अपनी कलाकारी से सबको खूब हंसाया।

मंगलवार को दिन में हुई रामचरित्र लीला में भस्मासुर लीला का सजीव मंचन देख लोग भावविभोर हो गए। गायत्री तपोवन हरिद्वार से आई यज्ञ टोली ने नौकुंडीय श्री महामृत्युंजय यज्ञ की दूसरे दिन शुरुआत 33 कोटि देवताओं के आह्वान के साथ हुई। जिसमें स्वच्छता व संस्कारों के संबंध में बताया गया कि नशे से दूर रहना चाहिये और शाकाहारी भोजन ही करना चाहिये। जिसमें सभी जातियों के लोगों ने शामिल होकर आहुतियां दीं और विश्व के कल्याण की कामना की। शाम को पावन संगीतमय शिव प्रज्ञा पुराण की कथा सुन लोग बाबा बलखंडेश्वर धाम की जयकार करते रहे। बाबा बलखंडेस्वर महादेव विकास सेवा समिति के लोगों ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में उपस्थित होकर भक्तिमय आयोजनों का आनंद व प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# आत्महत्या को प्रेरित करने पर भेजा जेल

अमृत विचार फालोअप

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- एक मार्च को युवती का पेड़ पर फंदे के सहारे लटका मिला था शव
- भाई ने प्रेमी समेत चार युवकों पर हत्या की दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव त्रिपुरारपुर खुर्द में पांच दिन पूर्व 20 वर्षीय युवती का शव नीम के पेड़ में दुपट्टे के सहारे लटका मिलने के मामले में युवती के बड़े भाई ने उसकी हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगा गांव के चार युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी और मृतका के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई थी। जिसमें दोनों में बात होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस से आरोपी ने करीब चार वर्ष से उनमें प्रेम-प्रसंग चलने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने, गालीगलौज व मारपीट करने के मामले में जेल भेजा है।

बीती एक मार्च को कोतवाली के गांव त्रिपुरारपुर खुर्द निवासी 20 वर्षीय सुमित्रा का घर से 300 मीटर दूर नाला किनारे नीम के पेड़ में दुपट्टे के सहारे शव लटकने पर मृतका के बड़े भाई ने गांव निवासी श्यामू व उसके तीन साथियों शैलेंद्र, गोलू व अंकुश पर बहन की हत्या कर शव पेड़ से लटकाने का आरोप लगा हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी श्यामू के मोबाइल को कब्जे में लेकर छानबीन के साथ उसकी सीडीआर निकलवाई थी। इसमें युवती व आरोपी युवक के बीच अक्सर बात होने की पुष्टि हुई है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि श्यामू ने पूछताछ में बताया है कि युवती उससे शादी करना चाहती थी। लेकिन, उसने अभी शादी से मना कर दिया था।

कहा था कि पहले बहन की शादी करेंगे। इसी बात को लेकर 29 फरवरी को उनमें विवाद हुआ था। आरोपी युवक की सीडीआर से साफ हुआ कि दोनों में आपस में बातचीत होती थी। कहा कि अभी मामले की विवेचना जारी है। साक्ष्य संकलन में हत्या का कोई साक्ष्य नहीं मिला। जबकि आत्महत्या को विवश करने के साक्ष्य पाए गये हैं।

# सड़क हादसों में एक की मौत, दस लोग हुए घायल

## कार का टायर फटने के बाद चपेट में आये दो बाइक सवार घायल, अजगैन, पुरवा और आसीवन क्षेत्र में घायलों का इलाज जारी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। इसी कोतवाली क्षेत्र में टायर फटने के बाद कार अनियंत्रित हुई जिसकी चपेट में आकर दो बाइक सवार युवक घायल हो गए। वहीं, पुरवा, अजगैन व आसीवन थानाक्षेत्रों में हुए हादसों में महिला समेत सात लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।


दुर्घटनाग्रस्त कार व बाइक।

**केस 01** बरेली जिले के किला थानांतर्गत मलिकपुर गांव निवासी सुमित (25) पुत्र कृपाशंकर जाटव बांगरमऊ में किराए का कमरा लेकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। सोमवार शाम वह बाइक से बांगरमऊ जा रहा था। हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें घायल सुमित को राहगीरों की सूचना पर पुलिस सीएचसी लाई। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने उसके बड़े भाई अमित को घटना की सूचना दी। अमित के मुताबिक करीब डेढ़ महीने पहले दादी की मौत होने पर भाई घर आया था। उसकी मौत की सूचना से सभी बेहाल हो गए।

**केस 02** बरेली जिले के किला थानांतर्गत मलिकपुर गांव निवासी सुमित (25) पुत्र कृपाशंकर जाटव बांगरमऊ में किराए का कमरा लेकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। सोमवार शाम वह बाइक से बांगरमऊ जा रहा था। हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित आइसक्रीम फैक्ट्री के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इसमें घायल सुमित को राहगीरों की सूचना पर पुलिस सीएचसी लाई। जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल से पुलिस ने उसके बड़े भाई अमित को घटना की सूचना दी। अमित के मुताबिक करीब डेढ़ महीने पहले दादी की मौत होने पर भाई घर आया था। मौत की सूचना से सभी बेहाल हो गए।

**केस 03** **बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र में हरदोई मार्ग स्थित नेवल मोड़ के पास टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार सामने से आ रही दो बाइकों से टकरा गई, जिसमें हरदोई जिले के थाना माधौगंज अंतर्गत मऊ गांव निवासी सुनील (42) और दूसरी बाइक चालक वकील (25) पुत्र शमीम निवासी खजोंना जिला हरदोई घायल हो गये। हादसे के समय वह सरसों का तेल खरीदकर बांगरमऊ से घर लौट रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें एंबुलेंस से सीएचसी लाई। जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसे के बाद चालक मौके पर क्षतिग्रस्त कार छोड़कर भाग निकला। वहीं बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के सहदानी गांव निवासी प्रिंस पुत्र प्यारेलाल मंगलवार को लखनऊ मार्ग स्थित आसत मोहीउद्दीनपुर गांव से ई-रिक्शा से घर लौट रहा था। सुरसेनी गांव के पास बाइक को बचाने के चक्कर में ई-रिक्शा पलट गया। जिसमें प्रिंस गंभीर घायल हो गया।

**केस 04** **पुरवा।** काजीखेड़ा गांव निवासी सरस्वती मंगलवार दोपहर गांव के बाहर खेत से मवेशियों को लिए चारा काटने गई थी। जहां से लौटते समय पुरवा-बीघापुर मार्ग पर गांव के पास असेहरु निवासी अरविंद ने बाइक से उसे टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां से हालत गंभीर देख डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**केस 05** कानपुर के ककवन थानाक्षेत्र के जरेला पुरवा गांव निवासी तिलक सिंह पुत्र श्रीनिवास गांव निवासी नीरज पुत्र महेश के साथ रविवार को बिठूर घाट बाराबंकी लोधेश्वर महादेव मंदिर जाने को गंगाजल लेने गए थे। जहां से लौटते समय आसीवन थानाक्षेत्र के कस्बा रसूलाबाद के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने दोनों को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं इसी थानाक्षेत्र के उन्नाव-संडीला मार्ग पर कस्बा हैदराबाद स्थित हरी चौराहे के पास गांव गौरा कलां निवासी रामकृष्ण पुत्र रामकिशोर हैदराबाद कस्बे से घर लौट रहे थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह भी घायल हो गए। उसे मियागंज सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी थानाक्षेत्र में एक अन्य हादसे में आसीवन के जहांगीर नगर निवासी देवराज पुत्र राम खेलावन की बाइक से बाबा खेड़ा गांव पुलिया पर अनियंत्रित होकर पलट गयी। पुलिस ने उसे घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है।




**केस 06** नवाबगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र के छोटा चौराहा निवासी प्रभु दयाल की पत्नी रानी (45) अपने भाई संतोष पुत्र गंगाचरण के साथ बाइक से सोमवार को लखनऊ में आयोजित एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। जहां से मंगलवार को लौटते समय अजगैन कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर हाईवे पर जीआरओ पेट्रोल पंप के पास अचानक मवेशी सामने आने से बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में भाई-बहन घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी लाया गया। जहां से बहन को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

# वाहन की टक्कर से टूटा गंगाघाट क्रासिंग का गेटबूम


टूटे गेट बूम की मरम्मत करते एसएनटी कर्मी।

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर गंगाघाट की मुख्य क्रासिंग 41-सी का गेटबूम मध्य रात्रि बंद हो रहा था। तभी अज्ञात वाहन चालक ने जल्दी निकलने के प्रयास में उसमें टक्कर मार दी, जिससे गेटबूम दो हिस्सों में बंट गया। गेटमैन ने इसकी जानकारी एसएनटी विभाग को दी। मंगलवार दोपहर बाद एसएनटी विभाग ने मरम्मत की। इस दौरान स्लाइडिंग गेट लगाकर यातायात रोका गया।

देररात करीब एक बजे गंगाघाट की मुख्य क्रासिंग 41-सी बंद हो रही थी, तभी एक वाहन सवार ने जल्दी में निकलने के कारण बंद हो रही क्रासिंग में टक्कर मार दी। जिससे गेटबूम टूट गया। यह देख गेटमैन दौड़ा लेकिन चालक रात का फायदा उठाकर भाग गया। जिसके बाद उसने स्लाइडिंग गेट लगाया और आरपीएफ को सूचना दी। रात में ही गेटबूम टूटने की जानकारी एसएनटी विभाग को दी गई। जिस पर मंगलवार सुबह एसएनटी विभाग के कर्मी पहुंचे और मरम्मत कार्य किया। दोपहर करीब एक बजे मरम्मत कार्य पूरा हो सका। इस दौरान 12 घंटे तक स्लाइडिंग गेट लगा रहा। जिससे पश्चिमी क्षेत्रों को जाने वाले वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं श्मशान घाट को जाने वाली बसें भी क्रासिंग के पास खड़ी रहीं।

# कांवड़ यात्रा को लेकर घाटों का किया निरीक्षण

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर के घाटों पर गंगा जल भरने के लिये सैकड़ों की संख्या में कांवड़ियां आते हैं। घाटों पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। जिसे देखते हुये मंगलवार को ईओ ने घाटों का निरीक्षण किया और खस्ताहाल घाटों को समतलीकरण कराने के साथ ही सफाई के निर्देश दिये।

आगामी आठ मार्च को महाशिवरात्रि है। उसे देखते हुये कानपुर, कानपुर देहात, रनियां, कन्नौज के अलावा नगर व आसपास के क्षेत्रों से कांवड़िये कांवड़ चढ़ाने बाराबंकी स्थित लोधेश्वर धाम जाते हैं। जिसके लिये वह नगर के घाटों से गंगाजल भरकर रवाना होते हैं। मंगलवार को ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने घाटों का निरीक्षण किया। जहां घाटों पर गंदगी का अंबार मिला। इसके साथ ही ऊबड़-खाबड़ घाटों को देख मौजूद एसवीएम प्रभारी को घाट समतलीकरण कराने के निर्देश दिये। जिसके बाद सफाई कर्मियों ने आनंद घाट, दोनों पुल के नीचे घाट, पक्का घाट, गंगा विशुन घाट पर झाड़ू लगाकर सफाई की। इसके साथ घाटों को चकाचक करने के लिए चूने का छिड़काव भी कराया गया। ईओ ने बताया कि शिवरात्रि पर गंगा स्नान करने श्रद्धालु आते हैं। इसे देखते हुये सफाई कराई गई है। इसके साथ ही कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो उसके लिये भी सफाई कर्मियों को बराबर साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये हैं।


घाट का निरीक्षण करते ईओ मुकेश कुमार मिश्रा। अमृत विचार

- शिवरात्रि को देखते हुए की जा रही है साफ-सफाई

# शताब्दी की चपेट में आने से युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- रेलवे ट्रैक पार करते समय हुआ हादसा
- जानकारी होने पर परिजनों में मचा कोहराम

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर ट्रैक पार करते समय युवक तेज रफ्तार शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर रेलवे व कोतवाली पुलिस पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एबी नगर मोहल्ला निवासी विजय प्रताप (18) पुत्र प्रताप नारायण इंटर मीडिएट का छात्र था। मंगलवार को वह किसी काम से घर से निकला था। लखनऊ-कानपुर रेलमार्ग पर लोक नगर रेलवे क्रासिंग और ईदगाह मोहल्ले के बीच ट्रैक पार करते समय दिल्ली जा रही शताब्दी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर आरपीएफ एएसआई लालजी यादव व सदर कोतवाली पुलिस पहुंची। उसकी पहचान कराकर परिजनों को घटना की जानकारी देने के साथ शव मोर्चरी में रखवाया गया। दिवंगत युवक के पिता सेवानिवृत्त डॉक कर्मी हैं। वह चार भाइयों में छोटा था। बेटे की मौत से माता-पिता व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया गया है।

# आरओबी निर्माण को लेकर रेलवे के कार्य में आई तेजी, जल्द होगा पूरा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज का काम एक बार फिर से तेजी से शुरू हो गया है। वहीं रेलवे ने पुरानी क्रासिंग को बंद करा दिया है। जिसके बाद रेलवे की ओर से बनाये जाने वाले पिलर का काम कराया जा रहा है। मंगलवार को लोहे का जाल बनाकर पिलर के ऊपर हिस्से में काम कराया गया।

सरैयां रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले आरओबी का काम क्रासिंग पर लगने वाले जाम के कारण प्रभावित हो रहा था। जिस कारण रेलवे विभाग कछुए की गति से काम करा रहा था। इधर नई क्रासिंग की ओर से यातायात डायवर्ट कर दिया गया। जिसके बाद रेलवे ने पुरानी रेलवे क्रासिंग को बंद करा दिया। इधर रेलवे की ओर से बनने वाले चारों पिलर के काम में कार्यदायी संस्था ने तेजी से काम शुरू करा दिया है। इसके अलावा मरहला की तरफ बने पिलर के ऊपरी हिस्से में ढलाई का काम शुरू किया है। जिसको लेकर मंगलवार को लोहे का जाल बनाये गये। वहीं कार्यदायी संस्था के ठेकेदार ने बताया कि पिलर की ढलाई का काम जल्द पूरा कर लिया जायेगा। जिसके बाद पिलर के उपरी हिस्से की कैप बनाना शुरू किया जायेगा। वहीं बरसात से पहले बचे हुए दो पिलर का काम भी पूरा कर लिया जायेगा।


रेलवे की ओर से क्रासिंग के पास कराया जाता पिलर का काम। अमृत विचार

# नदी न पार कराने पर जमकर पीटा

**जाफरगंज।** नाव से नदी पार न करने पर दबंगों ने मल्लाहों के साथ जमकर मारपीट कर दी। पीड़ितों ने पुलिस से मामले की शिकायत की है।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के गांव भुरकुसियापुर गांव निवासी राजकुमार निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार को पांच साथियों के साथ रिंद नदी पार करके पड़ोसी गांव मजदूरी करने जा रहे थे। तभी केवाई गांव के लगभग आधा दर्जन युवकों ने नाव से नदी पार करने को कहा। देर होने का हवाला देने पर गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित घायल हो गया। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# छात्रों के शव गांव पहुंचे तो मच गया कोहराम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** डेरापुर थाना क्षेत्र के रतनियापुर ईंट भट्टे के पास सोमवार को इंटर का पेपर देकर लौट रहे बाइक सवार तीन छात्र ट्रक की टक्कर सेघायल हो गए थे। उपचार के दौरान दो छात्रों की मौत हो गई थी। जबकि एक का इलाज चल रहा है। देर रात शव गांव पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

सोमवार को डेरापुर थाना क्षेत्र के बिरिया गांव निवासी शिशुपाल का पुत्र दीपक (17), चरण सिंह यादव का पुत्र प्रवीण यादव (18) व चंद्रशेखर का पुत्र अनिरुद्ध यादव (17) इंटरमीडिएट की परीक्षा देने एक बाइक पर सवार होकर परौंख राजकीय इंटर कालेज गए थे। शाम की पाली में भौतिक विज्ञान की परीक्षा देकर तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर वापस लौट रहे थे। तभी रतनियापुर ईंट भट्ठे के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

एंबुलेंस से अनिरुद्ध को जिला अस्पताल ले जाया गया था। जहां ईएमओ डॉ. पवन पार्या ने उसे मृत घोषित कर दिया था। वहीं प्रवीण व दीपक को परिजन सीएचसी डेरापुर ले गए थे। वहां डॉ. रवींद्र प्रताप ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया था। परिजनों ने बताया था कि मृतक अनिरूद्ध व प्रवीण डेरापुर स्थित श्रीकृष्ण आदर्श इंटर कालेज उदनापुर में इंटरमीडिएट के छात्र थे। घायल दीपक भी इसी कॉलेज में पढ़ता है। तीनों में अच्छी दोस्ती होने के चलते वह एक साथ ही बाइक से निकले थे।

# पैरामिलिट्री के साथ एसपी का रूट मार्च

**रनियां।** लोकसभा चुनाव की तिथि भले ही न घोषित हुई हो, लेकिन पुलिस व प्रशासन सक्रिय हो गया है। मंगलवार को एसपी ने पैरामिलिट्री जवानों के साथ कस्बे में रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

मंगलवार को एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, सीओ सदर तनु उपाध्याय ने पैरामिलिट्री जवानों के साथ कस्बे के चिटिकपुर, शिवाजी नगर, आंबेडकर नगर, बाजार रोड़, किशरवल रोड समेत पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में रूट मार्च किया। एसपी ने चुनाव में प्रशासन का सहयोग करने और सोशल मीडिया पर अनावश्यक टिप्पणी न करने की हिदायत दी। शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों कड़ी कार्रवाई होगी।

# रामभरोसे को मिला ऑटो स्टैंड ठेका

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** कस्बा में लगने वाले ऑटो स्टैंड के ठेकों की नगर पंचायत कार्यालय में बोली लगाई गई। साथ ही बाजार का ठेका भी उठाया गया है। ठेकेदार रामभरोसे सिंह ने सर्वाधिक बोली लगाकर तीनों स्टैंड अपने नाम कर लिया।

रूरा कस्बे में तीन ऑटो स्टैंड संचालित हैं, जिनकी बोली अवधि पूरी हो चुकी थी। इसको देखते हुए मंगलवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्ता, अधिशाषी अधिकारी निलाव शाल्या, लिपिक राजेश रावत की मौजूदगी में कस्बे के 15 लोगों ने बोली में प्रतिभाग किया।

इस दौरान राम कांस्ट्रक्शन के मालिक रामभरोसे सिंह ने तीनों स्टैंड की सबसे ज्यादा बोली लगाई, जिसके चलते इनको 6.19 लाख रुपये में रूरा के तीनों ऑटो स्टैंडों का ठेका दे दिया गया। वहीं कस्बे में प्रति सप्ताह गुरुवार व सोमवार को हरी सब्जी की बाजार लगती है। जिसके ठेके का भी समय पूरा हो चुका था। बाजार ठेका की भी सबसे अधिक बोली रघुनाथ प्रसाद एंड संस ने 3.45 लाख रुपये लगाई, जिसे ठेका मिल गया।


रूरा नगर पंचायत कार्यालय में ठेका बोली के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### आलू-खोया और गुड़ मंडी की बोली आठ को

रूरा कस्बे में आलू मंडी, खोया मंडी, गुड़, बान, हड्डी-चमड़ा, सूत-सांता के ठेके भी उठाए जाते हैं। जिनकी समयावधि भी पूरी हो चुकी है। मंगलवार को इनकी बोली नहीं लगाई गई। नगर पंचायत लिपिक राजेश ने बताया कि इनकी 8 मार्च की सुबह 11 बजे बोली लगाई जाएगी।

# तालाब में गिरी बाइक युवक की मौत

**रसूलाबादः** लालू गांव के समीप विषधन रसूलाबाद मार्ग पर बाइक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी, जिससे बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। दूसरा घायल हो गया। इटावा के चकर नगर का सदमान (25) पुत्र आलम अली अपने भतीजे अलबक्स का मुण्डन कराने टेम्पो से परिवार के लगभग दर्जन भर लोगों के साथ मकनपुर जा रहा था। इस दौरान निभू के पास टेम्पो का पहिया पंचर हो गया। जहां से वह टेम्पो का टायर लेकर बाइक से अभिषेक के साथ लालू गांव पंचर जुड़वाने आ रहा था। इस दौरान लालू गांव के समीप विषधन रसूलाबाद मार्ग पर अचानक तीव्र मोड़ के आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी, जिससे बाइक सवार सदमान के तालाब में गिरने से मौके पर मौत हो गई।

**जाम का झाम** पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर वाहनों के भार बढ़ने से लगा जाम

# संकरा रास्ता व बेशुमार वाहनों से पुल पर लगा जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ गया। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पुल से लेकर फोरलेन तक वाहन सवार कतारों में खड़े हो गये। वहीं वैकल्पिक मार्ग से कई बार कारें निकली। जिससे जाम और भी विकराल हो गया। जाम को देखकर वहां पर मौजूद पुलिस को जाम हटवाने के लिये कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

मंगलवार सुबह नौ बजे स्कूली बच्चों के अलावा कानपुर ड्यूटी जाने वाले लोग अपने-अपने वाहनों से निकले। इधर बालूघाट से नवीन पुल का मार्ग संकरा होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक भीषण जाम लग गया। जाम में दोपहिया, टेंपो, ई रिक्शा, लोडर, साइकिल, चौपहिया के अलावा अन्य वाहनों की कतार लग गई। वहीं मनोहर नगर, सीताराम कॉलोनी और पश्चिमी क्षेत्रों से आने वाले वाहन सवारों ने जल्दबाजी में निकल रहे थे। जिससे जाम और भी विकराल हो गया।

नवीन पुल, बालूघाट मोड़ से लेकर फोरलेन तक दोहरी, तीहरी लाइनों में वाहनों की कतारें लग गई। भीषण जाम देख गंगाघाट पुलिस पहुंची। जहां पुलिस ने बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहनों ने रेंग कर चलना शुरू किया। इस दौरान ग्यारह बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। वाहनों का भार कम होने के बाद नवीन पुल से जाम हट सका।


नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

- पुलिस को जाम हटवाने के लिये करनी पड़ी मशक्कत
- ग्यारह बजे के बाद जा कर खुल सका जाम

# बीमारी से आरपीएफ सिपाही का निधन

**शुक्लागंज उन्नाव।** कानपुर रामादेवी निवासी आरपीएफ सिपाही की गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर तैनाती थी। जहां गंभीर बीमारी के चलते सिपाही का निधन हो गया। मंगलवार को सिपाही के परिजनों ने आरपीएफ चौकी को सूचना दी।

मूलरुप से थाना कोपागंज गांव रइसा जनपद मऊ व हाल पता कानपुर रामादेवी निवासी हेमंत चौहान (40) गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर चौकी में तैनात थे। वह बीते दो साल से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। जिससे इस समय वह छुट्टी पर थे। तीन दिन पहले उनका इलाज के दौरान निधन हो गया। जिस पर मंगलवार को सिपाही के परिजनों ने आरपीएफ चौकी में इसकी सूचना दी। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृतात्मा की शांति के लिये ईश्वर से कामना की। एसआई गुप्तार सिंह ने बताया कि सिपाही छुट्टी पर चल रहे थे, आलाधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई है।

# मल्टीलेवल पार्किंग बनाने को भेजा पत्र

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका क्षेत्र के 28 वार्डों की मुख्य मार्गों से लेकर संकरी गलियों व चौराहों पर लोग घरों के बाहर वाहन खड़े करते हैं। जिससे इमरजेंसी के समय लोगों को परेशानी होती है। इस समस्या को देखते हुये चेयरमैन ने मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिये शासन को पत्र भेजा है। जिससे गलियों में वाहन न खड़े हो और लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न उठानी पड़ी।

नगर पालिका क्षेत्र के ऋषि नगर सुभाष नगर, नेहरू नगर, साकेतपुरी, अंबिकापुरम, रहमत नगर, अहमद नगर, भातू फार्म, शक्ति नगर, द्विवेदी नगर, पोनी रोड, चंपापुरवा, मिश्रा कॉलोनी, सीताराम कॉलोनी, मनोहर नगर, इंद्रा नगर, अहमद नगर, रहमत नगर, अंबिकापुरम, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर के अलावा क्षेत्र के सभी वार्डों में अधिकांश लोगों के पास चौपहिया वाहन हैं। वाहन खड़ा करने के लिये घरों में पार्किंग न होने से वे घरों के बाहर ही वाहन खड़े करते हैं। इसके अलावा टेंपो, ई-रिक्शा व लोडर के अलावा अन्य वाहन भी गलियों में ही खड़े रहते हैं। जिससे कई बार रात में मरीजों को अस्पताल ले जाने के लिये संकरे रास्ता होने से मरीजों की जान पर बन आती है। कई बार वार्ड निवासियों ने इसकी शिकायत पालिका प्रशासन से की है। जिसे संज्ञान में लेकर चेयरमैन कौमुदी पांडे ने मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिये शासन को पत्र भेजा है। मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव पास होते ही उसका निर्माण कराया जायेगा।


इस तरह गलियों में खड़े होते हैं वाहन। अमृत विचार

> मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिये शासन को पत्र भेजा गया है। शासन से अनुमति मिलते ही पार्किंग स्थल बनाने का काम शुरू कराया जायेगा। पालिका की मंशा है कि गलियों में वाहन न खड़े हो।
>
> –कौमुदी पांडे, चेयरमैन–नगर पालिका गंगाघाट।

अकामान् कामयति य : कामयानान् परित्यजेत् ।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

# भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रोंप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।



बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रृद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रृद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रृद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋृतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन–खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंगलैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंनें 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंनें सामग्री इकट्ठा की थी।

## प्रसंगवश

# आजा नाच लै

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफयूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुजुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

# कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

## सोशल फोरम

# राजनीति की गंगा



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

# कुबेर का घमंड



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक ही होती ही नहीं है।

# खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।



निधि नित्या
जबलपुर

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है।

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

# जल्द ही प्लास्टिक सिटी में लगेंगे उद्योग

## मानस सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं एमओयू की बैठक, लंबित ऋण पत्रावलियों पर भी हुई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला उद्योग बंधु एवं एमओयू की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त उद्योग अधिकारी ने विभाग में संचालित प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना की प्रगति से अवगत कराया। बताया कि पीएमईजीपी योजना में लक्ष्य के सापेक्ष 165 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 76 ऋण पत्रावलियां संबंधित बैंकों को ऑनलाइन प्रेषित कर दी गई है। जिसके सापेक्ष 37 ऋण पत्राबलिया स्वीकृत के सापेक्ष 30 ऋण पत्राबलियों का वितरण हो चुका है। 18 ऋण पत्रावलियां संबंधित बैंकों में स्वीकृत के लिए लंबित है एवं एक जनपद एक उत्पाद मार्जन मनी योजना के अंतर्गत 40 पत्रावलिया प्रेषित कर दी गई है। जिसके सापेक्ष 16 पत्रावलियां स्वीकृति के पश्चात 12 ऋण पत्रावलियां वितरित हो गई हैं तथा 19 ऋण पत्रावलियां स्वीकृति के लिए विभिन्न बैंकों में लंबित हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग एवं अग्रणी जिला प्रबंधक व समस्त जिला समन्वयकों को निर्देशित किया कि शाखा प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर एमबाईएसबाई एवं ओडीओपी में आवंटित लक्ष्य की पूर्ति शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित यूपीसीडा से आए अधिकारी ने प्लास्टिक सिटी के बारे में बताया कि कुल 332 भूखंड है, जिनमें से 163 भूखंड आवंटित हैं। अभी नए आवेदन हेतु ऑनलाइन साइट बंद चल रही है, जो तीन-चार दिन में प्रारंभ होने की संभावना है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि प्लास्टिक सिटी से होकर कंचौसी मार्ग का स्टीमेट शासन को भेज दिया गया है। अभी तक धनराशि शासन से आवंटित नहीं हुई है, धनराशि प्राप्त होने पर अतिशीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत खंड औरैया ने विद्युतीकरण के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया कि 125 पोलों पर तारों का शुद्धिकरण कराया जा चुका है तथा स्टीट लाइट लगाई जा रही हैं। तार बिछाने हेतु खंबे लगाए जा रहे हैं। समीक्षा के दौरान निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित समय सीमा के अंतर्गत प्रकरणों को तत्काल निस्तारण करने हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि माह फरवरी 2024 में जीबीसी का आयोजन वृहद स्तर पर कराया जा चुका है। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने विभाग से हस्तांतरित हुए लंबित एमओयू को धरातल पर लाये, जिससे जनपद में ज्यादा से ज्यादा उद्योग स्थापित हो सके। इसके साथ इन्वेस्ट यूपी से आए उघमी मित्र अनुराग अग्रहरि द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद को 1250 करोड़ का लक्ष्य आवंटित किया गया है। जिसके सापेक्ष 112 एमओयू निवेश धनराशि 1105.65 करोड़ जिसका 89: पूर्ण कर लिया गया है और शेष एमओयू को धरातल पर लाने हेतु निवेशकों से समन्वय स्थापित कर भौतिक सत्यापन, एनओसी आदि की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में अवगत कराया कि अभी 600 आवेदन कर्ताओं का साक्षात्कार कर लिया गया है। 600 आवेदनकर्ता का साक्षात्कार कराना शेष है जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि शेष आवेदन कर्ताओं का साक्षात्कार 7 मार्च को कराना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग अरविंद कुमार भास्कर, अग्रणी जिला प्रबंधक राजीव सिंह, आईटीआई प्रधानाचार्य संजीव कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं समस्त जिला समन्वयकव उद्यमी मौजूद आदि रहे।


बैठक के दौरान मातहतों को निर्देश देतीं डीएम नेहा प्रकाश। अमृत विचार

# एंटी करप्शन टीम के दोनों गवाह मुकरे

अमृत विचार फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एएसपी एंटी करप्शन ने दूसरे दिन भी की जांच, वायरल फुटेज के असली वीडियो पेन ड्राइव में सौंपे गए

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय के लिपिक विमल पांडेय को पकड़ने में एंटी करप्शन टीम के साथ आए दो सरकारी गवाह भी मुकर गए हैं। एंटी करप्शन की एएसपी इंदुप्रभा सिंह ने जब चकबंदी विभाग के कनिष्ठ सहायक श्रीकांत यादव और सारणीयक मनीष कुमार से पूछा तो दोनों ने साफ मना कर दिया कि उन्होंने लिपिक को रुपये लेते हुए नहीं देखा था। ऐसे में एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई पूरी तरह संदेह के घेरे में आ गई है। आधिकारिक बयान में एएसपी ने बताया अभी जांच चल रही है, जो बुधवार तक पूरी हो जाएगी और इसकी रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक (एंटी करप्शन) लखनऊ राजेश कुमार को सौंपेंगी, वही इस पर निर्णय लेंगे।

मंगलवार को बीएसए कार्यालय दोबारा पहुंचीं एएसपी ने बंद कमरे में सभी कर्मचारियों से बीएसए उपासना रानी वर्मा की मौजूदगी में एक-एक कर पूछताछ की। सभी कर्मचारियों ने कहा कि एंटी करप्शन टीम के साथ आए सभी लोगों की पहचान उजागर होनी चाहिए। वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत के आरोप में उठा ले जाने के बाद कई लोग डीवीआर उखाड़ते रहे और मेजों की ड्राल की तलाशी लेते रहे।

यह एंटी करप्शन टीम बताए कि आखिर वह कौन लोग थे? जब एएसपी ने ट्रैप टीम के प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्रा व सुशील पाराशर से इस बाबत पूछा तो उन्होंने भी इन्कार किया कि वह टीम के अलावा डीवीआर ले जाने वाले लोगों को नहीं पहचानते हैं। टीम ने जब बीएसए कार्यालय के बाहर दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो वह लोग उसमें भी दिखाई दिए। एएसपी ने पत्रकारों को बताया कि सभी साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं। बुधवार को जांच पूरी कर रिपोर्ट एसपी को सौंप दी जाएगी।


बीएसए उपासना रानी वर्मा से जानकारी करतीं एएसपी एंटी करप्शन इंदुप्रभा सिंह व सीओ सिटी कमलेश कुमार। अमृत विचार

### बीएसए ने असली फुटेज पेन ड्राइव में सौंपे

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने एएसपी (एंटी करप्शन) इंदुप्रभा सिंह को वायरल सीसीटीवी फुटेज के असली वीडियो लिखित रूप में सौंप दिए। हालांकि वह काफी देर तक लिखित रूप में लेने से मना करतीं रहीं, लेकिन जब बीएसए ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराने का हवाला दिया, तब उन्होंने पत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा एंटी करप्शन टीम ने बाहर की दुकानों से भी फुटेज निकलवाए। वह सभी साक्ष्य एकत्र कर ले गईं हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने नहीं बांटा आठ माह से पोषाहार

सुमेरपुर(हमीरपुर)

- सीडीपीओ ने जांच के बाद की सेवा समाप्ति की संस्तुति

**अमृत विचार:** ग्राम प्रधान की शिकायत पर जलाला ग्राम पंचायत के मजरा भभौरा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र की जांच में पहुंची मुख्य सेविका को गत आठ माह से पोषाहार वितरण न किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। मौके पर पोषाहार भी नहीं मिला है। जो मिला है वह वितरण लायक नहीं है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुख्य सेविका को अभिलेख भी नहीं दिखा सकी।

जलाला की प्रधान बिट्टो सिंह ने सीडीपीओ से शिकायत करके अवगत कराया था कि भभौरा के आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका रीता देवी, सहायिका माया देवी ने अगस्त 2023 से पोषाहार का वितरण नहीं किया है। सीडीपीओ प्रीति भिलवारे ने मामले की जांच मुख्य सेविका तारा देवी को सौंपी थी। मुख्य सेविका की जांच में प्रधान सहित लाभार्थी अंशिता, ललिता, शालिनी आदि ने बताया कि उनको पिछले नौ माह से पोषाहार नहीं मिल रहा है। मुख्य सेविका को केंद्र में आधा पोषाहार मिला, लेकिन वह वितरण लायक नहीं था। जांच रिपोर्ट के बाद सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त की संस्तुति की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी की कार्यकत्री का मानदेय पूर्व में ही रोक दिया गया था।


आंगनबाड़ी केंद्र में डंप पोषाहार।

# पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवक की गोली मार कर हत्या

संवाददाता बकेवर

- छत पर सोते समय मारी गई गोली, कानपुर के हैलट अस्पताल में हुई मौत

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक को घर के छत पर सोते समय अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल कर दिया। चीख पुकार सुनकर पहुंचे परिजनों ने घायल युवक को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पिता के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।


शीलू सविता

बकेवर थाना क्षेत्र के कंसाही गांव के रहने वाले राजकुमार सविता का 27 वर्षीय पुत्र शीलू सविता उर्फ इंद्रकुमार पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मंगलवार रात करीब 12 बजे के आसपास अज्ञात बदमाशों ने घर के छत पर सोते समय गोली मारकर घायल कर दिया। घायल के चीख पुकार सुनकर परिजनों जब मौके पर पहुंचे तो हमलावर भाग गए। परिजनों ने युवक को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद में भर्ती कराया। डॉक्टर ने युवक को कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। परिजन युवक को लेकर हैलट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सुबह युवक ने दम तोड़ दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक के पिता ने बताया कि उनकी कोई किसी से दुश्मनी नही है और न ही किसी से वाद विवाद है। शीलू की दो बहन और एक छोटा भाई है। बड़ी बहन शिल्पा की शादी हो चुकी है।

### रात 12 बजे गोली चलने की आवाज सुनी

पिता राजकुमार ने बताया कि सोमवार की रात बेटा खाना खाने के बाद छत पर सोने चला गया। रात 12 बजे के आस पास गोली चलने की आवाज आई और बेटा चीखने लगा। जब वह पहुंचे तो गोली मारने वाले लोग भाग गए थे। बेटा पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था। सीओ बिंदकी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि पिता के तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हत्या के खुलासे के लिए तीन टीमों को लगाया गया है।

# पुलिस ने आधे घंटे के अंदर ही 'निपटा' दिया लूट का मुकदमा

संवाददाता किशनपुर

- किशनपुर पुलिस ने पहले लिखा था लूट का मुकदमा बाद में कर दिया खेल

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के नेवाजपुर मजरे गुरुवल गांव में रविवार की शाम दो सगे भाइयों ने ट्रक ड्राइवर को पीटकर 25 हजार रुपए छीन लिए। कुछ देर बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। कुछ देर बाद पुलिस ने मारपीट समेत आरोपियों पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया। आधे घंटे के अंदर ही लूट का मुकदमा खत्म कर दिया जो क्षेत्र के लोगों में चर्चा बनी है।

नेवाजपुर गांव निवासी राजकरन निषाद रविवार शाम ट्रक लेकर मझगवां मोरम खदान मौरंग लेने जा रहा था। इस दौरान गांव के ही रहने वाले दो सगे भाई महेश निषाद व माखन निषाद ने ट्रक ड्राइवर राजकरन को पकड़कर बुरी तरीके से पीट दिया और जेब में रखें 25 हजार रुपए भी छीन लिए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की। शिकायती पत्र मिलते हैं पुलिस ने आनन-फानन पर लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया। लूट का मुकदमा दर्ज करने के आधे घंटे के बाद पुलिस ने गवाह व बयानों के आधार पर तुरंत लूट की धारा हटा दी। और थोड़ी देर बाद पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दिया। सवाल यह है कि पुलिस ने एक घंटे में ही जांच कैसे पूरी कर ली। किशनपुर थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। कुछ देर बाद लूट का मामला फर्जी पाया गया।

# 151 प्रधानाचार्यों को कारण बताओ नोटिस

**फतेहपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक की डयूटी न निभाना 352 शिक्षकों महंगा पड़ रहा है। इनके प्रधानाचार्यो को डीआईओएस ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आठ मार्च तक लिखित रूप में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने की चेतावनी दी है।

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट की परीक्षा के लिए जिले में 117 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में डयूटी लगाई गई है। लेकिन 151 विद्यालयों के 352 शिक्षकों ने अपने परीक्षा केन्द्र में जाकर कार्यभार नहीं ग्रहण किया। जिससे बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 151 स्कूलों के प्रधानाचार्यो को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिसमें सम्बंधित प्रधानाचार्यों से 8 मार्च तक स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# कैलाश खेर के गीतों ने दर्शकों को रात भर झुमाया

औरैया महोत्सव

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- कैलाश खेर ने कहा ताकत वाले देश भारत की तरफ देख रहे
- महोत्सव में आह्वान किया अपना वोट देने जरूर जाना

**अमृत विचार।** औरैया महोत्सव में पहुंचे कैलाश खेर को देख दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। पूरी रात चले कार्यक्रम में लोग उनके गीतों पर झूमते रहे। औरैया महोत्सव में सूफी गायक कैलाश खेर ने अपनी गायकी से समारोह में जान फूंक दी। सैकड़ों दर्शकों की उपस्थिति में कैलाश खेर ने एक के बाद एक गानों से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

कार्यक्रम में ही कैलाश खेर ने कहा कि आप लोग जाग गए हैं, मेरे राम जाग गए हैं। वोट देने योग्य हो गए है तो जरूर वोट देना। कहा की बड़े-बड़े ताकत वाले देश आपस में लड़ रहे हैं और भारत की तरफ बेचारे देख रहे हैं कि यह हमे बचा लेंगे ये मेरा बीच बचाव कर लेंगे। यह है भारत की ताकत। कहा मेरे राम जग गए हैं आपके हृदय में इनको अपने हृदय में जागे रहने देना और वोट करो हर बुराई पर नुकीली दो चोट दो वोट दो। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नेहा प्रकाश, एसपी चारू निगम समेत जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे और कई भाजपा नेता व अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।


औरैया महोत्सव में प्रस्तुति देते कैलाश खेर। अमृत विचार

# दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

**कन्नौज।** शहर के बोर्डिंग मैदान पर दो दिवसीय विराट दंगल का आयोजन मंगलवार से शुरू हो गया। पहले दिन नेपाली व अयोध्या के पहलवानों का ही दवदबा रहा। सांसद सुब्रत पाठक व एसपी अमित कुमार आनन्द ने दंगल का उदघाटन किया। दंगल में नेपाल समेत कई प्रांतों के पहलवानों ने अपने दांव पेच दिखाये। इस दौरान शंकर थापा पहलवान नेपाल व रंगा पहलवान राजस्थान के बीच मुकाबला हुआ। इसमें रंगा को जीत मिली। इसी तरह कबीर पहलवान पंजाब व मो. जुनैद पहलवान दिल्ली के बीच मुकावला बराबर रहा।

# फफूंद के पक्का तालाब पर बनेगा योग सेंटर

अच्छी पहल

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- चेयरमैन और ईओ ने चल रहे कार्य का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** नित्य योगासन करने वालों के लिए अच्छी खबर है। नगर पंचायत ने एक अच्छे योग सेंटर का निर्माण शुरू करा दिया। कस्बे के पक्के तालाब के पास बन रहे योग सेंटर का शुक्रवार को चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी ने निरीक्षण किया। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि लोगों की मांग पर जिलाधिकारी की अनुमति लेकर योगा सेंटर का निर्माण शुरू करा दिया गया है।

कस्बे के ककोर रोड पर पक्का तालाब स्थित है। कस्बे के लोगों के मॉर्निंग वाक के लिए शांत वातावरण और हरियाली से भरी यही एक मात्र जगह है। यहां रोज सुबह और शाम एक हजार से अधिक कस्बेवासी वाक करने के साथ नजदीक के पार्क में योग क्रिया भी करते हैं। छह माह पूर्व से कस्बे के लोग यहां योग सेंटर बनाने की मांग कर रहे थे।

जिसके लिए स्वयं सेवी संस्था सोशल वेलफेयर कमेटी ने भी चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर योगशाला सेंटर बनाने की मांग की थी। अधिशाषी अधिकारी डा. विनय कुमार शुक्ला ने अनुमति के लिए जिलाधिकारी को फाइल भेजी थी। हाल में जिलाधिकारी ने कस्बे में योगशाला सेंटर बनाने की संस्तुति प्रदान कर दी है। जिसका काम भी शुरू करा दिया गया है। शुक्रवार को चेयरमैन मोहम्मद अनवर और अधिशाषी अधिकारी ने पक्का तालाब पर पहुंचकर कार्य को देखा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय वित्त से छह लाख रुपये की लागत से भव्य योग सेंटर बनाया जा रहा है। इसके तहत योगा स्थल को पक्का कर टायलीकरण के अलावा हर जरूरी कार्य कराए जाएंगे।

रक्षा मंत्रालय का तोहफा

पीपीपी मॉडल पर संचालित होगा सैनिक स्कूल, छात्र- छात्राओं का हो सकेगा दाखिला, बच्चे लेंगे सैनिक शिक्षा

# अब सैनिक स्कूल में शुरू होगा दाखिला, उद्घाटन कल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सात मार्च को कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना करेंगे उद्घाटन
- परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे का भी होगा लोकार्पण

**अमृत विचार।** रक्षा मंत्रालय के अधीन न्यू सैनिक स्कूल संकल्पना के तहत इटावा में भी सैनिक स्कूल प्रारंभ होने जा रहा है। कई प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थानों का सफल संचालन कर रहे मुन्ना स्मृति संस्थान को इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिली है। आगामी सात मार्च को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना विद्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसी दिन सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का भी लोकार्पण किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह एवं एमएलए सदर सरिता भदौरिया भी उपस्थित रहेंगी।

मंगलवार को शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी प्रबंधक आशीष भदौरिया ने दी। बताया कि सैनिक स्कूल इटावा को सीबीएसई और सैनिक स्कूल सोसायटी दोनों नियामक संस्थाओं के मानकों के अनुसार छात्रों को शिक्षा देनी होगी। शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल उदी में इसी सत्र से पीपीपी माडल पर आधारित सैनिक स्कूल में पठन पाठन शुरू हो जाएगा।

आशीष भदौरिया ने बताया कि सैनिक स्कूल के कैडेट्स के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित और वातानुकूलित छात्रावास, भोजनालय, स्वीमिंग पूल, एथलेटिक्स ट्रैक, अनेकों खेलों के कोर्ट और मैदान तैयार हैं। इसके साथ ही निकट भविष्य में सैनिक स्कूल इटावा के कैडेट्स को घुड़सवारी और शूटिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाएगी। मिलिटरी रिलेटेड ट्रेनिंग सेना के रिटायर्ड कार्मिकों के द्वारा दी जाएगी।

मेंटर स्कूल सैनिक स्कूल मैनपुरी के प्रिंसिपल कर्नल अग्निवेश पांडेय ने कहा कि न्यू सैनिक स्कूल की स्थापना के पीछे लक्ष्य है कि छात्रों नई शिक्षा नीति के तहत आधुनिक शिक्षा देने के साथ ही उन्हें सैन्य मूल्यों में भी प्रशिक्षित करना है। वैसे तो सैनिक स्कूल में छात्रों के विशेष प्रशिक्षण का पहला लक्ष्य एनडीए के माध्यम से सेना में अधिकारी बनने का होता है, जो छात्र सेना का कैरियर नहीं भी चुनते हैं वे जीवन के किसी भी क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नेतृत्वकर्ता बनते हैं।

प्रिंसिपल एके चतुर्वेदी ने बताया कि सैनिक स्कूल इटावा में 40 से 50 प्रतिशत कैडेट्स (छात्रों) का प्रवेश ऑल इंडिया सैनिक स्कूल इंट्रेस एग्जाम की मेरिट के आधार पर होगा। शेष कैडेट्स के चयन के लिए सैनिक स्कूल सोसायटी की निगरानी में 17 मार्च को एक प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। जो अभिभावक अपने बच्चों को सैनिक स्कूल इटावा में प्रवेश दिलाना चाहते हैं वे सैनिक स्कूल इटावा की वेबसाइट www.sainikschooletawah.org पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। इसके अलावा वे शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल में बने हेल्प डेस्क पर भी संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सफल छात्रों को योग्यता अनुसार भारत सरकार रक्षा मंत्रालय की ओर से स्कॉलरशिप भी दी जाएगी। श्री चतुर्वेदी ने बताया कि सैनिक स्कूल इटावा में एक कैडेट (छात्र) की दिनचर्या प्रातः पांच बजे शुरू हो जाएगी और रात दस बजे तक चलेगी। इस पूरे 17 घंटों के प्रशिक्षण को फिजिकल ट्रेनिंग, योग, एकेडमिक ट्रेनिंग, एकेडमिक प्लस एक्टिविटी, स्किल बेस्ड ट्रेनिंग, मिलिट्री ड्रिल ट्रेनिंग, एनसीसी, फील्ड क्राफ्ट ट्रेनिंग, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग, रिक्रिएशन और सेल्फ स्टडी में विभाजित किया गया है। इस मौके पर सीबीएसई के सिटी कोआर्डिनेटर डॉ आनंद मुनि और शकुंतलम की प्रिंसिपल वर्षा सिंह भी मौजूद रहीं।



पत्रकारों से बात करते प्रिंसिपल अग्निवेश, आशीष भदौरिया एवं विधायक सरिता भदौरिया।

### डे स्कॉलर भी हो सकते हैं कैडेट

अभिभावक अपने बच्चों को दिन भर के प्रशिक्षण के बाद घर ले जाना चाहते हैं तो ले जा सकते हैं। हालांकि यह सुविधा कड़ी शर्तों को पूरी करने के बाद ही दी जाएगी। कैडेट बिना बैग के घर से स्कूल आएंगे। सारे प्रशिक्षण लेने के बाद घर वापस जा सकेंगे। उन्हें स्कूल में ही लॉकर्स, भोजन, और अन्य सामग्री उपलब्ध करायी जाएगी।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की जिंदगी खत्म

संवाददाता फतेहपुर

- हुसेनगंज, जाफरगंज व थरियांव क्षेत्र में हुए हादसे

**अमृत विचार।** तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों की जानकारी पर पहुंचे मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पशु बाजार के पास तेज रफ्तार पिकअप गाड़ी चालक ने बाइक सवार अजय रैदास पुत्र नरेंद्र रैदास को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक सिर के बल सड़क पर गिर गया। सिर से खून ज्यादा बहने से बाइक सवार की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। पिता ने नरेंद्र ने बताया कि बेटा सुबह किसी काम से घर से बाइक लेकर निकला था। पुलिस ने सूचना दिया कि उनके बेटे की मौत हो गई है। इसी तरह थरियांव थाने के लक्ष्मणपुर निवासी अशोक पासवान पत्नी सुमैना मायके हरी का पुरवा गई थी। वह पति के साथ बाइक से लौट रही थी। हथगाम रोड के नरायनपुर मोड़ पर पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। उधर, जाफरगंज थाना क्षेत्र के भारतपुर गांव के बाबादीन का डेरा निवासी विजय निषाद बिजली मैकेनिक था। वह सोमवार को गांव से बाइक से मांझेपुर जा रहा था। बाबा कुटी के पास जोनिहा की ओर जा रही लोडर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। लोडर चाल मौके से भाग गया।

# 'धारा 370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा किया'

## केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, यूपी में संगठन बहुत अच्छा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी के नेतृत्व में सरकार ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 हटाकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा किया। प्रधानमंत्री ने इसीलिए इस बार भाजपा को 370 सीटें लोकसभा में जीतने का लक्ष्य दिया है।

मेघवाल ने उक्त बात भाजपा महानगर की ओर से विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आंदोलन चलाकर नारा दिया था कि दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे, मगर बहुमत न होने के कारण इसे धरातल पर नहीं उतारा जा सका। 2014 में बहुमत की सरकार होने के कारण ही वर्ष 2019 में केंद्रीय गृह मंत्री ने संसद में धारा 370 हटाने का प्रस्ताव लाए। उन्होंने कहा कि चुनाव में कार्यकर्ता मुख्य कड़ी होता है।


विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी सम्मेलन को संबोधित करते केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, साथ में अन्य। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने 2014 में निर्णायक बहुमत देकर केंद्र में सरकार बनवाई। कार्यकर्ताओं की संगठन संरचना उत्तर प्रदेश में बहुत अच्छी है। मेघवाल ने कहा कि अयोध्या में मंदिर को लेकर भी विपक्षी दल सवाल उठा रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करके विपक्षियों का मुंह बंद कर दिया। मुख्यमंत्री योगी के शासन में प्रदेश लगातार प्रगति कर रहा है। उद्योगों के लिए उत्तर प्रदेश का माहौल अनुकूल है। इससे पूर्व श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए।

विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल प्रभारी, मोर्चा पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, मेयर सुषमा खर्कवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यम्बक त्रिपाठी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, विधायक डॉ. नीरज बोरा, मोहसिन रजा, त्रिलोक अधिकारी, पुष्कर शुक्ला, महामंत्री राम अवतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि, विजय भुर्जी, पंकज सक्सेना, सतीश, गौरव भाटिया, दीपक शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### आज भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की अहम बैठक

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रबंधन समिति की अहम बैठक बुधवार को शाम चार बजे होने जा रही है। बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहसंयोजक और लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद, समित के सदस्य सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, कांता कर्दम और मोहित बेनीवाल भी मौजूद रहेंगे। चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत की व्यूह रचना तैयार की जाएगी। चुनावी समर के दौरान बूथ प्रबंधन, नामांकन सभा, चुनाव आयोग से समन्वय, प्रचार-प्रसार सामग्री, रैलियों-सभाओं और रोड शो की तैयारियों पर विचार-विमर्श होगा।

## आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले को छह साल की सजा

**लखनऊ।** पाकिस्तान डिफेंस एवं आईएसआई एजेंट को देश के संवेदनशील स्थानों की सूचना देने एवं मोबाइल फोन के जरिए फोटो भेजने के आरोपी चंदौसी थाने के चैरहट पड़ाव गांव निवासी मोहम्मद रशीद को एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने छह वर्ष के कठोर करावास एवं 6 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

अदालत के समक्ष एनआईए की ओर से विशेष अधिवक्ता शिखा ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट एटीएस के उप निरीक्षक रितेश कुमार सिंह ने 19 जनवरी 2020 को दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि एटीएस को सूचना प्राप्त हो रही है कि उत्तर प्रदेश का रहने वाला एक व्यक्ति अपने मोबाइल से पाकिस्तान के डिफेंस/आईएसआई एजेंट के संपर्क में है। भारत में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र की फोटो तथा आर्मी के मूवमेंट एवं अधिकारियों की फोटो मोबाइल आदि के माध्यम से खींचकर उन्हें उपलब्ध करा रहा है जिससे देश की संप्रभुता एवं सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो रहा है। बताया गया कि एटीएस के अधिकारियों के निर्देश पर सूचना को विकसित किया गया तो पाया गया कि चैरहट पड़ाव थाना मुगलसराय चंदौली का रहने वाला मोहम्मद राशिद आईएसआई के संपर्क में है।

### पं अभय सोपोरी ने संतूर वादन से रामलला को किया आनंदित

# असम की सरोदी चौकिया का नृत्य देख कर झूम उठे दर्शक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में राग उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को रामलला के समक्ष कश्मीर के प्रसिद्ध संगीतकार पंडित अभय सोपोरी ने संतूर वादन की प्रस्तुति दी। इसके बाद असम की प्रसिद्ध नृत्यांगना सरोदी सैकिया ने अपने नृत्य से माहौल को राममय कर दिया। प्रस्तुतियां देख श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ के महासचिव चंपत राय, आयोजक साहित्यकार यतीन्द्र मोहन मिश्र और अन्य गणमान झूम उठे। पंडित अभय सोपोरी एक बहुमुखी और प्रतिष्ठित संगीतकार हैं। संगीत के महान गुरु पंडित शंभू नाथ सोपोरी जी के पोते हैं, जिनको जम्मू-कश्मीर में भारतीय शास्त्रीय संगीत का जनक माना जाता है। कश्मीर के 300 साल पुराने सोपोरी-सूफियाना घराने से आने वाले पंडित अभय सोपोरी शैव-सूफी संगीत परंपरा की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। जिन्हें संयुक्त राष्ट्र मान्यता प्राप्त महात्मा गांधी शांति पुरस्कार, भारत के टॉप ग्रेड कलाकार की मान्यता, अटल शिखर सम्मान, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर का स्टेट आइकॉन टाइटल, जम्मू-कश्मीर सरकार पुरस्कार, बेस्ट सिटीजन्स ऑफ़ इंडिया अवार्ड, भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी के पहले युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुके हैं।


रामलला के दरबार में संतूर वादन की प्रस्तुति देते पंडित अभय सोपोरी।


रागोत्सव में प्रस्तुति देतीं नृत्यांगना।

### 40 आईएएस अधिकारियों ने किया दर्शन



**अयोध्या।** डिजिटल क्रॉप्ट सर्वे कार्यशाला में शामिल होने से पहले सात अलग-अलग राज्यों से 40 सदस्यीय आईएएस अफसरों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार यहां पहुंचक रामलला का दर्शन किया। जिला कृषि अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया की सभी अधिकारी रामलला का दर्शन कर भावुक हुए और प्रसन्नता व्यक्त की। बताया कि सभी दर्शन-पूजन के बाद लखनऊ के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि टीम में लगभग अलग-अलग प्रांत के 40 आईएएस अफसरों में महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब प्रांत के शामिल रहे।

# रेलवे के डीएमई समेत दो को 5-5 साल कारावास

कोर्ट का फैसला

- धोखाधड़ी कर फर्जी बिल तैयार करने का आरोप
- रेलवे को 15, 97239 रुपए का नुकसान पहुंचाया था

लखनऊ, विधि संवाददाता

**अमृत विचार।** रेलवे विभाग में गाड़ियों की मरम्मत के नाम पर फर्जी बिल बनाने के आरोपी एनई रेलवे बनारस के फिटर ग्रेट एक के सीनियर डीएमई पीके दत्ता व मेसर्स विन्टेक इंजीनियरिंग के रिप्रजेंटेटिव विनय कुमार सिंह को सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार सिंह ने पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने आरोपी पीके दत्ता पर 60 हजार रुपये व विनय कुमार सिंह पर 45 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में कोर्ट को सीबीआई की ओर से बताया गया कि सूचना मिली थी कि पीके दत्ता डीएमई एनई रेलवे, डीआरएम कार्यालय वाराणसी के कार्य करने के दौरान वर्ष 2004 से 2006 के बीच सुरेंद्र शरन वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी, मोहम्मद असलम सिद्दीकी अकाउंट असिस्टेंट व तीन प्राइवेट पार्टियों मेसर्स विंटेज इंजीनियरिंग, मेसर्स न्यू टेक इंटरप्राइजेज व सरदार मोटर सर्विस स्टेशन के साथ मिलकर साजिश करके सरकारी गाड़ियों की मरम्मत के बिल धोखाधड़ी से तैयार किए। सीबीआई की तरफ से यह भी बताया गया कि इस धोखाधड़ी के कारण आरोपियों ने व्यक्तिगत लाभ कमाते हुए रेलवे विभाग को 15 लाख 97 हजार 239 रुपए का नुकसान पहुंचाया था।

## कानूनगो को नहीं मिल सकी जमानत

**लखनऊ।** दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार राजस्व निरीक्षक/कानूनगो विवेक तिवारी की जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया है। इस मामले की रिपोर्ट वादी अमर सिंह कुशवाहा ने 15 दिसंबर 2023 को भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की थी। वादी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उसने जमीन की पैमाइश के लिए 30 नवंबर 23 को आवेदन किया था परंतु आरोपी विवेक तिवारी ने पैमाइश के लिए दस हजार रुपए की मांग की थी। अदालत को बताया गया कि पैसे न देने पर आरोपी ने उसके आवेदन को निरस्त कर दिया था। इसके बाद 9 जनवरी 24 को पुनः वादी ने ऑनलाइन आवेदन किया जिस पर आरोपी ने पुनः पैसे मांगे की, इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने 24 जनवरी 2024 को घूस के रुपए लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# महानिदेशक परिवार कल्याण तलब

लखनऊ, विधि संवाददाता

- मुख्य स्थायी अधिवक्ता के बार-बार पत्र भेजने के बावजूद नहीं आया जवाब
- हाईकोर्ट ने कहा- पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना बेहद खेदजनक

**अमृत विचार।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बार-बार समय प्रदान करने के बावजूद राज्य सरकार की ओर से एक मुकदमे में जवाब न आने पर सख्त रूख अपनाया है। न्यायालय ने महानिदेशक, परिवार कल्याण को 13 मार्च को कोर्ट के समक्ष हाजिर होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भए आदेश दिया है कि वह मुकदमे से संबधित समस्त रिकॉर्ड भी अपने साथ लाएं।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन की एकल पीठ ने अमेठी अल्ट्रासाउंड सेंटर, कावा रेड, अमेठी की ओर से दाखिल एक रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। न्यायालय ने कहा कि मुख्य स्थायी अधिवक्ता के कार्यालय से बार-बार पत्र भेजने के बाद भी जवाब न आना खेदजनक है। न्यायालय ने आगे कहा कि इन हालातों में महानिदेशक को तलब करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं है। न्यायालय ने महानिदेशक को व्यक्तिगत हलफ़नामा दाखिल कर यह भी बताने को कहा है कि जिन अधिकारियों के कारण मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय के पत्रों के उत्तर में जवाब नहीं दिया गया उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है। मामले में याची का लाइसेंस 25 सितम्बर 2023 को खारिज कर दिया गया, उक्त आदेश के विरुद्ध याची की अपील खारिज हो गई जिसके पश्चात याची ने हाईकोर्ट की शरण ली। याचिका पर 22 जनवरी को सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सरकारी वकील से लाइसेंस खारिज किए जाने के आधार के संबंध में जवाब देने को कहा था। इस पर सरकारी वकील ने सम्बंधित अधिकारियों से जवाब प्राप्त करने के लिए एक सप्ताह का समय देने की मांग की जिसे कोर्ट ने प्रदान कर दिया। इसके बाद की सुनवाईयों जवाब नहीं आया तो न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यदि अगली सुनवाई तक जवाब नहीं आया तो महानिदेशक को तलब किया जाएगा। मंगलवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील ने न्यायालय को बताया कि जवाब के लिए सम्बंधित अधिकारियों को मुख्य स्थायी अधिवक्ता कार्यालय से पत्र 23 फरवरी को ही भेज दिया गया था लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है।



# ईडी ने भूमाफिया, उसकी पत्नी को किया गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुलंदशहर के भूमाफिया सुधीर कुमार गोयल और उसकी पत्नी राखी गोयल को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को गाजियाबाद में विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने दोनों को 11 मार्च तक सात दिन की कस्टडी रिमांड पर ईडी के सुपुर्द किया है।

ईडी ने पुलिस द्वारा सुधीर कुमार गोयल, उनकी पत्नी और गिरोह के अन्य सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी, और भोले-भाले भूमि खरीदारों को डराने-धमकाने के दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। सुधीर कुमार गोयल, एक कुख्यात भू-माफिया है और उप्र गैंगस्टर एक्ट के तहत एक गैंगस्टर के रूप में भी सूचीबद्ध है। वह बुलंदशहर में अचल संपत्तियों की फर्जी बिक्री और खरीद और आवासीय कॉलोनियों के अवैध विकास में शामिल था।उसी क्रम बीते 9 जनवरी को ईडी ने उसके ठिकानों पर छापा भी मारा था। इसमें पता चला कि सुधीर कुमार गोयल और उसके करीबियों ने बुलंदशहर में 10 आवासीय कॉलोनियां बनाई थी। इनका लैंड यूज बदला नहीं गया था और विकास प्राधिकरण से अनुमति भी नहीं ली गयी थी। बाद में धोखाधड़ी करके 250 भूखंड बेच दिए, जिससे उन्हें करीब 100 करोड़ रुपये मिले। जांच में यह भी सामने आया कि जिन जमीनों को बेचा गया, उनकी वास्तविक कीमत ज्यादा थी, जबकि रजिस्ट्री कम कीमत पर करायी गयी। इसके जरिए करोड़ों की काली कमाई अर्जित की गयी, जिसे निजी संपत्तियों को खरीदने में निवेश किया गया।

# गोंडा में ज्वैलर्स से 50 लाख की लूट

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा

- हेलमेट लगाकर दुकान में घुसे थे, सीसीटीवी में दिखे बदमाश
- 10 किलो चांदी, 600 ग्राम सोने के जेवर, नकदी ले गए

**अमृत विचार :** करनैलगंज बाजार में एक सर्राफा की दुकान पर दो अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर मालिक की कनपटी पर असलहा लगाकर जेवर लूट ले गए। जेवरों की कीमत दुकान मालिक 50 लाख बता रहा है। दहशत के मारे व्यापारी ने पुलिस को सूचना नहीं दी, जब मामला खुलने लगा तो 20 घंटे बाद दुकान मालिक ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी । घटना की जानकारी पुलिस को होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। मौके पर कोतवाल हेमंत कुमार गौड़, चौकी प्रभारी आशीष कुमार वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम मौके पर पहुंचे। पूरे घटना की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी का डीबीआर कब्जे में ले लिया। घटना की तहरीर सर्राफा व्यापारी की तरफ से पुलिस को दी गई है।

पुलिस के अनुसार, सर्राफा व्यापारी विश्वनाथ शाह निवासी मोहल्ला गांधीनगर की दुकान ठठराही बाजार में थी। सोमवार को साप्ताहिक बंदी का दिन होने के नाते रात्रि 10 बजे व्यापारी अपनी दुकान पर आकर हिसाब किताब कर रहा था। तभी अचानक दो बदमाश हेलमेट लगाकर दुकान के अंदर घुस आए। अंदर आते ही बदमाशों ने व्यापारी व उसके एजेंट जितेंद्र कुमार पाठक की कनपटी पर असलहा लगा दिया। इसी दूसरा लुटेरा उसकी दुकान पर रखा लगभग 10 किलो चांदी के जेवर और 600 ग्राम सोने के जेवर इसके साथ ही एक लाख 80 हजार रुपए नकद बटोर लिए। जाते-जाते बदमाशों ने तमंचा लहराते हुए जान से मार देने की धमकी दी और फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारी विक्षिप्त अवस्था में हो गया और 20 घंटे बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज दुकान में लगे कैमरे में कैद है। सूत्रों की माने तो 50 लाख से अधिक के जेवरात लूटे गए हैं।

## माफिया की मदद करने वाले दो अभियंता किये गए सस्पेंड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** माफिया अनुपम दुबे व उनके परिजन के नाम संचालित फर्म पर कार्रवाई के बजाय मददगार बनने के आरोप में फर्रुखाबाद जनपद के पीडब्ल्यूडी के दो अधिशासी अभियंताओं पर गाज गिरी है। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को निलंबित करते हुए मुख्यालय से अटैच करने का आदेश दिया है।

शासन की जांच में सामने आया कि राज्य स्तरीय सूचीबद्ध माफिया अनुपम दुबे व उनके परिजनों के नाम संचालित फर्म मे. कुसुमलता दूबे पत्नी स्व. महेशचंद्र दुबे का चरित्र प्रमाण पत्र निरस्त होने के बाद ब्लैकलिस्ट व डिबार नहीं किया गया। नियम विरुद्ध कार्य देने और भुगतान की कार्रवाई होती रही। यह अनियमितता करने में फर्रुखाबाद जनपद में पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड के अधिशासी अभियंता राजकुमार पिथौरिया और प्रांतीय खंड फतेहगढ़ के अधिशासी अभियंता जोश कुमार दोषी पाए गए। पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के आदेश पर शासन ने दोनों अभियंताओं पर कार्यवाही शुरू करते हुए मंगलवार को दोनों को निलंबित कर दिया।

# वीडियो के बाद सकते में आई भाजपा

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

- तीन दिन से ठप है पार्टी का चुनाव प्रचार अभियान
- बुधवार से पुनः मैदान में उतर सकते हैं भाजपा कार्यकर्ता

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के घोषित उम्मीदवार सांसद उपेंद्र रावत का वीडियो वायरल होने के बाद न केवल उनके समर्थक बल्कि पूरी पार्टी सकते में है। पार्टी के चुनाव अभियान के जो कार्यक्रम चल रहे थे पिछले तीन दिन से ठप हैं। हालांकि भाजपा यह कहकर इसे डालने की कोशिश कर रही है कि शादी विवाह अधिक होने के कारण कार्यकर्ता मांगलिक समझ में व्यस्त रहे।

पार्टी ने 1 फरवरी से बूथ चलो बूथ जीतो अभियान प्रारंभ किया था। पिछले तीन दिनों से इससे संबंधित कोई भी कार्यक्रम नहीं हुआ। 25 फरवरी से प्रारंभ हुआ लाभार्थी संपर्क अभियान भी 3 दिन से बंद है। नारी शक्ति वंदन अभियान को भी गति नहीं मिल सकी है। पार्टी में भी बस यही चर्चा है कि अगला उम्मीदवार कौन होगा। वायरल वीडियो की इस किरकिरी से बचने के लिए भी पार्टी नेता जनता के बीच जाने से बच रहे हैं। क्योंकि निचले स्तर तक के कार्यकर्ताओं में भी वीडियो पहुंच चुका है।

गांव के चौपाल पर भी इसकी चर्चा हो रही है। बस इसे लेकर कोई भी नेता या कार्यकर्ता अपनी जुबान खोलने के लिए तैयार नहीं है। अधिकांश नेताओं के फोन ही नहीं उठ रहे हैं। 3 मार्च को एलईडी प्रचार वैन आनी थी वह भी नहीं आई। हालांकि आविष्कार रूट मार्च तैयार किया जा रहा है।

बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुनने के लिए जरूर जगह-जगह एलईडी लगाई जा रही है। जहां कार्यकर्ता एकत्र होकर प्रधानमंत्री को सुनेंगे। इसी दौरान अगली रणनीति तय होगी।

भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने बताया कि बुधवार को जिले के 25 स्थान पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर नगर पालिका परिसर में होगा। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को कार्यकर्ता सुनेंगे।

लिया गया फैसला — बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आय-व्यय का बजट किया गया पास

# भूमि, विकास पर 3402 करोड़ खर्च करेगा आवास विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सम्पत्तियां बेचकर कमाएगा 1650 करोड़
- ग्रीन बजट के लिए पहली बार 24.21 करोड़

| | |
|---|---|
| कुल प्रस्तावित प्राप्तियां | 3411.75 करोड़ |
| सम्पत्ति बिक्री | 1650 करोड़ |
| डिपाजिट कार्य | 572.63 करोड़ |
| पीएम आवास योजना किश्त | 120.52 करोड़ |
| पंजीकरण | 33.60 करोड़ |
| सेंटेज | 74.76 करोड़ |
| अन्य विभिन्न मदों से | 960.24 करोड़ |

| | |
|---|---|
| कुल प्रस्तावित व्यय | 3402.32 करोड़ |
| भूमि अर्जन | 1540 करोड़ |
| निर्माण एवं विकास कार्य | 582.44 करोड़ |

| | |
|---|---|
| डिपाजिट कार्य | 644.21 करोड़ |
| पीएम आवास कार्य | 46.52 करोड़ |
| प्रशासनिक एवं अन्य | 589.15 करोड़ |

**अमृत विचार :** उप्र आवास एवं विकास परिषद की 265वीं बोर्ड बैठक मंगलवार को अध्यक्ष व अपर मुख्य सचिव आवास एवं शहरी नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण की अध्यक्षता में महात्मा गांधी मार्ग स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गयी। जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के पुनरीक्षित बजट और वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित आय-व्यय का बजट पास किया गया। यह जानकारी अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला ने दी।

उन्होंने बताया कि परिषद अपनी सम्पत्तियां बेचकर 1650 करोड़ एवं विभिन्न मदों से कुल 3411.75 करोड़ रुपये की आय करेगा। भूमि अर्जन व विकास कार्यों पर 3402.32 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सचिव ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण व योजना में हरियाली के लिए पहली बार ग्रीन बजट का प्रावधान किया गया है। विभिन्न योजनाओं में एसटीपी, पार्क और पौध रोपण के लिए 24.21 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

बैठक में आवास आयुक्त बलकार सिंह, अपर आवास आयुक्त एवं सचिव डॉ. नीरज शुक्ला, अपर आवास आयुक्त ईशांत प्रताप सिंह, वित्त नियंत्रक महेन्द्र पांडे, मुख्य अभियंता डीबी सिंह, मुख्य वास्तुविद नियोजक संजीव कश्यप एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधि परामर्शदाता को सेवा विस्तार

विभिन्न न्यायालयों में लम्बित मुकदमों की पैरवी के लिए परिषद में तैनात विधि परामर्शदाता दीपक कुमार श्रीवास्तव और ओएसडी अशोक कुमार मिश्रा को एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया है। सचिव ने बताया कि परिषद की सुरक्षा व्यवस्था में उप्र पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के माध्यम से लगे भूतपूर्व सैनिकों को सेवा विस्तार का अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके अलावा सेवानिवृत्त सहायक अभियंता राजेश कुमार मेहतानी को एक वर्ष विस्तार दिया गया है।

## बड़े भाई के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**अयोध्या :** बड़े भाई की चाकू घोंप कर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से मंगलवार को हुआ। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना 26 जुलाई 2018 की शाम की है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मुराई टोला कस्बा भदरसा निवासी अनूप कुमार और उसके भाई अनिल कुमार से रंजिश को लेकर कहा सुनी हो रही थी। इसी बीच अनूप कुमार ने अपने भाई के पेट में चाकू घोंप दिया। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गए। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# कंटेनर से भिड़ी बरातियों की बोलेरो, तीन की मौत

संवाददाता, कलान (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** बरातियों से भरी बोलेरो की सोमवार रात नौगवां मुबारकपुर के पास सामने से आ रहे कंटेनर से भिड़ंत हो गई, जिससे तीन बरातियों की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। यह सभी मदनापुर गई बरात से लौट रहे थे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें एक की हालत गंभीर है।

क्षेत्र के अब्दुल्ला नगर मड़ैया निवासी जीवन की बरात सोमवार शाम को मदनापुर गई थी। द्वाराचार की रस्म पूरी होने के बाद बरातियों ने खाना खाया। इसके बाद शादी की आगे की रस्में शुरू हो गईं। कुछ बराती खाना खाकर बोलेरो से घर के लिए चल दिए। रात करीब दो बजे मुरादाबाद-कानपुर स्टेट हाईवे पर कलान क्षेत्र के नौगवां मुबारकपुर गांव के पास कलान की ओर से आ रहे कंटेनर से बोलेरो की भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में बोलेरो चालक मिर्जापुर के गांव भौरा नगला निवासी रजनीश, लक्ष्मनपुर निवासी रामदीन, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी नेत्रपाल उर्फ नेता की मौके पर मौत हो गई। जबकि लक्ष्मनपुर निवासी रमेश और डालचंद, अब्दुल्ला नगर मडैय़ा निवासी रवित, प्रेमपाल घायल हो गए।

## एक नजर

### सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित

अमृत विचार, लखनऊ : राज्य सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित हो गयी है। प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार के. रविंद्र नायक द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्यपाल द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-15 की उपधारा (3) के अन्तर्गत उप्र. सूचना आयोग में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद और राज्य सूचना आयुक्त के 10 पदों पर चयन की संस्तुति देने के लिए समिति गठित की गई है। इस समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। जबकि दो अन्य सदस्यों में विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शामिल हैं।

### 9 से शुरू हो सकती हैं पांच जिलों के लिए उड़ान सेवाएं

अमृत विचार , लखनऊ : लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित पांच जिलों के लिए 2 मार्च से शुरू होने वाली उड़ान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। अब इन्हें 8 या 9 मार्च को शुरू किया जा सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा हुई थी।

# अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

**50** महीनों में तैयार हो जाएगी पहली यूनिट

**56** महीनों में क्रियान्वित होगी दूसरी यूनिट

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए थे एमओयू

**मंत्रिमंडल बैठक**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे।

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी, जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयला एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा।



मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी व अन्य मंत्री। अमृत विचार

- प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपये
- 416.34 करोड़ से बनेगा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

**नोएडा में बोडाकी मल्टी मॉडल हब परियोजना का होगा विस्तार:** नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।

प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दादरी और बोड़ाकी के आसपास से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों को आसानी होगी। ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेल, मेट्रो, अंतर्राज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होंगी। इसके बनने से पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास रहने वालों को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएगी। उन्हें दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, अंतरराज्यीय और लोकल बस अड्डा बनेगा।

### इनको भी मिली मंजूरी

- कुशीनगर में महात्मा गौतमबुद्ध कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को ईपीसी मोड में निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी, 434 करोड़ 60 लाख से दिसंबर 2026 तक निर्माण करने का लक्ष्य।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि :शुल्क हस्तांतरण ।
- लखनऊ के केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन निर्माण, 377 करोड़ की लागत से निर्माण होगा, शिक्षण, प्रशिक्षण व चिकित्सा तीनो कार्य होंगे।
- पॉवर कॉर्पोरेशन के घाटमपुर में 660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल पॉवर की 3 यूनिट हेतु स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्रेशन में फीस छूट।
- जनपद लखनऊ में आउटर रिंगरोड के अंडर पास से पीएम मित्र टेक्सटाइल्स पार्क तक 4 लेन निर्माण (14.28 किमी)।
- आईआईएम लखनऊ से आउटर रिंग रोड अंडर पास हेतु 8.4 किमी के दो लेन चौड़ीकरण।
- उप्र राज्य आबकारी बकाया पर एक मुश्त समाधान योजना 2023-24 का प्रस्ताव।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी।

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा। नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने के लिए जिन लोगों ने पहले से धनराशि जमा की है उन्हें उनकी रकम ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी।
- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देगें। इससे नगरीय विकास को मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री इसकी गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष होंगे।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा। वैल्यू एडिशन और रोजगार बढ़ाने के काम आएगा। 11.95 करोड़ रुपये एक इनक्यूबेशन सेंटर पर खर्च होगा।
- आयुर्वेद निदेशालय, यूनानी निदेशालय, होमियोपैथी निदेशालय व उत्तरप्रदेश आयुर्वेदिक यूनानी एवं तिब्बती चिकित्सा पद्धति बोर्ड व उत्तरप्रदेश होमियोपैथी मेडिसिन बोर्ड (उक्त तीनो निदेशालय और दोनों बोर्ड) अब संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसके लिए नया पद सृजित किया जाएगा।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिको को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़, हायर बिडर को लेटर ऑफ कंफर्ट निर्गत किए जाने का अनुमोदन।
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा। 11 लाख मीट्रिक टन मक्का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। किसानों को बीज दिया जाएगा। साथ ही यंत्र भी दिया जाएगा।
- जनपद प्रयागराज में वीवीआईपी गेस्ट हाउस प्रस्ताव को मंजूरी, सिविल लाइंस क्षेत्र की 10,000 वर्गमीटर नजूल भूमि (नजूल भूखण्ड संख्या 112) राज्य संपत्ति विभाग पक्ष को हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास ।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।

# ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी से बढ़ेगा स्टार्टअप

- पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी के तहत राज्य सरकार प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देगी। इसके अंतर्गत उद्योग लगाने वालों को तमाम तरह के लाभ और प्रोत्साहन मिलेंगे। खासतौर पर अधिकतम 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्रति स्टार्टअप पांच वर्षों तक वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त इंक्यूबेटर को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

उल्लेखनीय है कि राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को ही ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ग्रीन हाइड्रोजन नीति के संचालन में यूपीनेडा नोडल एजेंसी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं की स्थापना के लिए 30 वर्ष अवधि हेतु ग्राम समाज, सरकारी भूमि पर लीज पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए लीज का मूल्य एक रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा तथा निजी निवेशकों के लिए यह 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा।

यह भूमि अस्थानांतरणीय होगी और यदि आवंटन होने के तीन वर्ष की समयावधि में भूमि ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं हेतु उपयोग में नहीं लाई जाती है तो भूमि अनिवार्य रूप से वापस ले ली जाएगी। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के तहत यूपीनेडा द्वारा सिंगल विंडो पोर्टल को निवेश मित्र से इंटरलिंक किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट को पर्यावरण अनापत्ति हेतु व्हाइट कैटेगरी स्टेटस प्रदान किया जाएगा। प्रदेश सरकार भूमि बैंक एवं जल की उपलब्धता हेतु आंकड़े तैयार करेगी एवं संभावित निवेशकों को आवश्यकतानुसार भूमि, जल एवं विद्युत पारेषण त्रंत उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान करेगी।

### दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी होगी स्थापना

ग्रीन हाइड्रोजन एवं इसके उत्पादों की उत्पादन लागत घटाने एवं नवीनतम तकनीकी विकास हेतु 2 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जिसमें शासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शतप्रतिशत एक मुश्त वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में अधिकतम 50 करोड़ रुपये तक दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा समय समय पर उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन इस नीति के प्राविधानिक प्रोत्साहन के अतिरिक्त माने जाएंगे एवं अनुमन्य होंगे। प्रदेश में वर्ष 2028 तक ग्रीन हाइड्रोजन/ग्रीन अमोनिया एक मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता का लक्ष्य है। कुल 5 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय प्राविधान इस नीति के क्रियान्वयन में किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर सुरक्षा रखें चाक-चौबंद: डीजीपी

- कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में न हो किसी प्रकार की लापरवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रदेश सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम किए जाने का निर्देश दिया है। इस बाबत मंगलवार को सभी एडीजी जोन, पुलिस कमिश्नर, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तानों से कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम के आयोजकों, शांति समितियों, शिविर प्रबंधकों आदि के साथ वरिष्ठ अधिकारी संवाद बनाकर रखें। उन्होंने कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने को ताकीद किया है।

डीजीपी ने निर्देश दिया है कि जलाभिषेक के लिए प्रस्तावित धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय तथा आवश्यकतानुसार एण्टी सेबोटॉज चेकिंग करायी जाय। क्यूआरटी टीमों को स्ट्रेटेजिक प्वाइंट पर तैयारी हालत में रखा जाये। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कांवड़ यात्रियों के आवागमन के मार्गो, संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाये तथा सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए प्रर्याप्त पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर राहत के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।रात्रि में किसी भी कांवड़ यात्रियों के साथ कोई मार्ग दुर्घटना न हो, इसके लिए विशेष पुलिस प्रबन्ध किये जाये।

# आगरा मेट्रो रेल परियोजना का पीएम मोदी आज करेंगे लोकार्पण

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का लोकार्पण बुधवार 06 मार्च की सुबह 10 बजे कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ताजमहल मेट्रो स्टेशन से आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

वे ताजमहल मेट्रो स्टेशन से ताज ईस्ट गेट मेट्रो स्टेशन तक आगरा मेट्रो में सफर करेंगे। सात मार्च से आम जनता आगरा मेट्रो सेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) के उप महाप्रबंधक, जनसंपर्क पंचानन मित्र ने बताया कि कुल लागत 8,379 करोड़ की आगरा मेट्रो परियोजना में 973 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। मेट्रो में बेहतरीन ब्रेक सिस्टम है। इससे विद्युत का उत्पादन होगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर में कुल 14 स्टेशन है। जिनमें से प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6 स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिनमें ताज पूर्वी गेट, कैप्टन शुभम गुप्ता, फतेहाबाद रोड मेट्रो स्टेशन एलिवेटेड है और ताजमहल, आगरा किला और मनःकामेश्वर मेट्रो स्टेशन भूमिगत हैं। अभी इन 6 मेट्रो स्टेशन के बीच में ही आगरा मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। सात मार्च से आम जनता आगरा मेट्रो ट्रेन में सफर कर सकेगी। इसके लिए उन्हें 10 रुपये से 30 रुपये तक प्रति यात्री किराया देना होगा।

# चुनाव में क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण साधने का विस्तार

- विस्तार के बाद अब भी मंत्रिमंडल में खाली हैं पांच सीटें
- कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य बनाए जा सकते हैं मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उप्र. मंत्रिमंडल विस्तार को क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों को भी साधने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार टलता रहा है लेकिन अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है।

हालांकि, विस्तार के बाद अब उप्र. मंत्रिमंडल में सिर्फ पांच सीटें खाली हैं। नियम के मुताबिक, किसी भी राज्य में विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य मंत्री बनाए जा सकते हैं। उप्र. विधानसभा में 404 सदस्य होते हैं। इस हिसाब से राज्य में 61 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

इससे अभी कयास ये भी लगाये जा रहे हैं कि लोकसभा चुनावों के परिणामों को देखते हुए एक बार मंत्रिमंडल में विस्तार किया जा सकता है।

### अनिल कुमार के पीछे सामाजिक समीकरण

हाल ही में सपा का साथ छोड़ कर एनडीए के साथ आयी रालोद के भी एक विधायक को मंत्री बनाए जाने के पीछे सामाजिक समीकरणों को साधना है। सहारनपुर के रहने वाले अनिल कुमार मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद के विधायक हैं। राजभर और दारा सिंह की तरह अनिल कुमार भी पहले बसपा में थे। अनुसूचित जाति के वोटों को साधने के अनिल कुमार को मंत्री बनाने की पहल की गई है

### राजनाथ और योगी के करीबी हैं सुनील शर्मा

मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुनील शर्मा साहिबाबाद से भाजपा के विधायक हैं। तीन बार से विधायक बन रहे शर्मा की गिनती ब्राह्मण नेताओं की जाती है। उन्हें योगी के अलावा राजनाथ सिंह का भी करीबी माना जाता है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने की कड़ी में सुनील शर्मा को भी मंत्री बनाया गया है।

### ओपी राजभर संभालेंगे पूर्वांचल के कई जिले

फिलहाल मंगलवार को कैबिनेट में शामिल चार नये चेहरों पर चर्चा की जाए तो इनके माध्यम से चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में सामाजिक समीकरणों को साधने की मंशा सामने आती है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक ओमप्रकाश राजभर को मंत्रीमंडल में शामिल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजभर बिरादरी को साधने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव में राजभर सपा के साथ थे, इससे गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर सहित इस क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। राजभर काफी दिनों से मंत्रीमंडल में शामिल होना चाह रहे थे। लोस चुनाव से पहले राजभर को मंत्री बनाकर भाजपा पूर्वांचल की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

### उप चुनाव में हारने के बावजूद दारा बने मंत्री

इसी तरह लोस. चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विस. चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया जिसमें वह हार गए। बावजूद इसके सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें एमएलसी बनाया फिर अब मंत्री भी बना दिया। पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं।

## वर्ग पहेली-1

**बाएं से दाएं**

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।



### वर्ग पहेली - 362 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| [1] ख़ि | | | [2] अ | | [3] सं |
| ल | | | नि | | वि |
| [4] क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | [5] वि | त | र | क |
| [6] पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | [7] झा | ल |

## सुडोकू-80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

**वृष:** आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मिथुन:** आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**सिंह:** आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

**कन्या:** आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला:** आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक:** आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु:** आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

**मकर:** आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

**कुंभ:** आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

**मीन:** आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
घातक — सुबह : 11.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

**Sony Pix**
एनाकोंडा — सुबह : 11.48
पैसिफिक रिम — दोपहर : 03.03

**Sony Max**
आंख मिचौली — सुबह : 10.11
दिल तो बच्चा है जी — शाम : 04.03

**Zee Cinema**
फोन भूत — सुबह : 10.50
बरसात — रात : 07.00

**Colors Cineplex**
देवदास — सुबह : 08.53
फोर्स 2 — रात : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5600-5800 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3900-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12000-12200 |
| चनादाल | 7150-7250 |
| मटरदाल | 5050-5150 |
| मसूरमलका | 6950-7050 |
| मसूरदाल | 7050-7150 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,800 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,800 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

### बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

# बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

### देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी



कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

## सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

# कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गईं मंडी समितियां

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे बरेली में ज्यादा परेशानी

**अमृत विचारः** जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

## पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

# क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

**छपरा, एजेंसी**

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

## राष्ट्रीय

# वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है: मोदी

### तेलंगाना की रैली में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री, 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।



नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। उन्होंने परिवार-आधारित पार्टियों के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन पार्टियों के नेताओं में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गयी है। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर जनता के पैसों से खुद के लिए धनराशि के संचय की निंदा की। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों के पास लूट का लाइसेंस होने की वैधता पर सवाल उठाया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**चंडीखोल (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, उनमें तेल और गैस, रेलवे, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं बिश्वेश्वर टुडु भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद




मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है।

देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 1.83 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ रुपये को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में डिजिटल मीडिया लगभग 95,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2023-26 के बीच संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं टीवी मीडिया 76,600 करोड़ रुपये का होगा। यह डिजिटल मीडिया से करीब 20 प्रतिशत से कम होगा।

फिक्की मीडिया एवं मनोरंजन समिति के चेयरमैन केविन वाज ने कहा-डिजिटल मीडिया 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। यह संभवतः टेलीविजन क्षेत्र को पीछे छोड़कर एम एंड ई क्षेत्र का अग्रणी खंड बन जाएगा। अनुमान है कि डिजिटल मीडिया में इस उछाल के साथ एम एंड ई क्षेत्र की वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना पहुंच जाएगी और यह 3.0 लाख करोड़ रुपये का पार कर जाएगा। इस मजबूत वृद्धि का कारण मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों को व्यापक रूप से अपनाना है।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

### एसबीआई को ढाल बना रही है सरकारः खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

## केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्टः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया



उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

## गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

**चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने उनके बयान निंदा की

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

## माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

## इस्तीफे के बाद अभिजीत ने भाजपा में शामिल होने का एलान किया

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ''भ्रष्टाचार का पर्याय'' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

# सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

**कोलकाता, एजेंसी**

### संदेशखालि मामला

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

### सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

### बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।





## सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

**पेरिस, एजेंसी**

### फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की।

मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह 8 मैचों में पांचवीं जीत है। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी 14वें स्थान पर हैं।

## मुंबई इंडियन्स को दिल्ली कैपिटल्स ने 29 रन से हराया

### कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली को मिली जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



कप्तान मेग लैनिंग और जेमिमा रोड्रिग्स के तूफानी अर्धशतकों के बाद शानदार गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी-20 मैच में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 29 रन से हराया।

दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 192 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियन्स की पारी को 8 विकेट पर 163 रन पर रोक दिया। दिल्ली की यह 5 मैचों में चौथी जीत है और टीम 8 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। मुंबई की टीम की यह दूसरी हार है। लैनिंग ने 6 चौके और 2 छक्के की मदद से 38 गेंद में 53 रन की पारी खेली। मौजूदा सत्र में तीसरे अर्धशतक के साथ उन्होंने 3 साझेदारियां की। प्लेयर ऑफ द मैच जेमिमा ने इसके बाद 33 गेंदों में 8 चौके और 3 छक्के लगाकर नाबाद 69 रन बनाए और टीम को 200 रन के करीब पहुंचाया। शेफाली वर्मा (28) और ऐलिस कैप्सी (19) ने भी आक्रामक पारियां खेली। मुंबई के लिए पूजा वस्त्राकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रही। उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। साइका इशाक, शबनीम इस्माइल और हेले मैथ्यूज विकेट लेने वाले अन्य गेंदबाज थे। मुंबई के लिए अमनजोत कौर ने 27 गेंद में 7 चौके की मदद से 42 रन बनाए। हेली ने 29 जबकि संजीवन सजना ने नाबाद 24 रन बनाए। दिल्ली के लिए जोस जेनासन ने 3 जबकि मरीजान कैप ने 2 विकेट लिए। शिखा पांडे, टिटास साधु और राधा यादव ने 1-1 विकेट चटकाए। लक्ष्य का बचाव करते हुए मरीजान कैप और शिखा पांडे ने शुरुआती दो ओवरों में क्रमशः यास्तिका भाटिया (6) और नैट सिवर ब्रंट (5) को चलता कर दिल्ली को शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से हेली ने 3 चौके जड़ मुंबई की रन गति को बढ़ाने की कोशिश की लेकिन मरीजान ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (6) को चलता किया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में जोनासन ने मैथ्यूज की 29 रन की पारी को खत्म किया। एमिलिया ने टिटास साधु के खिलाफ पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जेमिमा को कैच थमा बैठी जिससे मुंबई ने नौवें ओवर में 68 रन तक 5 विकेट गंवा दिए।

## खेल डायरी

### वेगनेर को संन्यास लेने पर मजबूर किया: रोस



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार बल्लेबाज रोस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वेगनेर को संन्यास लेने को मजबूर किया गया। वेगनेर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में संन्यास का ऐलान किया। उन्हें बताया गया था कि उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना जाएगा। वेगनेर हालांकि पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और ड्रिंक्स भी लेकर आए। टेलर ने कहा कि अब समझ में आ रहा है। उसे संन्यास लेने पर मजबूर किया गया। वेगनेर की प्रेस कांफ्रेंस सुने तो पता चलता है। वह संन्यास लेने वाला था लेकिन आखिरी टेस्ट के बाद। वह इस श्रृंखला के लिए उपलब्ध था। उसके बाद उसे चुना नहीं गया। भविष्य के लिए सोचना सही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में हर हालत में जीत के लिए मैं नील वेगनेर पर भरोसा करता। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चैन की सांस ले रहे होंगे कि वह टीम में नहीं है। वेगनेर को दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला के लिए चुना गया था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने उसे बता दिया था कि वह एक भी मैच नहीं खेलेगा।

### सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

### लक्ष्य चाहर भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय हैं। चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग में उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार मिली। दीपक भोरिया (51 किग्रा), नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) आगे नहीं बढ़ पाए। मोहम्मद हुसामुद्दीन और शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटे की दौड़ में हैं। भारत ने मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। सभी ने एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।

### नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।

## इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

### उस श्रृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह श्रृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद श्रृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस श्रृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस श्रृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की श्रृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह श्रृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई श्रृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

### अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद

अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।



### आंकड़ों का दुर्लभ संयोग

## अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

**धर्मशाला, एजेंसी**



ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को 5 मैचों की श्रृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलते दिखेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100वां टेस्ट खेला था। यह इकलौता मौका था जब 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज श्रृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।

### डोपिंग में ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना की सजा हुई कम

**लुसाने (स्विट्जरलैंड), एजेंसी।** दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप की अपील पर खेल की सर्वोच्च अदालत ने डोपिंग के खिलाफ उनके प्रतिबंध को कम कर टेनिस में वापसी की मंजूरी दे दी। खेल पंचाट ने कहा कि उसके न्यायाधीशों ने हालेप की अपील को आंशिक रूप से बरकरार रखा और उनके 4 साल के प्रतिबंध को घटाकर नौ महीने कर दिया। उनका प्रतिबंध जुलाई में समाप्त हो गया। फैसले में कहा कि हालेप ने प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन सप्लीमेंट के माध्यम से किया है।

## मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

### डब्लयूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, सोमवार को खेला गया बेंगलुरु सत्र का आखिरी मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा माहौल टूदेश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था।

भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।

## बॉलीवुड हलचल

### यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** निर्माता-निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।





### करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...'लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।



### अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी-सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।

### स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

### फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### हिमाचलः भूस्खलन की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में भूस्खलन की चपेट में आने से बिहार के दो मजदूरों की मौत हो गई। बता दें, पिछले सप्ताह से हो रही ताजा बर्फबारी और बारिश ने पहाड़ी हिस्सों में जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पुलिस ने मंगलवार को कहा- जिले में धरमपुर इलाके के गाहर गांव में सोमवार रात दोनों मजदूर घर में सो रहे थे, अचानक हुए भूस्खलन से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कहा- सुखारी मुखिया (31) और बासे मुखिया (46) मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### बर्फ के तूफान का कहर, कई इलाके 12 फीट तक बर्फ में दबे



**सेन फ्रांसिस्को।** तस्वीर अमेरिका में कैलिफोर्निया की है। वहां बर्फ का भीषण तूफान आया है।। हवा की रफ्तार 306 किमी प्रति घंटे तक रही। साथ ही हर घंटे 6 6 इंच से अधिक बर्फबारी हो रही है।। कुछ इलाकों में तो 12 फीट से अधिक ऊंचाई तक बर्फ जमा है। इससे यातायात बाधित है। मैमथ माउंटेन क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई। इस कारण वहां स्की रिजॉर्ट को बंद कर दिया गया। राज्य के करीब 2 .3 लाख लोगों के यहां बिजली गुल है।

### यूक्रेन ने नष्ट किया अरबों की कीमत वाला रूस का युद्धपोत

**कीव।** यूक्रेन ने रूस के एक और युद्धपोत को समुद्र में डुबोने का दावा किया है। उसने मंगलवार को कहा कि उच्च तकनीक वाले समुद्री ड्रोन का उपयोग करके काला सागर में क्रीमिया के पास रूसी युद्धपोत को डुबो दिया गया। यूक्रेन की ओर से यह दावा ऐसे समय किया गया है, जब उसकी सेना अग्रिम मोर्चे पर लक्ष्यों को लगातार निशाना बना रही है। हालांकि रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन के इस दावे की पुष्टि नहीं की है। यूक्रेन ने फरवरी में भी दो रूसी युद्धपोतों को डुबोने का दावा किया था।

### लक्षद्वीपः मिनिकॉय द्वीप पर भारतीय नौसेना का नया बेस आज से शुरू

**नई दिल्ली।** हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद के तहत भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु बनाने जा रही है। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में मिनिकॉय में आईएनएस जटायु के रूप में नौसैनिक टुकड़ी को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आईएनएस जटायु की स्थापना द्वीपों में भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा।

# पराग समेत एक्स के कई पूर्व अफसरों ने मस्क पर किया केस

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- वेतन को लेकर हुआ विवाद, 12.8 करोड़ डॉलर न देने पर एक्स के मालिक पर लगाया आरोप



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) के पूर्व सीईओ पराग अग्रवाल और एक्स के कई पूर्व शीर्ष अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है। विवाद नौकरी से निकाले जाने के बाद हर्जाने के तौर पर दिए जाने वाले वेतन को लेकर है।

पराग अग्रवाल के अलावा जिन अन्य लोगों ने एलन मस्क के खिलाफ मुकदमा किया है, उनमें नेड सीगल, एक्स के पूर्व सीएफओ, विजया गड्डे, एक्स की पूर्व चीफ लीगल ऑफिसर और सीन एजेट, एक्स के पूर्व जनरल काउंसल का नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पराग अग्रवाल समेत चारों अधिकारियों ने एलन मस्क के खिलाफ 12.8 करोड़ डॉलर के विच्छेद वेतन (सेवेरेंस सैलरी) न देने के आरोप लगाए हैं।

इन अधिकारियों को एलन मस्क द्वारा एक्स का अधिग्रहण करने के बाद नौकरी से निकाल दिया गया था। मस्क ने अधिकारियों पर काम में लापरवाही बरतने और गलत आचरण के चलते नौकरी से निकाला था। हालांकि इन अधिकारियों ने मस्क के आरोपों से इनकार किया था।

## पाकिस्तानः मोदी ने शहबाज को प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को शहबाज शरीफ को दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए शहबाज शरीफ को शुभकामनाएं दी है।

दरअसल, बीते सोमवार को शहबाज के पीएम पद की शपथ के बाद भारत की ओर से बधाई संदेश न मिलने पर कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं, लेकिन फिलहाल उन सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है। 2022 में जब शहबाज शरीफ पहली बार प्रधानमंत्री बने थे, तब भी पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी थी।




# के पहले पूरे कर लें ये जरूरी काम

इस महीने वित्त वर्ष समाप्त हो रहा है। 31 मार्च से पहले अपने फाइनेंशियल और टैक्स प्लानिंग से संबंधित सभी जरूरी काम पूरे कर लेने चाहिए। आइये जानते हैं कौन से महत्वपूर्ण काम ये महीन खत्म होने से पहले निपटा लेना जरूरी है।

### चेक करें ईसीएस डेबिट



इंश्योरेंस प्रीमियम, एसआईपी, हाउसिंग लोन इंस्टॉलमेंट आदि आमतौर पर ईसीएस के द्वारा बैंक खाते से डेबिट होते हैं। अगर किसी तकनीकी कारण से ईसीएस डेबिट नहीं हो पाई हो या चेक से भुगतान की दशा में चेक बाउंस हो गया हो तो करदाता इनका क्लेम नहीं ले सकता है।




- पुरानी सैलरी डिटेल सबमिट करें वित्त वर्ष के दौरान अगर जॉब चेंज किया है तो मौजूदा नियोक्ता के पास फॉर्म 12बी में पुराने नियोक्ता से प्राप्त सैलरी की डिटेल सबमिट करें। नहीं तो हो सकता है कि दोनों नियोक्ता इनकम टैक्स बेसिक एक्सम्पशन लिमिट की छूट दे दें। ऐसी डिटेल नहीं देने पर रिटर्न दाखिल करते समय ब्याज सहित टैक्स का भुगतान करना पड़ सकता है।
- एक्सपेंस प्रूफ सबमिट करें कर्मचारी को हाउस रेंट अलाउंस या लीव ट्रैवल कंसेशन जैसी कुछ छूट खर्च करने पर ही मिलती हैं। 31 मार्च से पहले ऐसे बिल सबमिट कर इनका डिडक्शन क्लेम किया जा सकता है।
- यदि आपने अभी तक फास्टैग केवाईसी की प्रक्रिया पूरी नहीं की है तो नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने इसकी डेडलाइन को बढ़ाकर 31 मार्च कर दी है। अगर आप 31 मार्च तक फास्टैग केवाईसी नहीं करते हैं तो बाद में आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट हो सकता है।



### पीपीएफ, एनपीएस खातों में न्यूतम राशि




यदि साल भर में पीपीएफ और एनपीएस खातों में कोई भी रकम जमा नहीं की है तो इस दशा में ये एकाउंट्स डोरमेट याने निष्क्रिय हो सकते हैं। ऐसे खाते सक्रिय बनाये रखने के लिए 31 मार्च के पहले इनमें 500 रुपए की न्यूनतम राशि जमा करा दें। बता दें, खाताधारक को नॉमिनेशन की प्रक्रिया को जरूर पूरा करना चाहिए। अकाउंट खोलने के लिए आपको फॉर्म-ए और नॉमिनेशन की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए फॉर्म-बी भरना जरूरी है। इससे बाद खाताधारक की मृत्यु हो जाने की स्थिति में खाते में जमा राशि को क्लेम करने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी।

### यूएन में स्थायी प्रतिनिधि रूचिरा ने गाजा में संघर्ष को लेकर जताई गहरी चिंता

# भारत द्विराष्ट्र समाधान का समर्थक बिना शर्त हो बंधकों की रिहाईः कंबोज

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

इजराइल-हमास के बीच पिछले पांच महीने से चल रहे युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने प्रतिक्रिया दी।



उन्होंने गाजा की स्थिति को लेकर चिंता जाहिर की। साथ ही उन्होंने नागरिकों की मौत की कड़ी निंदा की।

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां इजराइल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए फिलिसतीनी एक स्वतंत्र देश में खुलकर जी सकें। वीटो के इस्तेमाल पर सोमवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कंबोज ने कहा कि संघर्ष पर भारत की स्थिति स्पष्ट रही है और कई मौकों पर यह कहा गया है। उन्होंने कहा, दोनों पक्षों के बीच सीधी और सार्थक बातचीत के जरिए हासिल किया गया केवल दो राष्ट्र समाधान ही स्थायी शांति ला सकेगा। भारत दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजराइल की सुरक्षा जरूरतों का सम्मान करते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में खुलकर रह सकें। भारत के स्थायी दूत ने तनाव को कम करने का अनुरोध किया।

उन्होंने कहा, 'स्थायी समाधान पर पहुंचने के लिए हम हिंसा करने से बचने, सभी बंधकों को रिहा करने, उकसावे वाली कार्रवाइयों से बचने और सीधी शांति वार्ता जल्द शुरू करने की स्थितियां बनाने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हैं। उन्होंने कहा, 'जंग पर भारत का रुख स्पष्ट रहा है और हमने यह कई मौकों पर कहा भी है।

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष के कारण बड़े पैमाने पर नागरिक जीवन, विशेषकर महिलाओं और बच्चों का नुकसान हुआ है। जैसा कि मैंने पहले उल्लेख किया है, इसके परिणामस्वरूप एक खतरनाक मानवीय संकट भी पैदा हुआ है। यह स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य है।

### इजराइल में रहने वाले भारतीयों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत

इजराइल में भारतीय दूतावास ने मंगलवार को एक एडवाइजरी जारी की है। जिसमें सीमा क्षेत्रों में काम करने वाले अपने नागरिकों से मौजूदा परिस्थितियों के कारण देश के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने का आग्रह किया गया है। दूतावास ने अपनी एडवाइजरी में कहा, मौजूदा सुरक्षा स्थिति और स्थानीय सुरक्षा सलाह के मद्देनजर, इजराइल में सभी भारतीय नागरिकों, विशेष रूप से उत्तर और दक्षिण में सीमावर्ती क्षेत्रों में काम करने वाले या आने वाले लोगों को, इजरायल के भीतर सुरक्षित क्षेत्रों में स्थानांतरित होने की सलाह दी जाती है। यह सलाह ऐसे समय में जारी की गई है जब एक दिन पहले लेबनान से हिजबुल्लाह आतंकवादियों द्वारा दागी गई एंटी-टैंक मिसाइल के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी और दो अन्य घायल हो गए थे। यह मिसाइल इजरायल के उत्तरी सीमावर्ती मार्गालियोट समुदाय के पास एक बगीचे में गिरी थी। इस हमले के तीनों पीड़ित केरल के थे। भारत में इजरायल दूतावास ने लेबनान द्वारा की गई टैंक रोधी गोलीबारी को कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला बताया और शोक संतप्त परिवारों के लिए प्रार्थना की। नई दिल्ली में इजराइली दूतावास ने कहा, हमले के कारण एक भारतीय नागरिक की मौत और दो अन्य के घायल होने से गहरे सदमे में हैं और दुखी हैं।

## पीटीआई ने नई सरकार को बताया फर्जी, 10 को देशव्यापी प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने 'जनादेश की चोरी' के खिलाफ 10 मार्च को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। पार्टी पिछले महीने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है।



पीटीआई जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी है।

पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने पत्रकारों से बात कही। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी राजनीतिक ताकतों को एकजुट करेंगे और कानून व संविधान के दायरे में आंदोलन शुरू करेंगे। मीडिया के मुताबिक, नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर कैसर ने कहा कि वे सभी प्रांतों में सड़कों पर उतरने की योजना बना रहे हैं, ताकि उनकी मांगें पूरी हो सकें।" कैसर ने कहा, "हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभी राजनीतिक ताकतों को एक साथ लाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन करेंगे।

# 10 मई के बाद देश में भारतीय सेना नहीं रहेगी मौजूद : मुइज्जू

**माले (मालदीव), एजेंसी**

- मुइज्जू बोले-कोई भी भारतीय सैनिक मालदीव में सादे कपड़ों में भी मौजूद नहीं रहेगा



भारत विरोधी बयानबाजी तेज करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने कहा कि उनके देश में 10 मई के बाद एक भी भारतीय सैन्य कर्मी मौजूद नहीं रहेगा, यहां तक कि सादे कपड़ों में भी नहीं। मीडिया में आई एक खबर में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मुइज्जू का यह बयान तब आया है जब एक सप्ताह से भी कम समय पहले भारत की असैन्य टीम मालदीव में एक उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर का संचालन करने वाले सैन्यकर्मियों की जगह लेने वहां पहुंची थी। मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्यकर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समयसीमा तय की थी।

मीडिया के अनुसार, उन्होंने द्वीप के इधाफुशी आवासीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों को देश से बाहर निकालने में उनकी सरकार की सफलता के कारण झूठी अफवाहें फैला रहे लोग स्थिति को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं। मीडिया ने चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू के हवाले से कहा, यह कहना कि ये लोग (भारतीय सेना) देश छोड़कर जा नहीं रहे हैं, वे सादे कपड़े पहनकर अपनी वर्दी बदलने के बाद वापस लौट रहे हैं। हमें ऐसे विचार नहीं लाने चाहिए जो हमारे दिलों में संदेह पैदा करें और झूठ फैलाएं। उन्होंने कहा, ''10 मई के बाद देश में कोई भारतीय सैनिक मौजूद नहीं रहेगा। न ही वर्दी में और न ही सादे कपड़ों में। भारतीय सेना किसी भी तरह के कपड़ों में इस देश में नहीं रहेगी। मैं विश्वास के साथ यह कहता हूं। उन्होंने यह बयान ऐसे दिन दिया है जब उनके देश ने निशुल्क सैन्य सहायता हासिल करने के लिए चीन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले, मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत इस द्वीपीय देश में तीन विमानन प्लेटफॉर्म में अपने सैन्यकर्मियों को बदलेगा और इस प्रक्रिया का पहला चरण 10 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

### बद्रीनाथ धाम ने ओढ़ी बर्फ की चादर...





**चमोली :** उत्तराखंड में पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी हुई। इस दौरान चमोली जिले में स्थित बद्रीनाथ धाम के कपाट भी बर्फ की सफेद चादर से ढक गए। चमोली स्थित बद्रीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। ताजा बर्फबारी से बद्रीनाथ धाम में लगभग दो फीट तक बर्फ जम गईं। अन्य उंचाई वाले स्थान हिमपात के बाद बर्फ की मोटी सफेद चादर में लिपट गए जबकि निचले इलाकों में बर्फबारी से ठिठुरन और बढ़ गई है। ● एजेंसी

## देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होताः विदेश मंत्री जयशंकर

**सियोल, एजेंसी**

- दक्षिण कोरिया में भारतीय प्रवासियों से मिले विदेश मंत्री



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि वह युग जब कुछ ताकतों ने वैश्विक व्यवस्था को पुनर्निधारित करने में अत्यधिक प्रभाव का प्रयोग किया था, अब वह बीत चुका है इसलिए भारत और दक्षिण कोरिया की इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान करने की जिम्मेदारी बढ़ती जा रही है।

बता दें, विदेश मंत्री एस जयशंकर तीन दिनों के एशिया के दौरे पर हैं। इसी क्रम में वे दक्षिण कोरिया और भारत के बीच 10वीं संयुक्त आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए सियोल पहुंचे। जयशंकर ने दक्षिण कोरिया में रहने वाले भारतीय प्रवासियों से भी मुलाकात की। सियोल में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने देश की प्रगति में उनके योगदान को सराहा।

उन्होंने कहा कि अपने देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता। जो लोग विदेश में रहते हैं वे जानते हैं कि उनके दिल और दिमाग का एक बड़ा हिस्सा हमेशा भारत में रहता है। विदेश मंत्री ने कहा कि आप सभी अलग-अलग तरीकों से हमारे देश की प्रगति में योगदान देते हैं।

# हिंद-प्रशांत में नहीं दिखाएगा कोई ताकत

**पणजी, एजेंसी**

- राजनाथ ने चीनी सैन्य आक्रामकता पर दिया संदेश, बोले- सहयोगी देशों की मदद कर रही नौसेना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के सैन्य शक्ति दिखाने के संदर्भ में परोक्ष संदेश देते हुए कहा कि भारतीय नौसेना यह सुनिश्चित कर रही है कि कोई भी सशक्त आर्थिक और सैन्य ताकत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अन्य देशों पर अपना प्रभुत्व नहीं जमा पाए या उनकी संप्रभुता के लिए खतरा बन जाए।

नौसेना यह भी पक्का कर रही है कि कोई भी यहां पर वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश नहीं कर पाए। गोवा में मंगलवार को एक कार्यक्रम पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंद-प्रशांत के सभी पड़ोसी देशों को उनकी स्वयत्तता और संप्रभुता कायम रखने में मदद दी जाएगी। गोवा स्थित नेवल वार कालेज की नई इमारत के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना पूरी तरह तैयार है। वह हिंद महासागर के तटीय देशों को पूरी सुरक्षा प्रदान कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खतरों को आंकने और उनसे निपटने का तरीका बदल गया है। पहले सरकारों का पूरा फोकस जमीन पर स्थित सीमाओं को ही सुरक्षित करने पर पूरा जोर रहता था। लेकिन जल क्षेत्र के खतरों को इतना महत्व नहीं दिया जाता था।

नये भारत के रणनीतिक विचारों में बदलाव पर सिंह ने कहा कि एक समय में हमें चारों ओर से जमीनी सीमाओं से घिरा देश माना जाता था, लेकिन अब भारत को जमीनी सीमाओं के साथ समुद्र से घिरे देश के रूप देखा जाता है। रक्षा मंत्री ने कहा, "भारत की बढ़ती ताकत का लक्ष्य हिंद महासागर में दबदबा कायम करना नहीं है, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि का महौल बनाना है।" सिंह ने यह भी कहा कि अगर भारत प्रगति करता है तो उसके आसपास के क्षेत्र भी प्रगति करेंगे।

## भारतीय सेना का प्रशिक्षु विमान खेत में गिरा, पायलट घायल

**गया, एजेंसी**



तकनीकी खराबी के कारण अचानक सेना का प्रशिक्षु विमान गांव के खेत में गिर गया। विमान के गिरते ही ग्रामीणों के बीच अफरातफरी का माहौल मच गया। कुछ ही देर में विमान को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना गया जिले के बोधगया थाना क्षेत्र अंतर्गत बगदाहा गांव की है।

इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि बगदाहा गांव में सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट का इंजन अचानक फेल हो जाने के कारण क्रैश होकर खेत में गिर गया। एयरक्राफ्ट पर दो पायलट सवार थे। लेकिन इस घटना में दोनों पायलटों को मामूली चोटें आईं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विमान का प्रशिक्षण देने के लिए दो पायलट गया के ओटीए से उड़ान भरे थे। जैसे ही एयरक्राफ्ट बोधगया के बगदाहा गांव के पास पहुंचा, अचानक तेज आवाज के साथ जा गिरा। उस दौरान थोड़ी देर के लिए गांव के ग्रामीणों के बीच अफरातफरी मच गई। गिरने के बाद सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ लग गई। हालांकि घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर सेना के अधिकार पहुंच गए। फिलहाल क्षतिग्रस्त एयरक्राफ्ट को प्लास्टिक कवर से ढक कर वापस कैंप ले जाने की तैयारी में जुट गए है। घटनास्थल पर मौजूद सेना के एक अधिकारी ने ऑफ द रिकॉर्ड बताया कि माइक्रो एयरक्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए उड़ान भरा था।

**विज्ञान** नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में जेम्स टेलिस्कोप की नजर, जुलाई से शुरू होगी खोज

# ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी के अब खुलेंगे रहस्य

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांडीय खोज की दुनिया में खगोलविदों ने अपने लिए नए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। जिसकी पूर्ति जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप से होगी। लक्ष्य में ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी को शामिल किया गया है। इस वर्ष जुलाई से अगले वर्ष जून के बीच खगोलीय खोज की दुनिया में नए आयाम स्थापित हो सकेंगे।

ब्लैक होल, एक्सोमून व डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में छिपे वह रहस्य हैं, जिनके बारे में विज्ञान आज भी अनभिज्ञ है। हालांकि ब्लैक होल के बारे में काफी कुछ जानकारी है, जो वैज्ञानिक दृष्टि से पर्याप्त नही है। बड़ी बात यह है कि ब्लैक होल ब्रह्मांड की अदृश्य महाशक्ति है। लिहाजा इसके बारे में प्रत्येक जानकारी बेहद जरूरी है। जिस कारण ब्लैक होल को भी लक्ष्य में रखा गया है।

एक्सोमून (बाहरी ग्रहों के चंद्रमा) की बात करें तो अभी तक इस दिशा में खोज का आंकड़ा शून्य है। यह स्वाभाविक है कि दूसरे तारों के अपने ग्रह हैं तो उनके उपग्रहों की भी अलग दुनिया होगी। जिनके बारे में हम कुछ नही जानते। यह भी संभव है कि किसी ब्रह्मांड के किसी एक्सोमून में ही जीवन हो। जिसके चलते एक्सोमून की खोज को पहली बार लक्ष्य बनाया गया है। डार्क एनर्जी की बात करें तो यह वह शक्ति है जो ब्रह्मांड के बड़े हिस्से में अपना वर्चस्व रखता है। मगर आज तक इसके बारे में हम अंजान हैं। लंबे समय से इस महाशक्ति पर शोध किये जा रहे हैं। मगर इसकी वास्तविकता का पता नही लग सका है। मगर जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप इस दिशा में गूढ़ रहस्यों का पर्दाफाश कर पाएगी।



जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप के साथ ब्लैक होल व एक्सोप्लानेट की काल्पनिक तस्वीर।

### जुलाई से जून 2025 तक दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

नासा के स्पेस टेलेस्कोप साइंस इंस्टीट्यूट ने जुलाई 2024 से जून 2025 के बीच का समय निर्धारित किया है। यह टेलेस्कोप 5500 घंटे खोज करेगी। इस कार्य में दुनिया के कई देशों के वैज्ञानिक शामिल होने रहे हैं। जेम्स वेब स्पेस टेलिस्कोप अंतरिक्ष में पृथ्वी से 15 किमी की दूरी पर स्थित है, जो आधुनिक खगोल विज्ञान की विशाल आंख है और अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है। यह टेलेस्कोप अभी तक कई कीर्तिमान स्थापित कर चुकी है और अब इसकी अगली रोचकपूर्ण खोज को लेकर दुनिया के वैज्ञानिको की नजरें इस पर रहेंगी।

# भारत का पुनरुत्थान कायम रहेगा, यहां से पीछे नहीं हटेगा

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- स्टैनफोर्ड विवि में छात्रों से बोले शीर्ष कोर्ट के वकील



सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों से कहा कि भारत का पुनरुत्थान, जो भूराजनीति, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक सहित कई कारकों का परिणाम रहा है, कायम रहने वाला है और देश यहां से पीछे नहीं हटने वाला है।

सुप्रीम कोर्ट के वकील और लेखक जे साई दीपक स्टैनफोर्ड इंडिया डायलॉगः द लीडर्स ऑफ टुमॉरो में छात्रों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'सच्चाई यह है कि सत्तर, अस्सी और नब्बे के दशक की पीढ़ी भारत को एक रोमांचक कहानी के रूप में देख रही है। अब वे इसका हिस्सा बनना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि स्वागत योग्य है। यह शानदार है। मुझे निश्चित रूप से विश्वास है कि भारत के अतीत में पुनरुत्थान एक एकल परिवर्तनीय समीकरण नहीं है। यहां कई कारक हैं जैसे भू-राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और न जाने क्या-क्या। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह यहां रहने के लिए है और मुझे लगता है कि यह यहां से वापस नहीं जा रहा है।' बता दें, दिनभर चलने वाले सम्मेलन का आयोजन स्टैनफोर्ड इंडिया पॉलिसी एंड इकोनॉमिक्स क्लब (एसआईपीईसी) ने मोटवानी जडेजा फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किया था।